सच, सिर्फ सच

**

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 01 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 31, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 741 अंकों की उछाल

बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 741 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी 23,500 अंक का स्तर पार कर गया। } 14

राष्ट्रपति पर सोनिया की टिप्पणी अपमानजनक : नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति को संदर्भित करने के लिए घटिया बात जैसे शब्द का उपयोग किया जाना बेहद अपमानजनक है। } 14

सीएम योगी ने अयोध्या का किया हवाई सर्वेक्षण

जिला संवाददाता



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या का हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आकाश मार्ग से राम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी और सरयू के घाट की सुरक्षा व्यवस्था देखी।

गौरतलब है कि प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के पहले और बाद में बड़ी संख्या में श्रद्धालु लगातार अयोध्या पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए धरातल पर सीएम योगी के अधिकारी उतरे हुए हैं। मुख्यमंत्री की ओर से अयोध्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं की भीड़ की आसमान से निगरानी और आकलन किया गया। महाकुंभ मेले से लौट रहे श्रद्धालुओं की भीड़ से अयोध्या पटी हुई है। शुक्रवार को भी रामनगरी में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन- पूजन किया। इसी बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या का हवाई सर्वेक्षण कर मेला व्यवस्था की जानकारी ली है। अयोध्या में कमिश्नर गौरव दयाल और आईजी प्रवीण कुमार समेत अन्य आला अधिकारी जमे हुए हैं और मेला क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। बसंत पंचमी के स्नान के बाद यानी पांच फरवरी तक अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ के उमड़ने की संभावना है। जिसके चलते सरकार कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते है और अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था का इंतजाम किया जा रहा है।

भाजपा के तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से हो रहा काम : मुर्मू

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के इस तीसरे कार्यकाल में तीन गुना अधिक गति से काम हो रहा है तथा अर्थव्यवस्था को पॉलिसी पैरालिसिस (नीतिगत पंगुता) जैसी परिस्थितियों से उबारने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति दिखाई गई है।

बजट सत्र की शुरुआत में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने यह भी कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव और वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे कानूनों पर तेज गति से कदम आगे बढ़ाया गया है। मुर्मू ने कहा कि भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नयी ऊर्जा दे रही है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी तथा महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया। उन्होंने सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा, सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। राष्ट्रपति ने अपने लगभग एक घंटे के अभिभाषण में कहा, सरकार ने अर्थव्यवस्था को पॉलिसी पैरालिसिस जैसी परिस्थितियों से उबारने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति के साथ काम किया है। कोविड और उसके बाद के हालात एवं युद्ध जैसी वैश्विक चिंताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जो स्थायित्व दिखाया है, वह उसके सशक्त होने का प्रमाण है। उन्होंने कहा मेरी सरकार ने कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव और वक्फ संशोधन विधेयक जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर तेज गति से कदम आगे बढ़ाया गया है। उल्लेखनीय है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों पर इन दिनों संसद की एक संयुक्त समिति विचार कर रही है, वहीं वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

आरोपी को पकड़ने गयी पुलिस टीम पर हमला

देवरिया। जिले में बरियारपुर थाना क्षेत्र के सुरौली गांव में एक आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया जिसमें एक उप निरीक्षक व सिपाही घायल हो गए। हमला करने के बाद लोगों ने आरोपी को जबरन छुड़ा लिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस टीम पर हमला होने की जानकारी मिलते ही कई थानों के पुलिस बल ने न केवल आरोपी को पुनः गिरफ्तार किया बल्कि उसके घर पर खड़ी मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर ट्राली भी उठा ले गए। इस मामले में अन्य छह लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी कंचन राय ने बताया कि बरियारपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अहिलवार का रहने वाला पंकज गुप्ता चेक बाउंस मामले में आरोपी था और पुलिस को उसकी तलाश थी। थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार की शाम बरियारपुर थाने के दारोगा वरुण सिंह व सिपाही अमर सिंह सुरौली में किसी मामले की जांच करने जा रहे थे, तभी उन्हें पंकज गुप्ता दिख गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

डंपर की टक्कर से वैन सवार आठ की मौत

गाजीपुर (उप्र)। गाजीपुर जिले के नंदगंज क्षेत्र में शुक्रवार को डंपर की टक्कर लगने से वैन सवार आठ लोगों की मौत हो गई तथा 11 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जिलाधिकारी आर्यका अखोरी ने बताया कि गोरखपुर जिले के बांसगांव थाना क्षेत्र के हल्दीचौक गांव के रहने वाले कुछ लोग प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करके एक वैन से वापस गोरखपुर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि दोपहर में रेवसा गांव में एक डंपर ने वैन को टक्कर मार दी जिससे लोग सड़क पर गिर गए और डंपर ने उन्हें कुचल दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में अमर सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, पुष्पा यादव, नित्या सिंह तथा दो अज्ञात लोगों की मृत्यु हो गई।

गरीब, मध्यम वर्ग के लिए हितकारी होगा बजट

नवोन्मेष, समावेशिता और निवेश देश की आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली, 31 जनवरी (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में आम बजट पेश होने से एक दिन पहले अपनी सरकार के दृष्टिकोण को सामने रखते हुए शुक्रवार को संकेत दिया कि इस दफा गरीबों और मध्यम वर्ग के साथ-साथ महिलाओं के लिए नई पहलों की घोषणा की जा सकती है।

संसद के बजट सत्र के पहले दिन मोदी ने मीडिया को दिए अपने पारंपरिक संबोधन की शुरुआत धन और समृद्धि से जुड़ी देवी लक्ष्मी को प्रणाम करते हुए की और यह प्रार्थना भी की कि आगामी आम बजट के मद्देनजर देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्ग पर माता लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे। धार्मिक और सांप्रदायिक मतभेदों से मुक्त महिलाओं के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय बजट सत्र के दौरान लिए जाएंगे। उन्होंने महिलाओं की गरिमा स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया, जो सत्तारूढ़ भाजपा के कल्याणकारी उपायों के केंद्र में रही हैं। नवोन्मेष, समावेशिता और निवेश को देश की आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार करार देते हुए मोदी ने कहा कि इस सत्र में हमेशा की तरह कई ऐतिहासिक विधेयकों पर चर्चा होगी और व्यापक मंथन के साथ वे राष्ट्र की ताकत बढ़ाने वाले कानून बनेंगे। उन्होंने कहा विशेषकर नारी शक्ति के गौरव को पुनः प्रस्थापित करना, पंथ संप्रदाय के भेद से मुक्त होकर के हर नारी को सम्मानपूर्ण जीवन मिले, उसको भी समान अधिकार मिले, उस दिशा में इस सत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र में अपने संबोधन में गरीबों और मध्यम वर्ग पर केंद्र सरकार के ध्यान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, आज, राष्ट्र गरीबों, मध्यम वर्ग, युवाओं, महिलाओं और किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए असाधारण गति से लागू किए जा रहे प्रमुख निर्णयों और नीतियों का गवाह बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 2014 के बाद यह पहली बार है जब संसद का सत्र शुरु होने से पहले विदेश से कोई चिंगारी भड़काने की कोशिश नहीं की गई।

संसद के बजट सत्र के पहले दिन मीडिया के समक्ष अपने पारंपरिक संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, मैं 2014 से देख रहा हूं कि हर सत्र से पहले शरारत करने के लिए लोग तैयार बैठते थे और यहां उन्हें हवा देने वालों की कोई कमी नहीं है। 10 साल बाद यह पहला सत्र मैं देख रहा हूं, जिसमें किसी भी विदेशी कोने से कोई चिंगारी नहीं भड़काई गई। शनिवार को पेश होने जा रहे, अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट से पूर्व मोदी ने यह प्रार्थना भी की कि आगामी आम बजट के मद्देनजर देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्ग पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में संसद का यह बजट सत्र देशवासियों में एक नया विश्वास पैदा करेगा और उन्हें नई ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सर्वांगीण विकास के लिए अपने तीसरे कार्यकाल में मिशन मोड में काम कर रही है। साथ ही उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि नवोन्मेष, समावेश और निवेश ने सरकार के आर्थिक एजेंडे को आकार दिया है।

उन्होंने कहा मेरे तीसरे कार्यकाल का यह पहला पूर्ण बजट है। मैं विश्वास से कह सकता हूं कि 2047 में जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे, तब तक विकसित भारत का जो संकल्प देश ने लिया है, यह बजट सत्र और यह बजट उसमें एक नया विश्वास पैदा करेगा और नई ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने कहा मैं आशा करता हूं कि हम देश की आशाओं-आकांक्षाओं के इस बजट सत्र में खरे उतरेंगे। मीडिया से मुखातिब प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी को प्रणाम करके की और बजट सत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे अवसर पर सदियों से हमारे यहां मां लक्ष्मी का पुण्य स्मरण किया जाता है। उन्होंने कहा, मां लक्ष्मी हमें सिद्धि और विवेक देती हैं। समृद्धि और कल्याण भी देती हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्गीय समुदाय पर मां लक्ष्मी की ...शेष पृष्ठ 14 पर

जेल में बंद अब्बास अंसारी ने जतायी जान के खतरे की आशंका

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी ने मुठभेड़ में मारे जाने की आशंका जताते हुए, गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में निचली अदालत की कार्यवाही में वीडियो कांफ्रेंस के जरिये उपस्थित होने की अनुमति देने का अनुरोध शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से किया।

अंसारी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के टिकट पर राज्य के मऊ निर्वाचन क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सूचित किया कि वह (अब्बास) कासगंज की जेल से वीडियो कांफ्रेंस के जरिये अदालत में पेश हो रहे थे, लेकिन यह सुविधा बंद कर दी गई है। पिछले साल, बांदा जेल में दिल का दौरा पड़ने के बाद पांच बार विधायक रहे मुख्तार अंसारी को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सिब्बल ने कहा, कृपया मुझे अदालती कार्यवाही में वीडियो-कॉन्फ्रेंस के ...शेष पृष्ठ 14 पर

प्रयागराज पहुंचा न्यायिक जांच आयोग

सीसीटीवी फुटेज व टोपोग्राफी के आधार पर होगी हादसे की सघन जांच

विशेष संवाददाता

महाकुंभ नगर। महाकुंभ भगदड़ की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने शुक्रवार को कहा कि सीसीटीवी फुटेज और घटनास्थल की टोपोग्राफी के आधार पर हादसे की सघन जांच की जाएगी।

महाकुंभ भगदड़ की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग शुक्रवार को प्रयागराज में संगम नोज स्थित घटनास्थल पर पहुंचा और अधिकारियों से जानकारी ली। इसके बाद आयोग के सदस्यों ने एसआरएन अस्पताल में भर्ती घायलों से पूछताछ की। सरकार द्वारा ...शेष पृष्ठ 14 पर

घुसपैठ की कोशिश नाकाम लश्कर के दो आतंकी ढेर

जम्मू। सेना ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के रास्ते घुसपैठ करने की एक कोशिश को नाकाम कर दिया और भारी हथियारों के साथ सीमा पार करने का प्रयास कर रहे लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को मार गिराया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार को पुंछ जिले के खारी करमारा इलाके में हुई और दोपहर बाद व्यापक तलाशी अभियान जारी था। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में बताया कल (बृहस्पतिवार) रात पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आतंकवादी गतिविधि की जानकारी मिली और सतर्क सैनिकों ने घुसपैठ कर ...शेष पृष्ठ 14 पर

विदेशों में भी उत्तराखण्ड की संस्कृति की सराहना

मुख्यमंत्री धामी से नयी दिल्ली में झांकी के कलाकारों ने की भेंट

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और धार्मिक विरासत को देश-विदेश में विशिष्ट पहचान मिल रही है। यह उदगार ने व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सांस्कृतिक विरासत को बढावा देने और साहसिक खेलों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए गणतंत्र दिवस परेड में इस थीम पर झांकी के रुप में प्रदर्शित करने के लिए निर्णय लिया गया था।

मुख्यमंत्री धामी से नई दिल्ली के उत्तराखण्ड निवास स्थित मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में गणतंत्र दिवस परेड की झांकी में भाग लेने वाले सभी 16 कलाकारों से मुलाकात के दौरान कही।

इस अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी और टीम लीडर/संयुक्त निदेशक सूचना केएस चौहान सहित झांकी के कलाकारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल झांकी को तृतीय पुरस्कार मिलना प्रदेश के लिये सम्मान की बात है। उन्होंने झांकी में शामिल सभी 16 कलाकारों को 50-50 हजार रुपये मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के अंतर्गत ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	43.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं को हो रही दिक्कतें (पृष्ठ-02)
- सचिवालय के 150 अफसरों का वेतन रोका गया (पृष्ठ-02)
- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 629.56 अरब डॉलर (पृष्ठ-14)
- आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन हुआ सुस्त (पृष्ठ-14)
- समीक्षा में नई रणनीतिक व्यापार रूपरेखा (पृष्ठ-14)

आर्थिक समीक्षा वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता सुधारने पर सरकार का जोर

कृषि क्षेत्र में दलहन, खाद्य तेल उत्पादन बढ़ाने का सुझाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। शुक्रवार को संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा 2024-25 कहती है कि अधिक न्यायसंगत और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए सरकार का जोर ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने पर रहा है। आर्थिक समीक्षा कहती है कि बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करके विभिन्न उपाय किए गए हैं जिनमें ग्रामीण आवास, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वच्छ ईंधन, सामाजिक सुरक्षा और ग्रामीण संपर्क सुविधा के साथ ग्रामीण आजीविका को बढ़ाने के तरीके शामिल हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण परिवारों और छोटे व्यवसायों की वित्तपोषण जरूरतों को सूक्ष्म-वित्त संस्थानों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और अन्य वित्तीय मध्यस्थों के जरिये पूरा किया जा रहा है। आर्थिक समीक्षा में अनाज के अधिक उत्पादन

को हतोत्साहित करने तथा दलहन एवं खाद्य तेलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए नीतिगत सुधार करने का सुझाव दिया गया है। देश दलहन और खाद्य तेलों की जरूरतों को पूरा करने के लिए फिलहाल आयात पर निर्भर है। शुक्रवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 में इस बात पर जोर दिया गया हे कि विभिन्न विकास पहल के बावजूद भारत के कृषि क्षेत्र में आगे विकास की अपार क्षमता है जिसका अभी तक उपयोग नहीं किया जा सका है। आर्थिक समीक्षा कहती है कि डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक ले जाना ग्रामीण विकास के एजेंडा का एक प्रमुख पहलू रहा है। इसमें ग्रामीण आबादी के स्वास्थ्य मापदंडों पर भी प्राथमिक ध्यान दिया गया है। इसके मुताबिक, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत इस साल नौ जनवरी तक 8,34,695 किलोमीटर लंबी सड़कों को मंजूरी दी गई और 7,70,983 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पूरा हो चुका था। अब तक 99.6 प्रतिशत लक्षित बस्तियों को संपर्क सुविधा से जोड़ा जा चुका है।

आर्थिक समीक्षा कहती है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 2016 से 2.69 करोड़ घर बन चुके हैं और जल जीवन मिशन के तहत लगभग 12.2 करोड़ घरों को नल-जल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 27 जनवरी तक 11.8 करोड़ शौचालय और 2.51 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान (पीएम-जनमन) के तहत विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) की बस्तियों के लिए एक अलग खंड शुरू किया गया है। देश को विकसित बनाने का लक्ष्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

आम आदमी पार्टी के सात विधायकों ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली में पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी (आप) के कम से कम सात विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया कि ये विधायक चुनाव के लिए टिकट न दिए जाने से नाराज थे और अन्य दलों के संपर्क में थे। कुछ विधायकों ने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे साझा किए और भ्रष्टाचार तथा अन्य मुद्दों को लेकर आप पर निशाना साधा।

कस्तूरबा नगर से मौजूदा विधायक मदन लाल ने शुक्रवार को दावा किया कि उन्होंने और पार्टी के छह अन्य विधायकों ने आप की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मदन लाल ने कहा कि उन्होंने अपना त्यागपत्र दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को भी भेज दिया है। इस्तीफा देने वाले आप विधायकों में भावना गौड़ (पालम), नरेश यादव (महरौली), रोहित मेहरौलिया (त्रिलोकपुरी) और पवन शर्मा (आदर्श नगर), बी एस जून (बिजवासन) और राजेश ऋषि (जनकपुरी) भी शामिल हैं। लाल ने कहा, आप के सात विधायक इस बात से दुखी हैं कि पार्टी और उसके नेताओं ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया, जबकि वे वर्षों से ईमानदारी से काम कर रहे हैं। हम जल्द ही अपनी भविष्य की रणनीति साझा करेंगे। पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल को संबोधित अपने त्यागपत्र में पालम से दो बार की विधायक गौड़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

श्रद्धालुओं को भारी पड़ रही महाकुंभ से वापसी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान के बाद अपने घरों को लौट रहे श्रद्धालुओं को विभिन्न जगहों पर बैरिकेड लगाए जाने और जाम की वजह से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

गुवाहाटी से एक बुजुर्ग समेत चार लोगों को महाकुंभ में लाकर गंगा स्नान कराने के बाद लौटे अनूप वर्मा ने बताया, कि हमारी कार 15-20 किलोमीटर दूर सहंसों में पार्क कराई गई थी। बृहस्पतिवार को हम किसी तरह चलकर बैंक रोड पहुंचे, लेकिन हर जगह बैरिकेड लगाए जाने से हमें कोई वाहन नहीं मिला जिससे हमें पैदल चलकर सहंसों पहुंचना पड़ा। उन्होंने बताया, कि रास्ते में हमारे साथ चल रहे बुजुर्ग व्यक्ति की तबीयत भी खराब हो गयी.. हम किसी तरह भूख प्यासे सहंसो पहुंचे और काफी समय तक जाम खुलने का इंतजार करने के बाद कार लेकर राजमार्ग पर निकल आए। वहीं प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर लौटे लाखों श्रद्धालु अब भी वाराणसी कैन्ट और बनारस स्टेशन पर फंसे हुए हैं। कई श्रद्धालुओं ने बताया कि अत्यधिक भीड़ की वजह से वे अपनी ट्रेन नहीं पकड़ पाए और अब वे भीड़ कम होने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं कुछ ट्रेनों के निरस्त होने की वजह से कई यात्री अभी स्टेशन पर फंसे हैं और अन्य किसी साधन का इंतजार कर रहे हैं। असम के सोनिकपुर निवासी बॉबी माया लिम्बु ने बताया कि वह अपने समूह के साथ महाकुंभ आई थीं। उन लोगों ने 26 जनवरी को प्रयागराज संगम तट पर स्नान किया और इसके बाद दर्शन पूजन करने अयोध्या गए, जहां से 30 जनवरी को वाराणसी पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को ही इनकी ट्रेन थी, लेकिन भीड़ के कारण ये लोग ट्रेन नहीं पकड़ पाए। गया जिले से आये श्रद्धालु दीनानाथ ने बताया कि वह अपनी बीवी बच्चों के साथ दो दिन से बनारस में फंसे हुए हैं। बृहस्पतिवार को उन्होंने ट्रेन पकड़ने की कोशिश की, लेकिन भारी भीड़ की वजह से उनका दम घुटने लगा जिससे कारण वह ट्रेन से उतर गए। उन्होंने बताया कि तब से वह प्लेटफॉर्म के बाहर बने रैन बसेरा में रह रहे हैं। प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार मांदड़ ने बृहस्पतिवार शाम कहा, 30 जनवरी को सभी श्रद्धालु वापस लौट रहे हैं।

बीबीडी यूनिवर्सिटी में शिक्षा, इतिहास और साहित्य पर मंथन

महिलाओं को और सशक्त बनाने पर जोर, ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में साहित्य और शिक्षा के अंतर्संबंधों की व्याख्या

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीबीडी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एजुकेशन द्वारा शिक्षा, समकालीन इतिहास और साहित्यः एक पुनर्विचार विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक संगोष्ठी का उद्देश्य शिक्षा, इतिहास और साहित्य के परस्पर संबंधों की गहन पड़ताल करना तथा इन विषयों की समकालीन प्रासंगिकता को समझना था। यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. देवेंद्र चौबे, प्रोफेसर, भारतीय भाषा केंद्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संकाय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली, ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. उर्मिला शर्मा, शिक्षविद, राष्ट्रीय प्रवक्ता, संस्कृत संस्कृति संस्थान दिल्ली एवं महाराजा ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की संस्थापक और डॉ. रश्मि चौबे, प्रसिद्ध इतिहासकार एवं क्रिएटिव हिस्ट्री ट्रस्ट की संपादक एवं प्रबंध न्यासी, ने भी अपने बहुमूल्य विचार साझा किए।

प्रो. उर्मिला शर्मा ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए इससे जुड़ी चुनौतियों को अवसरों के रूप में लेने के बारे विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शिक्षा और साहित्य के माध्यम से महिलाओं की स्थिति को और सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. देवेंद्र चौबे ने भारतीय इतिहास और साहित्य के अध्ययन की बढ़ती महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने विशेष रूप से साहित्य लेखन की चुनौतियों पर बात करते हुए इस बात पर जोर दिया कि किस प्रकार साहित्य समकालीन समाज और इतिहास को प्रतिबिंबित करता है। शिक्षाविद् डॉ. रश्मि चौबे ने इतिहास के अध्ययन के गहरे आयामों पर चर्चा करते हुए, इसकी जटिलताओं और समाज में इसके योगदान को विस्तार से समझाया। उन्होंने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में साहित्य और शिक्षा के अंतसंबंधों को भी स्पष्ट किया। इस व्याख्यान में बी.एड. के विद्यार्थियों एवं रिसर्च स्कॉलर्स ने अत्यधिक उत्साह के साथ भाग लिया। सत्र के दौरान, विद्यार्थियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से उनके उत्तर प्राप्त किए। चर्चा सत्र ने विचार-विमर्श को और भी समृद्ध बनाया तथा विद्यार्थियों को नए दृष्टिकोण प्रदान किए। इस व्याख्यान का सफल आयोजन स्कूल ऑफ एजुकेशन की विभागाध्यक्षा, प्रो. कनक द्विवेदी के समन्वय में किया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रेजिडेंट विराज सागर दास का आशीर्वाद और प्रेरणा प्राप्त हुई। साथ ही, बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) एस. सी. शर्मा के मार्गदर्शन ने इस आयोजन को प्रभावी रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर, प्रो. कनक द्विवेदी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, प्रशासको, समस्त संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों, रिसर्च स्कॉलर्स और आयोजन समिति का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस व्याख्यान के सफल आयोजन में सभी की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों के चिंतन, विश्लेषण और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह व्याख्यान न केवल एक ज्ञानवर्धक सत्र साबित हुआ, बल्कि शिक्षा, इतिहास और साहित्य के अंतसंबंधों को समझने का एक प्रभावी मंच भी बना।

सचिवालय के 150 अधिकारियों का जनवरी का वेतन रोका गया

- सचिवालय प्रशासन विभाग ने कार्मिक विभाग से पोर्टल एक सप्ताह खोले जाने के लिए पत्र लिखा, गोपनीय आख्या दाखिल न करने पर रुका

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सचिवालय सेवा के समूह 'क' और 'ख' श्रेणी के करीब 150 अधिकारियों का जनवरी का वेतन रोक दिया गया है। इन अधिकारियों ने मानव संपदा पोर्टल पर अपनी गोपनीय प्रविष्टि की स्वमूल्यांकित आख्या 27 जनवरी तक दाखिल नहीं की थी।

हालांकि सचिवालय प्रशासन विभाग की तरफ से प्रमुख सचिव कार्मिक को पत्र लिखकर गोपनीय आख्या पोर्टल पर दाखिल करने के लिए और एक सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया गया है। सचिवालय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव गौरव वर्मा ने गोपनीय प्रविष्टि मानव संपदा पोर्टल पर दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय देने के लिए प्रमुख सचिव कार्मिक को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि गोपनीय आख्या 27 जनवरी तक दाखिल नहीं करने वाले अधिकारियों का वेतन रोके जाने के आदेश से उनके समक्ष आर्थिक दिक्कतें आ जाएंगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सचिवालय राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष शिव गोपाल सिंह ने गुरुवार को प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन को पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने 2023-24 की गोपनीय प्रविष्टि पोर्टल पर दाखिल करने के लिए मानव संपदा पोर्टल को 15 दिन के लिए खोले जाने का अनुरोध किया था।

सर्वजन हिताय व सुखाय के बिना देशहित अधूरा : मायावती

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि सर्वजन हिताय व सुखाय के बिना देशहित अधूरा है।

बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कि लोकसभा चुनाव के बाद संसद के पहले बजट सत्र की शुरुआत में राष्ट्रपति का अभिभाषण देश में जबरदस्त महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, जीएसटी कर बोझ, घरेलू बचत में कमी आदि से त्रस्त करोड़ों गरीब, मेहनतकश व मध्यम वर्ग बहुजनों के लिए राहत व उम्मीद तो दूर सांत्वना देने वाला भी नहीं है। उन्होंने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, कि केन्द्र की नीति मुट्ठी भर बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों की संख्या बढ़ाने एवं उन्हें हर प्रकार का लाभ पहुंचाने के बजाय गरीब, मजदूर, किसान, मध्यम वर्ग आदि बहुजनों का दुख-दर्द मिटाने पर केन्द्रित होना जरूरी है, तभी आगे जनहित संभव होगा। सर्वजन हिताय व सुखाय के बिना देशहित अधूरा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को बजट सत्र की शुरुआत में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के इस तीसरे कार्यकाल में तीन गुना अधिक गति से काम हो रहा है तथा अर्थव्यवस्था को पॉलिसी पैरालिसिस (नीतिगत पंगुता) जैसी परिस्थितियों से उबारने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति दिखाई गई है।

महाकुंभ में भगदड़ सरकार की गलती से हुई : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ सरकार की गलती से हुआ है। इसके लिए पूरी तरह सरकार की जिम्मेदारी है। भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपा रही है। भगदड़ में जान गंवाने वालों की सही संख्या नहीं बता रही है। भाजपा सरकार मृतको की संख्या इसलिए छिपा रही है, जिससे उसे मुआवजा नहीं देना पड़े। यह सरकार की संवेदनहीनता है।

शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अब तो संत और धर्माचार्य भी महाकुंभ की अव्यवस्था और सरकार की झूठ पर खुल कर बोल रहे हैं। संत महात्मा भी मुख्यमंत्री के झूठ से दुःखी हैं। सभी लोग कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री झूठे हैं। सरकार झूठ बोल रही है। परिजन अपनों के लिए परेशान है। सरकार मृतकों और घायलों की संख्या छिपा रही है। मुख्यमंत्री और भाजपा सरकार ने आम जन का भरोसा खो दिया है। यह उनकी नैतिक हार है। जब संत-महात्मा भी उन्हें भी मुख्यमंत्री झूठे हैं तो मुख्यमंत्री की इससे बड़ी हार क्या हो सकती है। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री तो नैतिक रूप से जा चुके है, अब राजनीतिक रूप से भी चले जाएंगे। महाकुंभ घटना पूरी तरह से सरकार की नाकामी है। भगदड़ वहां हुई है, जहां स्नान के लिए आम जनता जाती है। सरकार सबसे पहले सभी खोये लोगों और मृतकों की पूरी जानकारी सार्वजनिक करे। सूची जारी करें जिससे परेशान और पीड़ित परिजनों को सही जानकारी मिल सके। इसके साथ ही सरकार सभी शवों को गरिमापूर्ण तरीके से उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था करें। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार ने महाकुंभ का निमंत्रण बांटा था।

संक्षेप

वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आबकारी अधिनियम के मुकदमें के वांछित आरोपी को धर दबोचा। लालगंज कोतवाली के दरोगा कबीरदास शुक्रवार सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे।इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे धर दबोचा। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि गिरफ्तार वांछित खिग्में पुत्र रामकिशुन निवासी काजीपुर लहुरेपुर सलोन जनपद रायबरेली को जेल भेज दिया गया।

एम्बुलेंस कर्मियों पर मनमानी का आरोप

प्रतापगढ़। एम्बुलेंसकर्मियों पर मनमानी किये जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की बात कही है। सांगीपुर विकासखण्ड अन्तर्गत रामनगर कोल गांव की रीता पाण्डेय का आरोप है कि बीते बुधवार को उसकी तबीयत खराब होने की सूचना देने के घंटे भर बाद एम्बुलेंस पहुंची। एम्बुलेंसकर्मी ने उसे इलाज के लिए प्रतापगढ़ जाते समय रास्ते में लीलापुर के पास उसे दूसरी एम्बुलेंस पर बैठा दिया। यही नही एम्बुलेंसकर्मी ने प्रतापगढ़ पहुंचने पर उससे जबरन सुविधा शुल्क भी ले लिया।इसी तरह मुस्तफाबाद की रानी देवी ने भी एम्बुलेंसकर्मी पर सुविधा शुल्क लेकर उसे अस्पताल तक पहुंचाने का आरोप लगाया है। एम्बुलेंसकर्मियों की मनमानी को लेकर लोगों में आक्रोश है। लोगों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से किये जाने की बात कही है।

चार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थानान्तर्गत रजवत गांव निवासी संतोष वर्मा पुत्र रामफकीरे वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह सत्ताईस जनवरी को सुबह गांव के कडेदीन के यहां मजदूरी मांगने गया था। आरोपी द्वारा मजदूरी नही दी गयी।इस पर उसने आगे काम न करने की बात कही। आरोप है कि काम करने से मना करने पर आरोपी कड़ेदीन पुत्र रामसुमेर तथा आरोपी के पुत्र अशोक, बहू लक्ष्मी तथा संतोषा देवी पत्नी स्वामी नाथ ने गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

प्रतापगढ़। खालसा सादात चौराहे पर शुक्रवार को सामूहिक श्रीरामचरितमानस पाठ को लेकर भण्डारे का आयोजन हुआ। हवन पूजन के साथ भक्ति संगीत संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में जुटा देखा गया। भण्डारे के संयोजक सुरेश कुमार जायसवाल व राजू जायसवाल ने श्रीराम दरबार की आरती उतारी। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सोनू मिश्र, सत्यम यादव, विनय पाण्डेय, महेन्द्र मिश्र, संदीप शुक्ला आदि रहे।

सड़क पर जल जमाव को लेकर ग्रामीणों को मिली नोटिस, हड़कम्प

प्रतापगढ़। सड़क पर जलजमाव को लेकर लोक निर्माण विभाग के द्वारा आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों को नोटिस मिलने पर हडकंप का माहौल दिखा। वहीं नोटिस को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भी देखा गया। सगरा सुंदरपुर, पहाड़पुर, पूरब गांव मार्ग पर छोटी इटौरी के समीप लोक निर्माण विभाग की सड़क पर जलभराव होने से गडढा हो गया है। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से सड़क के किनारे पक्की नाली निर्मित कराये जाने की फरियाद की। ग्राम पंचायत की ओर से बनी नाली भी भंठ गयी है। इसके चलते इस नाली से घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर पहुंच जाया करता है। विभाग ने सड़क पर जलभराव के समाधान की जगह आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों को नोटिस थमा दी। अधिशाषी अभियंता निर्माण खण्ड दो बीएम सिंह की ओर से नोटिस में ग्रामीणों को अपने खर्च से मरम्मत करवाए जाने की नोटिस थमाई है। नोटिस में ग्रामीणों को मरम्मत न कराए जाने पर कार्रवाई को लेकर भी आगाह किया गया है। नोटिस मिलने पर गांव के छोटकू, नीरज, समेत आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण हतप्रभ देखे गये। वहीं लोगों मे इस बात का आक्रोश है कि विभाग को स्वयं मरम्मत कराने के बजाय उन्हें नोटिस आखिर क्यों थमायी गयी है।

श्रद्धालुओं की मदद को आगे आये प्रयागराज के लोग

प्रयागराज। महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ के बाद स्थानीय लोग परेशान हाल श्रद्धालुओं की मदद के लिए तुरंत आगे आए और उन्हें भोजन पानी के साथ ही आश्रय उपलब्ध कराया। मेला प्रशासन और जिला प्रशासन जहां मौनी अमावस्या पर भगदड़ की घटना के बाद भीड़ संभालने और उनकी सुरक्षित निकासी में व्यस्त रहा, स्थानीय लोगों ने भूखे प्यासे और थके श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद, आश्रय और परिवहन की सहायता कर मानवता की एक मिसाल कायम की। डॉ.अंजलि केसरी ने कहा कि इलाहाबाद में हम महाकुंभ के श्रद्धालुओं को बाहरी के तौर पर नहीं देखते, हम उनके मेजबान हैं और वे हमारे अतिथि हैं। चौक में हमारे पड़ोसियों ने मिलकर थके श्रद्धालुओं को भोजन खिलाया। कल ही हमने नाश्ते के साथ 80 लीटर दूध से चाय बना कर वितरित की, जबकि अन्य लोगों ने तहरी और दाल चावल आदि वितरित किया। शहर में कई होटलों ने श्रद्धालुओं को ठहरने की जगह उपलब्ध करायी। इनमें से एक आलोक

महाकुंभ में भगदड़

सिंह जो सिविल लाइंस में होटल विट्ठल चलाते हैं, उन्होंने 100 बेड की डॉरमेटरी को निःशुल्क श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि गंगा में स्नान के बाद कई श्रद्धालु लौटते समय काफी थक जाते हैं। दूसरों की मदद करना प्रयागराज की संस्कृति है। होटल में कमरे का किराया 12हजार रुपये से 25 हजार रुपये तक है लेकिन यह डॉरमेटरी पूरी तरह से निःशुल्क है।

मेले में सेक्टर 17 के हर्षवर्धन मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए देर रात तक भंडारा चला रहे दंत चिकित्सक डॉ. कृष्ण सिंह ने कहा, हम देर रात तक भंडारा इसलिए चला रहे हैं ताकि कोई भी भूखा ना रहे। हमारे यहां भंडारा शाम पांच बजे से रात 2 बजे तक चलता है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. मृत्युंजय परमार ने बताया कि भगदड़ की घटना के बाद इस विश्वविद्यालय ने अपना परिसर और छात्रावास श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए ताकि वे वहां आराम कर सकें। हमारे पास शताब्दी छात्रावास, केपीयूसी, पीसी बनर्जी और सर सुंदरलाल छात्रावास जैसे कई छात्रावास हैं जहां विद्यार्थी श्रद्धालुओं की सहायता कर रहे हैं। वहीं, महादेवी वर्मा छात्रावास और कल्पना चावला छात्रावास की छात्राएं भी अपना योगदान कर रही हैं।

बीए एलएलबी के अंतिम वर्ष के छात्र अभिनव मिश्रा ने कहा कि वह और उनके सहपाठी श्रद्धालुओं को चाय, बिस्कुट और नाश्ते का वितरण कर रहे हैं। हमारी फैकल्टी बैंक रोड के पास है जहां से कई श्रद्धालु प्रयागराज स्टेशन तक पहुंचने के लिए गुजरते हैं। उनको परेशान देखकर हमें लगा कि उनकी मदद करनी चाहिए। पुराने शहर में स्थित यादगारे हुसैनी इंटर कालेज ने भी श्रद्धालुओं के लिए अपने दरवाजे खोल दिए। यह कालेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के पास है। कालेज के हसन नकवी ने बताया कि भगदड़ के बाद आपात स्थिति थी।

पांच फरवरी तक गंगा आरती में शामिल न हों आमजन

वाराणसी। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वाराणसी के घाटों पर होने वाली गंगा आरती को आम लोगों के लिए पांच फरवरी तक बंद रखने का फैसला किया गया है। आरती आयोजन समिति की तरफ से यह जानकारी दी गयी। वाराणसी पुलिस आयुक्तालय (कमिश्नरेट) ने काशीवासियों से अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने और श्रद्धालुओं का सहयोग करने की अपील की है। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि दशाश्वमेध घाट पर आयोजित होने वाली गंगा आरती अपरिहार्य कारणों से पांच फरवरी, 2025 तक जनसामान्य के लिए बंद रहेगी। गंगा आरती करने वाली संस्था ने श्रद्धालु दर्शनार्थियोंसे अपील की है।

इसी प्रकार शीतला घाट, अस्सी घाट समेत अन्य घाटों पर भी गंगा आरती करने वाली समितियों ने भी जनसामान्य, दर्शनार्थियों और श्रद्धालुओं से पांच फरवरी तक आरती में शामिल न होने की अपील की है।

दिए रूपये मांगे तो मिली जान से मारने की धमकी

बकेवर, इटावा। उधार दिए रुपए मांगने पर आरोपित द्वारा जान से मारने की धमकी देने का मामला पुलिस ने मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर दर्ज कर जांच शुरू की। कस्बे के आदर्शनगर निवासी विकास पुत्र भोले पाल ने मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र में बताया कि शिवम कुशवाहा नामक युवक आठ दस साल से उसके पड़ोस में रह रहा था जिसके चलते उससे अच्छे संबंध हो गया थे और उसका शिवम के घर आना जाना भी हो गया था। 25 अगस्त को शिवम् ने उससे व्यापार करने के लिए एक लाख रुपए उधार देने की मांग की जिसपर उसने उसको 40 हजार नगद 51 हजार रुपए बैंकिंग के माध्यम से उसको दे दिए। 3 सितंबर को शिवम्‌जब उसको अपने दो साथियों के साथ लखना मार्ग पर मिला तो उसने उधार दिए रुपए की मांग की तो वह उत्तेजित हो गया उसने भद्दी गालियां देते हुए उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि वह उधार लिए गए रुपए नहीं देगा उसे जो करना हो वह करले, पीड़ित ने इस मामले की शिकायत पुलिस से भी की लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत को तब्बजो नहीं दी जिसपर पीड़ित ने मामले की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री से की मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस मामले को गंभीरता से लिया और पुलिस को मामला दर्ज कर कार्रवाई करने के आदेश दिए। जिसपर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस मुठभेड़ के बाद छह बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में शुक्रवार को नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद छह कथित बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए कहा कि मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि बदमाशों के पास से बिग बॉस्केट के स्टोर से चोरी किये गए एप्पल कंपनी के पांच स्मार्टफोन, एप्पल की दो स्मार्ट वॉच, इयरबड, ताला काटने में प्रयोग होने वाला ग्राइंडर, दो तमंचा, गोली और घटना में इस्तेमाल कार बरामद की गई है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस ऐस सिटी गोल चक्कर के पास शुक्रवार तड़के छानबीन कर रही थी, तभी एक सफेद रंग की कार (टोयोटा अल्टिस) आती दिखाई दी। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो कार सवार लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा करके उनको घेर लिया। अपने आपको पुलिस से

गोली लगने से दो घायल

घिरा हुआ देखकर बदमाश कार से उतरकर भागने लगे तथा उन्होंने पुलिस दल पर जान से मारने की नीयत से गोली चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्वाई में पुलिस ने भी गोली चलाई।

अधिकारी ने कहा कि पैर में पुलिस की गोली लगने से हाथरस निवासी अजीत कुमार पुत्र सुभाष चंद्र और अलीगढ़ निवासी विशाल पुत्र महेश पाल घायल हो गए। मौके से भागे इनके चार साथियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिनकी पहचान हाथरस निवासी देशराज, अलीगढ़ निवासी धीरज पुत्र सतीश, एटा निवासी मोहित पुत्र विजय और कानपुर देहात निवासी संदीप कुमार पुत्र राजन के रूप में हुई है।

पूछताछ के दौरान अजीत और मोहित ने पुलिस को बताया है कि वे लोग बिग बॉस्केट के स्टोर में पहले काम करते थे। लेकिन अनुचित व्यवहार के कारण दिसंबर, 2024 में बिग बॉस्केट के स्कोर स्टोर से उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया था। इससे नाराज होकर अजीत और मोहित ने अपने अन्य साथियों के साथ छह जनवरी, 2025 की रात करीब 12 बजे बिसरख स्थित बिग बॉस स्टोर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

अयोध्या में रोड शो पर सपा सांसद, कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस दर्ज

अयोध्या। समाजवादी पार्टी की एक सांसद के खिलाफ एक रोडशो के दौरान सरकारी आदेशों के उल्लंघन के आरोप में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह की तहरीर के आधार पर इनायत नगर पुलिस थाने में अज्ञात सपा कार्यकर्ताओं और सांसद डिंपल यादव के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि शिकायत में रोडशो के दौरान अनुमति से अधिक वाहनों के उपयोग सहित सरकारी आदेशों के उल्लंघन का आरोप है।

मिल्कीपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि सपा नेता डिंपल यादव के नेतृत्व में यहां बृहस्पतिवार को आयोजित रोडशो के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि रोडशो कुमारगंज से मिल्कीपुर तक निकाला गया और उसके कारण रायबरेली राजमार्ग के दोनों लेन पर यातायात जाम हो गया। उन्होंने कहा कि रोडशो में भारी भीड़ थी, जिससे क्षेत्र में व्यवधान उत्पन्न हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा और आठ फरवरी को मतों की गिनती होगी।

बैंक प्रबंधक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

जसवंतनगर, इटावा। कस्बे के मोहल्ला कटराखूबचंद निवासी 30 वर्षीय शिवम शिवहरे उर्फ सोनू की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। वह जिला सहकारी बैंक, रामपुर में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उनकी मृत्यु की खबर से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। शिवम बुधवार को अपने घर आए थे। उसी दौरान उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द हुआ, जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने तुरंत उन्हें सैफई पीजीआई में भर्ती कराया, लेकिन वहां उनकी स्थिति और गंभीर हो गई। डॉक्टरों ने उन्हें मेदांता गुड़गांव रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान बीती रात उन्होंने दम तोड़ दिया। शिवम अपने परिवार के इकलौते बेटे थे और उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके पीछे डेढ़ वर्षीय पुत्र ओजस रह गया है, जो अब अपने पिता की छाया से वंचित हो गया। उनकी मौत से पिता संजीव कुमार उर्फ बंटू का रो-रोकर बुरा हाल है। उनकी अकस्मात मृत्यु की खबर मिलते ही पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। मिलनसार और खुशमिजाज स्वभाव के शिवम के असमय निधन से सभी स्तब्ध हैं। कस्बे के लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

निर्मल सम्मानित होंगे लिगैसी इंटरनेशनल अवार्ड से

इटावा। जनपद में जल पुरुष के रूप में पहचान स्थापित करने वाले निर्मल सिंह स्वास्थ्य विभाग में जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर एवं सचिव नेचर कंजर्वेशन एंड ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी से जुड़ कर जनपद में स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में विगत कई वर्षों से उत्कृष्ट काम करने के लिए प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व उन्हें उत्तर प्रदेश बिहार और महाराष्ट्र राष्ट्रीय स्तर से कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है 1 फरवरी को मुगल ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित होने वाले लिगैसी इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड उन्हें अमेरिकन यूनिवर्सिटी यूएसए एवं के सहयोगी संगठन राइट प्लेस फॉर यू फाउंडेशन के सहयोग से प्रदान किया जाएगा। इस अवार्ड के लिए जनपद के वासियों और उनके ईस्ट मित्रों ने खुशी की लहर दौड़ गई है।

लालगंज बनेगा विकास का मॉडल ब्लॉक

- बैठक में दस करोड़ 93 लाख की परियोजनाओं को मिली वित्तीय स्वीकृति

प्रतापगढ़। क्षेत्र पंचायत समिति की यहां शुक्रवार को हुई बैठक में ग्रामीण विकास योजनाओं से जुडी दस करोड़ तिरान्नवे लाख की परियोजनाओं पर वित्तीय स्वीकृति की मुहर लगी। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में मनरेगा के तहत आठ करोड़ तिरासी लाख तथा राज्य वित्त के तहत एक करोड़ दस लाख व पन्द्रहवें वित्त में एक करोड़ के कार्यो का अनुमोदन हुआ। लालगंज ब्लाक सभागार में हुई बैठक में प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानों तथा बीडीसी सदस्यों से गांवों को विकास से सुसज्जित बनाने में परियोजनाओं में पारदर्शिता व गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए सहयोग मांगा। उन्होनें कहा कि सामूहिक प्रयास से लालगंज ब्लाक को विकास का आदर्श मॉडल प्रदान किया जाएगा। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी/सचिव देवेन्द्र वर्मन ने कार्यवृत्त प्रस्तुत किया। संचालन ग्राम विकास अधिकारी चंद्रमौलि सिंह ने किया। सहायक अभियंता सिंचाई गणेश शंकर श्रीवास्तव तथा लघु सिंचाई के अवर अभियंता अनुज पाण्डेय ने विभागीय योजनाओं से सदस्यों को अवगत कराया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी नरोत्तम सिंह तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने बैठक में पशुपालन तथा बेसिक शिक्षा से संदर्भित सवालों का जबाब दिया। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता पर जोर दिया गया। बैठक में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने विकास योजनाओं के संचालन में विधायक एवं राज्यसभा सांसद की ओर से सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, एडीओ पंचायत विमलेश मिश्र, पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, विमलेश प्रताप सिंह, विद्युत मिश्र, देवेन्द्र सिंह, ज्ञानप्रकाश वर्मा, छोटे सिंह, रमेशचंद्र, हरिश्चंद्र, डॉ. संदीप जायसवाल, निर्मला तिवारी, शिवराम यादव, राजेन्द्र यादव, प्रीतेन्द्र ओझा, उधम सिंह, धीरेन्द्र पाण्डेय, रेनू यादव, श्रेयस्कर पाण्डेय, प्रभात मिश्र, जगन्नाथ यादव, आत्माराम मौर्य, पूनम शुक्ला, आशा पाल, विपिन सिंह, अविनाश सिंह, उपेन्द्र सिंह, कृष्णमुरारी जायसवाल आदि रहे।

चिकित्सा शिक्षा सीएमई का आयोजन

सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन तथा इण्डियन सोसाइटी आफ ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के तत्वावधान में क्लिनिकल प्रैक्टिसेज इन ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन पर एक दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा सीएमई का आयोजन किया गया। इस सीएमई में डा. प्रसून भट्टाचार्या, विभागाध्यक्ष ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, जीएमसी, कोलकाता, डा. अनुपम वर्मा एवं डा. भरत सिंह, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, एसजीपीजीआई, लखनऊ मुख्य वक्ता रहे। साइंटिफिक पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन में डा. अनुभव गौतम प्रथम, डा. मनीष रतौरी द्वितीय तथा डा. चित्रा चैहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन में तानिया चैहान प्रथम, मोनिका दिवाकर व रवजीत कौर द्वितीय, तथा जमीर खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. पीके जैन ने सभी को सम्मनित किया। आग्रेर्नाइजिंग चेयरमैन डा. आदित्य शिवहरे ने बताया कि इस सीएमई का मुख्य उद्देश्य ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन में क्लिनिक क्षमता के ज्ञान को बढ़ाना है। इसके साथ ही ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन में हो रहे नवीनतम प्रगति की गहरी समझ विकसित करना भी है। सक्रिय भागीदारी के लिए इसमें प्रतिभागियों के लिए पोस्टर प्रजेन्टेशन व प्रश्नोत्तर सेशन भी रखा गया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति डा. रमाकान्त यादव, संकायाध्यक्ष डा. आदेश कुमार, कुलसचिव डा. चन्द्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह, आगेर्नाइजिंग सेक्रेटरी डा. अरविन्द कुमार सिंह, कोआगेर्नाइजिंग सेक्रेटरी डा0 अभय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन डा. श्वेता चैधरी, साइन्टिफिक कमिटी से डा. यतेन्द्र मोहन एवं डा. ज्योतिकला भारती, टेक्निकल आफिसरतथा डाटा इन्ट्री आपरेटर कपिल दूबे तथा विभाग के सीनियर एवं जूनियर रेजिडेंट के अलावा तकनीकी एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा मुहिम का समापन

इटावा। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशाशन, प्रवर्तन ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा 1 जनवरी से प्रारम्भ हुआ था उसका 31 जनवरी को परिवहन कार्यालय में समापन समारोह का आयोजन किया गया है। इस माह के तहत परिवहन विभाग एवं समस्त स्टेक होल्डर्स विभागों द्वारा विभिन्न कार्याक्रमों का आयोजन किया गया। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जागरूक किया गया। आम जनमानस को जागरूक किया गया कि वे दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें। कभी भी ओवरस्पीडिंग से वाहन न चलायें। इसके साथ ही साथ उनकों पुष्प भेंटकर भी समझाया कि वाहन चालक यातायात के नियमों का हमेशा पालन करें जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप दुर्घटनाओं एवं मृतकों की संख्या में कम से कम 50 प्रतिशत की कमी लायी जा सके। इस कार्यक्रम में परिवहन विभाग, पुलिस यातायात विभाग, परिवहन निगम, उच्च शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं नेहरू युवा केन्द्र इटावा के साथ-साथ विभिन्न स्टेक होल्डर विभागों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में मंयक सिंह ए.आर.एम. रोडवेज, पुलिस यातायात उपनिरीक्षक ओमप्रकाश शुक्ला, नेहरू युवा केन्द्र के प्रतिनिधि संजय कुमार शर्मा, ए.आर.टी.ओ. प्रशासन प्रदीप कुमार देशमणि के साथ-साथ स्टेक होल्डर विभागों का स्टॉफ व परिवहन कार्यालय इटावा का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा। इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

विश्व कुष्ठ रोग दिवस का आयोजन

मेरठ। सुभारती डेन्टल कॉलेज के लोक दंत स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व कुष्ठ रोग दिवस का आयोजन किया गया। विश्व कुष्ठ रोग दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विवेकानंद कुष्ठ आश्रम में कपड़े वितरण एवं डेन्टल चेकअप शिविर का भी आयोजन किया गया। चेकअप शिविर के बाद मरीजो को कुष्ठ बीमारी से सम्बधित जानकारी दी। लोक दंत स्वास्थ्य के इंचार्ज डॉ. संचित प्रधान ने बताया कि लोगो को मुख स्वास्थ्य के बारे में और ब्रशिंग कैसे करे इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही सुभारती डेन्टल कॉलेज एवं इंडियन डेंटल एसोसिएशन आईडीए मेरठ कैन्ट द्वारा शांति पब्लिक स्कूल में भी कैम्प लगाया गया। इस कार्यक्रम में कुष्ठ बीमारी संबंधी जानकारी दी पैम्फलेट का वितरण किया गया। मुख स्वास्थ्य की भी जांच की गई। विद्यार्थियों के लिए एक जागरूकता सम्बंधित वीडियों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डेन्टल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर निखिल श्रीवास्तव, डॉ संचित प्रधान, डॉ मोहनीश मुछाल, डॉ सुपूर्णा पंडित, मास्टरमाइंड क्लब से डॉ. मनप्रीत, डॉ. अन्नाया, एवं विभाग के सभी इन्टर्नस का विशेष सहयोग रहा।

अनेहरा के पंचवटी धाम में चार दिवसीय धार्मिक आयोजन का शुभारंभ आज

प्रतापगढ़। रामपुर बावली के समीप अनेहरा के सुन्दर नगर स्थित पंचवटी धाम में चार दिवसीय धार्मिक आयोजन का आज शनिवार को शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व प्रधान पं. रमाशंकर शुक्ल ने बताया कि आज शनिवार को श्रीराम दरबार तथा मां दुर्गा व पंचमुखी हनुमान जी महराज की प्राण प्रतिष्ठा के तहत वेदीपूजन एवं जलाधिवास तथा अन्नाधिवास होगा। वहीं दो फरवरी को पुष्पाधिवास एवं फलाधिवास तथा तीन फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा एवं शोभा यात्रा एवं चार फरवरी को भण्डारे का आयोजन किया गया है। धार्मिक आयोजन को लेकर शुक्रवार को तैयारियों को भी आयोजन समिति ने अंतिम रूप दिया। सह संयोजक बलराम शुक्ल व कृष्णा शुक्ला के साथ अनुपम त्रिपाठी, अजयधर द्विवेदी, अशोक मिश्र, अरूण त्रिपाठी, सुनील ओझा, कृष्ण कुमार पाण्डेय आदि ने पंचवटी धाम में आयोजन को सफल बनाने को लेकर बैठक की।

श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से मिलता है मोक्ष : सदानंद जी महराज

प्रतापगढ़। रानीगंज कैथौला क्षेत्र के लखनसेनपुर गांव में चल रही श्रीमदभागवत कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं को भागवत कथा का श्रवण कराते हुए आचार्य सदानंद जी महराज ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। इस कथा रूपी अमृत का पान देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। कथा आचार्य सदानन्द महराज ने कहा कि राजा परीक्षित ने श्रीमदभागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया। कलियुग में श्रीमदभागवत कथा का श्रवण करने वाला मनुष्य मोक्षगामी होता है। कथा के दौरान राधाकृष्ण संकीर्तन में श्रद्धालु भावविभोर भी दिखे। मुख्य यजमान मालती सिंह व नरसिंह बहादुर सिंह ने व्यासपीठ का रोली चंदन अक्षत से पूजन किया। इस मौके पर चंद्रप्रताप सिंह, अरविन्द सिंह, अमर बहादुर सिंह, अरूण, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, संजय, पंकज सिंह, मोनू, सोनू, धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

बालिका को भगाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। वउनि श्रवण चन्द थाना तुलसीपुर में पंजीकृत से सम्बन्धित अभियुक्त आलोक पुत्र स्व0 अशोक नि0 बेगमगंज सराय थाना को0 नगर जनपद बाराबंकी को थाना तुलसीपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

मिशन शक्ति के विशेष अभियान में महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

बलरामपुर। समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्राविधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्राविधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

शादी अनुदान योजना के पुन संचालित

बलरामपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के पुनः संचालन हेतु शासन द्वारा दिशा-निर्देश निर्गत किये गये है तथा आनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदक अपना आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते है। इस हेतु प्रत्येक लाभार्थी को धनराशि रू0 20,000/- की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। पात्रता शर्ते उक्त योजनान्तर्गत केवल आनलाइन आवेदन ही स्वीकार किये जायेगें। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय अधिकतम (ग्रामीण क्षेत्र हेतु) रू0 46,080/- एवं (नगरीय क्षेत्र हेतु) रू0 56,460/- तक का आय प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

संक्षेप

एसएसपी के निर्देशन में हुआ पत्रकारों का सत्यापन

गीडा, गोरखपुर। जिले के सभी थानों पर स्थानीय पत्रकारों का पुलिस द्वारा सत्यापन शुरू कर दिया गया हैं। पुलिस द्वारा क्षेत्रीय पत्रकारों का आधार नंबर, अखबार का नाम व कार्य क्षेत्र के बारे में जानकारी जुटाई जा रही हैं। बता दे कि इन दिनों पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करना चुनौती बन गया हैं। जिसका एक मुख्य कारण क्षेत्र में फर्जी पत्रकारों द्वारा खबर को तोड़ मरोड़ कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही हैं, जिससे क्षेत्र में तैनात संस्था द्वारा प्रमाणित पत्रकार और अखबार दोनों संदेह के घेरे में आ जा रहे हैं। एसएसपी के निर्देशन पर गीडा पुलिस द्वारा क्षेत्रीय पत्रकारों का सत्यापन कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने का कार्य शुरू कर दिया गया हैं। स्थानीय पत्रकार यजुवेंद्र कुमार उर्फ प्रिंस श्रीवास्तव, गुलाम गौस, पवन सिसोदिया, सतीश शुक्ला, कुबेरनाथ त्रिपाठी आदि ने पुलिस के इस कार्य प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्षेत्र और समाज घुम रहे फर्जी पत्रकारों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। अगर पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान सफल हुआ तो क्षेत्र के केवल वास्तविक और प्रमाणित पत्रकार ही कार्यरत रहेंगे, जिससे समाज के लोगों में सही समाचार से रूबरू हो सकेंगे।

इस संदर्भ में गीडा थाना निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सभी पत्रकारों की सूची तैयार कर ली गई है। जल्द ही जिले के उच्चाधिकारियों को संपूर्ण रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

पीड़ित ने लगायी थानाध्यक्ष से सुरक्षा की गुहार

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के बालबुजुर्ग निवासी पेशे से पत्रकार अभिषेक कुमार ने थाना अध्यक्ष चौरीचौरा को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर जमीन पर अवैध कब्जा करने तथा जान-माल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सुरक्षा की गुहार लगाया है। बाल बुजुर्ग निवासी पीड़ित अभिषेक प्रजापति पुत्र सुरेश प्रजापति ने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गांव का ही ऋतुराज प्रजापति पुत्र केदारनाथ प्रजापति हमारी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा है मना करने पर वह गाली गुप्ता देते हुए जान माल की धमकी दे रहा है। उनका कहना है कि वह एक दबंग व्यक्ति हैं। उसके द्वारा कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित की जा सकती है। उसके भय से पीड़ित सहित पूरा परिवार सहमा हुआ है।

हत्या के प्रयास के आरोप में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र में पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त रामशब्द यादव को थाना गगहा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। वह जमीनी विवाद के मामले में आरोपी था। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं। घटना के संबंध में वादी मुकदमा से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रामशब्द यादव है, जो ग्राम सोहगौरा थाना गगहा जनपद गोरखपुर का निवासी है। उसके खिलाफ थाना गगहा में मुकदमा संख्या 578/24 और 294/2024 दर्ज हैं। गिरफ्तारी की टीम में उपनिरीक्षक सुधीर कुमार, कांस्टेबल संतोष राम और कांस्टेबल मनीष यादव शामिल थे।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र आदित्य निषाद को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **उमा शंकर पुत्र स्व. रामचन्द्र नि.- 557/340, डी, ओम नगर, आलमबाग, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि विवाह से पूर्व मेरा नाम रसीदा खातून (Raseed Khatoon) था जो विवाह के बाद रशीदा बेगम (Rashida Begam) हो गया है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम रशीदा बेगम (Rashida Begam) ही दर्ज किया जाये। **श्रीमती रशीदा बेगम पत्नी जाहिद अली नि.- ग्राम जगदीशपुर, पोस्ट दुधौरा, बस्ती। हाल पता- मदेयगंज, निराला नगर, लखनऊ।**

प्रयागराज से लौट रहीं बसें भिड़ीं, दर्जनों श्रद्धालु घायल

27 घायलों में 18 रेफर, 3 की हालत दयनीय

गोरखपुर। प्रयागराज महाकुंभ से स्नानकर घर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी दो बसों में गगहा के मंगलबाजार के पास भिडंत हो गई। जिससे दोनो बहुओं पर सवार ढाई दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। जिसमें तीन की हालत दयनीय बताई जा रही है। सभी घायलों को पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गगहा ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों की टीम ने आनन-फानन में ईलाज शुरू कर दिया गम्भीर अवस्था में घायलों को एम्बुलेंस से गोरखपुर सदर व मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया।

मंझगांवा व गगहा संवाददाता से मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को पूर्वान्ह 11:15 पर प्रयागराज से आ रही राप्ती नगर डिपो की बस गगहा मंगल बाजार के पास पैसेंजर उतार रही थी, तभी पीछे से प्रयागराज से ही आ रहे गोरखपुर डिपो की बस ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में राप्ती नगर डिपो की रोडवेज बस हाईवे पुल से नीचे सर्विस रोड पर पलट गई। दोनों बसों में श्रद्धालु भरे हुये थे हादसे के बाद हाइवे पर कोहराम मच गया शोर गुल व चित्कार सुन स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। तभी थानाध्यक्ष गगहा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और सभी के सहयोग से घायलों को तत्काल अस्पताल भेजवाया। घायलों में ग्राम रमवापुर लुम्बिनी, नेपाल के विशाल यादव 40वर्ष, हीरामती देवी 65वर्ष, विन्जन यादव 48वर्ष, कृष्णा यादव 43वर्ष, प्रमिला देवी 52 वर्ष, बासमती 76 वर्ष, रामचन्द्र यादव 77 वर्ष, अनुराधा 46 वर्ष, सुशीला 60वर्ष, उर्मिला 50वर्ष, ग्राम चिऊटहाँ महराजगंज की कालिन्दी पटेल 78 वर्ष, ग्राम बसियाखोर हरपुर बुदहट गोरखपुर निवासी अरुण कुमार 64 व उनकी पत्नी मीना कुमारी 62वर्ष, ग्राम बसडीला चौरीचौरा के प्रतीक 34 वर्ष, कुशीनगर निवासी विद्यासागर राय 53 वर्ष, ग्राम अमहिया झगहा निवासी संजय मल्ल, ग्राम इस्लामपुर पिपराइच के धर्मेंद्र सिंह 45वर्ष, ग्राम सोनहरिया गाजीपुर की अर्चना दूबे 40 वर्ष व खलीलाबाद संतकबीरनगर की सुशीला देवी चोटिल हो गये। तो वही दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल नीलम पटेल पत्नी शुभेंद्र पटेल महाराजगंज ब्लॉक मिठौरा के पिपरा कल्याण का इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मृत्यु हो गई है।

इधर हादसे की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी बांसगांव केशरीनन्दन तिवारी, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेन्द्र कुमार, सीओ दरवेश कुमार, नायब तहसीलदार जिवेंद्र त्रिपाठी व थानाध्यक्ष गौरव कुमार वर्मा ने सीएचसी पहुँचकर घायलों के ईलाज की जानकारी लिया व गम्भीर रूप से चोटिल श्रद्धालुओं को एम्बुलेंस से गोरखपुर भेजवाया।

प्रमिला के कार्य तत्परता की सराहना

गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे के चोटिल जैसे ही सीएचसी गगहा पहुंचे अपने रूम में तैनात स्टाफनर्स प्रमिला आर्या दौड़ते हुये पहुँची और तत्परता दिखाते हुये गम्भीर रूप से घायलों को अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दवा इलाज शुरू कर दिया जिससे चोटिलों को कुछ राहत मिली उसके इस कार्य की उपस्थित भीड़ ने काफी सराहना किया उसके साथ डॉ. अर्चना के अलावा शाहबानों, सरिता, सीमा, अनिता, विनीता व रीता ने सहयोग किया, वहीं गगहा निवासी गगन सिंह ने भी घायलों की काफी मदद किया।

गगहा में वॉलीबॉल का महासंग्राम शनिवार से

गगहा, गोरखपुर। जूनियर हाई स्कूल स्कूल गगहा परिसर 1 फरवरी दिन शनिवार से 3 फरवरी दिन सोमवार तक चलने वाला राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता की तैयारी पूरी हो गई है, मैदान सज गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे पूर्व ब्लाक प्रमुख गगहा प्र० जयवीर सिंह करेंगे। उद्घाटन मैच स्टेडियम आजमगढ़ बनाम गोरखपुर स्टेडियम के बीच खेला जाएगा।

समावेशी शिक्षा के तहत पेरेंट्स काउंसिलिंग का आयोजन

चौरीचौरा, गोरखपुर। विकास खंड सरदार नगर के संसाधन केंद्र सरदार नगर परिसर में समावेशित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के देखभाल रखरखाव एवं उनके शिक्षण प्रशिक्षण हेतु दिव्यांग बच्चों के (माता-पिता अभिभावक) पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार, चंद्र प्रकाश शुक्ला प्र.अ.पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरी कोर्ट मुन्ना सिंह प्र.अ. कंपोजिट विद्यालय डुमरी खुर्द आदि की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। परामर्शदाता के रूप में स्पेशल एजुकेटर गिरजेश कुमार मिश्र, अरुण कुमार द्विवेदी द्वारा दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को अनेक प्रकार की दिव्यांगता के बारे में जागरुक करते हुए कैसे माता-पिता अपने संबंधित दिव्यांग बच्चों की देखभाल रखरखाव व उनको शैक्षणिक सपोर्ट किस प्रकार से प्रदान कर सकते हैं, और परिषदीय विद्यालयों में संचालित विभिन्न प्रकार की दिव्यांग बच्चों से संबंधित योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई जिसमें होम बेस्ड एजुकेशन से संबंधित दिव्यांग बच्चों की देखभाल रख रखाव व बेसिक शिक्षा विभाग की एस्कॉर्ट स्टाइपेंड जैसी सुविधाओं एवं योजनाओं के बारे में और कैसे बच्चे को स्वावलंबी आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाए आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 50 अभिभावक उपस्थित रहे। सभी अभिभावक को भावनात्मक रूप से दिव्यांग बच्चों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। दिव्यांग प्रेरक के रूप में अखिलेश सिंह, हरिश्चंद्र पांडे ओम सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

कुष्ठ रोगियों को योजनाओं व उपचार की जानकारी दी

जसवंतनगर, इटावा। विश्व कुष्ठ दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा कुष्ठ रोगियों के लिए सरकार की योजनाएं व उपचार की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित उक्त शिविर में डॉ. वीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अधिकतर पानी में रहने या शरीर को अधिक नम रखने पर भी कुष्ठ के लक्षण बन जाते हैं चकत्ते पड़ जाते हैं सुन्नपन हो जाता है। कुष्ठ रोगियों से घृणा नहीं करनी चाहिए। सामान्यतरू कुष्ठ का उपचार छरू महीने तक एमडीटी से उपचारित किया जाता है अधिक समस्या होने पर एक साल तक उपचार होता है। बाल संरक्षण समित सदस्य प्रेम कुमार शाक्य ने बताया कि कुष्ठ रोगियों को पेंशन भी दी जाती है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत मार्च 2020 से अब तक पिता को खो देने वाले बच्चों को ढाई हजार रुपए व अनाथ बच्चों को चार हजार रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। शिविर संयोजक पीएलवी अधिकार मित्र ऋषभ पाठक ने विश्व कुष्ठ दिवस का महत्व बताया। उन्होंने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धन पीड़ित व असहाय व्यक्तियों को निशुल्क न्याय प्रदान किया जाता है। संचालन लालचंद्र ने किया। पीएलवी राजेन्द्र यादव, लालमन बाथम, रामसुंदर दुबे, नीरज ने सहयोग प्रदान किया। सीएचसी स्टाफ व ट्रेनी स्टूडेंट सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

डीएम ने जिला पुस्तकालय का किया निरीक्षण

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने राजकीय जिला पुस्तकालय का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं और पाठकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय के संसाधनों, पठन-पाठन की स्थिति और सुविधाओं की गुणवत्ता को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर विक्रम राघव और पुस्तकालय के कर्मचारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पुस्तकालय की व्यवस्थाओं को और अधिक सुचारु बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय छात्रों और पाठकों के लिए ज्ञान का केंद्र है, इसलिए यहां की सुविधाओं को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की गुणवत्ता और विविधता पर भी ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में नवीनतम और ज्ञानवर्धक पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा को और अधिक व्यापक बनाने के निर्देश दिए, ताकि छात्र और पाठक आधुनिक तकनीक का लाभ उठा सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकालय कर्मियों से भी चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कर्मचारियों को पुस्तकालय की साफ-सफाई और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही, उन्होंने पुस्तकालय में अधिक से अधिक लोगों को आकर्षित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया।

बड़ौत जैन समाज को सरकार से एक करोड़ रुपये मुआवजे की मांग : सांसद

इटावा। बागपत के बड़ौत में जैन समाज के महाकुंभ में हुए दर्दनाक हादसे पर सांसद जितेंद्र दोहरे ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों को वे शत्-शत्नमन करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले। सांसद दोहरे ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह घटना सरकार की बड़ी लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के अनुसार हादसे में मृतकों की संख्या आधिकारिक आंकड़ों से कहीं अधिक हो सकती है। सांसद ने प्रदेश सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि व्यवस्थाओं में बड़ी चूक हुई है, जिससे यह भयावह हादसा हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार महाकुंभ के नाम पर 11 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं लचर बनी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के मंत्री और अधिकारी सिर्फ अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं, जबकि जनता की सुरक्षा के लिए उचित प्रबंध नहीं किए गए। सांसद जितेंद्र दोहरे ने मांग की है कि बडौत व महाकुंभ हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को सरकार की ओर से एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए।

बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

बकेवर, इटावा। खेतो से जानवरो के लिए चारा लेकर लौट रही 65 बर्षीय बृध्द महिला को वाइक सवार चालक ने भरईपुर गांव में अम्बेडकर पार्क के सामने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल किया। इलाज के दौरान पीजीआई सैफई में महिला की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम भरईपुर के रहने वाले श्रीकृष्ण ने बताया कि उनकी पत्नी सोमवती गुरुवार को अपने खेतो से जानवरो को चारा लेने गयी थी जब वह चारा लेकर वापस घर आ रही थी कि गांव स्थित अम्बेडकर पार्क के सामने पहुँची कि तभी वाइक सवार युवक तेजी व लापरवाही से चलाते हुए 65 बर्षीय पत्नी सोमवती को टक्कर मार दी टक्कर लगते ही पत्नी सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई परिजनो ने घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल महिला को एम्बुलेंस बुलाकर इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया जहाँ चिकित्सक ने चेकप करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला की हालत में सुधार न होने के चलते जिला अस्पताल से पी जी आई सैफई रेफर कर दिया जहाँ इलाज के दौरान 65बर्षीय बृध्द महिला सोमवती की मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना जैसे ही परिजनो को हुई तो वह रोने बिलखने लगे।

बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर फुफई ओवरब्रिज के पास बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए। जिला हमीरपुर थाना राठ गांव चिल्ली के रहने वाले अर्जुन सिंह का 19 वर्षीय बेटा करन इसी जनपद के थाना जलालपुर के गांव वगरा के रहने वाले इन्द्र (35) गुरुवार को देर शाम को बाइक से बाजार से लौट रहे थी। तभी उपरोक्त स्थान पर बाइक टकराने से दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायल अवस्था मे पड़े दोनों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

ईंट भट्टा मजदूर ने ब्लेड मार अपना हाथ काटा

इकदिल, इटावा। किसी बात से छुब्ध होकर थाना क्षेत्र में एक ईंट भट्टे के मजदूर ने अपने आपको हाथ मे ब्लेड मार किया घायल। जालौन थाना उरई निवासी इन्द्र नगर में रहने वाले राजेंद्र के 22 बर्षीय बेटे राघवेंद्र ने गुरुवार देर रात में किसी बात से नाराज होकर अपने आप को ब्हाथ मे ब्लेड मार खुद को घायल कर लिया। बेटे का हाथ खून से लथपथ देख परिजन लोग उसे जिला अस्पताल ले गए। पिता राजेंद्र ने बताया कि वे एक ईंट भट्ठे पर ईंट पथाई का काम करते हैं। बेटा मासिक रूप से कमजोर है इसी लिया खुद को ब्लेड से काट लिया है।

चौरी चौरा में अल्ट्रासाउंड कक्ष का उद्घाटन

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मुण्डेरा बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा पर शुक्रवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर सर्वजीत प्रसाद के नेतृत्व में चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ई सरवन निषाद ने अल्ट्रासाउंड मशीन कक्ष तथा महिला वार्ड का फीता काट कर उद्घाटन किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा सर्वजीत प्रसाद ने बताया कि अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन महिला चिकित्साधिकारी डाक्टर श्वेता सिंह करेंगी। शुक्रवार से ही सीएचसी चौरीचौरा पर ईसीजी मशीन का भी शुभारंभ किया गया है। जिसका संचालन प्रशिक्षित फर्मासिस्ट आशुतोष त्रिपाठी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद विधायक ई सरवन निषाद ने डाक्टरों के साथ अलग बैठक कर समस्याओं की जानकारी प्राप्त किया। डाक्टरों द्वारा बताया गया है कि इस अस्पताल में जनरल तथा आर्थोपेडिक सर्जन की आवश्यकता है। तथा मरीजों के लिए छायाकुंज बनवाने की बात कही गई। समस्याओं को सुनकर विधायक ने सीएचसी प्रभारी से मांग पत्र की मांग किया। और मरीजों के लिए छायाकुंज एवं प्रतिक्षालय बनवाने का आश्वासन दिया।

बीजेपी के इशारे पर धांधली का आरोप : गोपाल यादव

डीसीडीएफ चुनाव में वोट बढ़ने का मामला

इटावा। 30 जनवरी को डीसीडीएफ की चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, इस चुनाव में प्रशासन ने सारी हदें पार करते हुए भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता बनकर चुनाव कराने का कार्य किया। उक्त बात सपा के प्रदेश सचिव व पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि इस चुनाव में परिसीमन से ही दोषपूर्ण प्रक्रिया अपनायी गई। इटावा तहसील की एक सीट कम करके बिधूना तहसील में एक सीट बढ़ा दी गई व्यक्तिगत में भी एक सीट जगह दो सीट कर दी गई। इसके उपरांत 24 अक्टूबर को निदेशक मंडल का कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद और प्रशासक नियुक्त हो जाने के बाद लगभग 880 वोट फर्जी तरह से बढ़ाये गए जबकि वे यार द्वारा जो पत्र जारी किया या गया था उसके अनुसार प्रशासक नियुक्त के बाद एक भी नया मतदाता नहीं बनाया जा सकता था, वैसे भी आशा चुनाव की निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने के 45 दिन पूर्व नया वोट बनाना बंद कर दिया जाता है फिर भी नियमों को दरकिनार करके 880 नए मतदाता भी बनाए गए जिससे व्यक्तिगत की 2 सीटों के चुनाव परिणाम प्रभावित हुए और बिधूना तहसील में जो मतदाता निर्वाचित होकर आयी है उनके स्थान पर अंतिम मतदाता सूची में दूसरे फर्जी नाम जोड़ दिये गए जैसा कि बिधूना तहसील के चारों सीटों के परिणाम प्रभावित हुए तथा चुनाव के अंतिम दिन शासन द्वारा एक निदेशक को नामित कर दिया गया और जिस पत्र द्वारा उक्त निदेशक नामित किया गया उसमें यह स्पष्ट है कि उक्त व्यक्ति पूरी कार्यकारिणी का गठन की होने के उपरांत ही कार्यक्रमों में भाग ले सकता है, परंतु लाख आपत्ति के बाद भी उसे नामित व्यक्ति को मतदान में वोट देने का अधिकार दे दिया गया। इस चुनाव की पूरी प्रक्रिया के दौरान ही प्रशासन का रवैया बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण रहा अधिकारी गलत तरीके से भाजपा प्रत्याशी को जिताने में लगे रहे।

बैंक चोरी के खुलासे में आधा दर्जन गिरफ्तार

- एक अभियुक्त पुलिस की गोली से हुआ घायल
- एसएसपी ने पुलिस टीम को 10 हजा रुपये इनाम दिए

इटावा। एसबीआई बैंक में चोरी की घटना कारित करने वाले एक अभियुक्त व पांच बाल अपचारी को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार। कब्जे से बैंक से चोरी किये गये इलेक्ट्रानिक उपकरण, डीबीआर, एवं चोरी की घटना को कारित करने में उपकरण, मोटर साइकिल अपाचे एवं तमन्चा 315 बोर, खोखा व 2 जिन्दा कारतूस किये गये बरामद। क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलान्स टीम, थाना लवेदी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही। मैन अभियुक्त गोली से घायल अंकित बीएससी का छात्र है बाकी नावालिग लड़के इंटर हाईस्कूल व 9वीं कक्षा के छात्र बताए गए है।

एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि 26 जनवरी को एसबीआई बैंक लवेदी के शाखा प्रबन्धक धर्मेन्द्र सिंह यादव पुत्र किशुनलाल यादव निवासी रणवीरनगर आईटीआई चैराहा द्वारा थाना लवेदी पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि 25 जनवरी की रात को बैंक से अज्ञात चोरों द्वारा इलेक्ट्रानिक उपकरण, डी.बी.आर की चोरी कर ली गयी। सूचना पर तत्काल थाना लवेदी पर मामला दर्ज किया गया। एसएसपी ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुये घटना के सफल अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया।

30 जनवरी की रात को लवेदी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बहादुरपुर पर गस्त पर थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि कुछ लड़को ने एसबीआई बैंक लवेदी से जो चोरी का सामान एवं नई बैट्रियां चोरी की थी उन्हें पुराना भट्टा बहादुरपुर घार में छुपा रखी हैं उसे वह कहीं बेचने की फिराक में हैं सूचना पर तत्काल गठित पुलिस टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुये 5 बाल अपचारी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया व एक व्यक्ति अपाचे मोटर साइकिल से डबहा गाँव की ओर भागने लगा जिस पर द्वितीय टीम को जरिये दूरभाष अवगत कराया जिस पर मोटर साइकिल सवार व्यक्ति द्वारा दोनों ओर से स्वयं को पुलिस टीमों से घिरता देख जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो गोली अंकित पुत्र अनिल सिंह निवासी ग्राम बलोह थाना लवेदी के बांये पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में मां पार्वती भट्टा के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में कपिल चैधरी थानाध्यक्ष लवेदी, उ.नि. राजेश कुमार रहे। एसएसपी ने पुलिस टीम को 10 हजार रूपए इनाम दिए। एसएसपी ने तीन आरक्षियों को नीशू, शुभम कुमार, व सन्नी नकद 1100 रुपए की धनराशि से पुरस्कृत किया।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 15.02.2025 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 16.02.2025 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity eDistribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने /विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेंगे। निविदा का विवरण निम्नवत् हैः- **1. ई - निविदा संख्या 124 एच (एफ) (कार्य)/2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - प्रथम अयोध्या के अधीन जमा योजना के अन्तर्गत सहायक क्षेत्रीय प्रबंधन अयोध्या डिपो, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम लिमिटेड, अयोध्या डिपो निकट सर्किट हाउस, सिविल लाइन, अयोध्या हेतु विद्युत कनेक्शन का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 21000.00 **2. ई - निविदा संख्या 125 एच (एफ) (कार्य)/2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - तृतीय मिल्कीपुर अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले समस्त उपखण्डों के अधीन भविष्य में स्वीकृत होने वाले जमायोजना के रनिंग कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 12500.00 **3. ई - निविदा संख्या 126 एच (एफ) (कार्य)/2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय अयोध्या के अधीन जमा योजना के अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड- द्वितीय (बाकरगंज) अयोध्या के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन अयोध्या के परिसर के ऊपर से गुजर रही 11 के.वी. लाइन एवं ट्रांसफार्मर के विस्थापन का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 4500.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें''

(पत्रांक 879 / दि. 30.01.2025)

जोन ऑफ एक्सीलेंस से साकार होगा जीवन रक्षा का संकल्प

कलेक्ट्रेट के 10 कि.मी दायरे में बनेगा जीरो एक्सीडेंट जोन, तैयारियां पूरी

लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर कलेक्ट्रेट की 10 किमी परिधि में ₹जोन ऑफ एक्सीलेंस₹ बनाने का खाका खींचा गया। गुरुवार की देर शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने सड़क सुरक्षा से जुड़े अफसरो संग बैठक की, इसमें विभागों के उत्तरदायित्व निर्धारित करने और इसे जमीन पर उतारने की पूरी रूपरेखा, रणनीति तय हुई। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बच्चे रोड सेफ्टी कार्यक्रम की नींव है। जोन ऑफ एक्सीलेंस के तहत बच्चे कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत पुलिस के सहयोगी बनने जा रहे हैं। पुलिस बनने के सपने को संजोए इन सभी स्वयंसेवी बच्चों को अग्रिम भविष्य की उज्जवल शुभकामनाएं। गोल्डन आवर में घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई जा सकती है।

सभी चिकित्सालय इमरजेंसी केयर को प्राथमिकता दें। ब्रेन इंजरी हुई तो जान बचाना मुश्किल होता है इसलिए प्रोटेक्शन के लिए हेलमेट का इस्तेमाल जरूरी है। एसपी संकल्प शर्मा ने अपने निजी जीवन को याद करते हुए बताया कि उनकी मां ने बिना हेलमेट उन्हें कभी भी घर से बाहर निकलने नहीं दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से जोन ऑफ एक्सीलेंस में पड़ने वाले सड़क मार्गों पर अतिक्रमण हटाने, ओवर स्पीड पर अंकुश लगाने, हेलमेट ड्राइविंग, ड्रिंक एंड ड्राइव की चेकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने महत्वपूर्ण और सारगर्भित विचार व्यक्त किए डीएम ने जोन ऑफ एक्सीलेंस के भीतर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार सभी जरूरी कदम उठाए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सड़क मार्गों पर स्पीड (गति) कम करने हेतु रिपीटेड बार का निर्माण, जेबरा क्रॉसिंग, एनएच पर मिलने वाले गांव के लिंक मार्ग पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण, सड़कों पर सुधारात्मक कार्य कराए जाने को कहा। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जिले में डीएम की पहल सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मृत्यु दर को शून्य करने में मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए जन जागरूकता एवं जन सहभागिता पर भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में एआरटीओ अखिलेश कुमार द्विवेदी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तरुणेन्द्र त्रिपाठी, केके झा, अनिल कुमार यादव, शुभ नारायण सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, माध्यमिक, बेसिक शिक्षा, रोडवेज सहित सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभाग, निजी चिकित्सक, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता ने जोन ऑफ एक्सीलेंस निर्धारित सीमा के भीतर इमरजेंसी ट्रामा केयर को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपनी रुपरेखा बताई। वही निजी क्षेत्र के चिकित्सक डॉ आरआर मिश्रा, डॉ अनिल वर्मा समेत उपस्थित अन्य चिकित्सकों ने इमरजेंसी ट्रामा केयर को सुनिश्चित करने में अपना हर संभव सहयोग देने की बात कही।

जोन ऑफ एक्सीलेंस में ठउउ-ठरर के स्टूडेंट सजग प्रहरी बनकर ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूक करेंगे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीआईओएस डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि 07 दिन के भीतर एनएसएस, एनसीसी के इच्छुक बच्चों को चयनित करते हुए ट्रेनिंग दे और ट्रैफिक दूत बनाए, जो समाज के सजग प्रहरी बनकर ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन संग जनमानस को ट्रैफिक रूल्स पालन करने हेतु जागरूक करेंगे।

संक्षेप

अमरजीत बने भाकियू के सचिव

पिपरिया धनी, खीरी। रेहरिया क्षेत्र के ग्राम दिस्तापुर निवासी अमरजीत सिंह को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह ने संगठन का जिला महासचिव मनोनीत किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि आप संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के सपनो को साकार करने में अपनी भूमिका का निर्वाहन करेगें।

गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर निवासी एक महिला अपनी पुत्री के साथ संदिग्ध अवस्था में लापता हो गई। जिसके पति ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। मोहल्ला मथुरानगर निवासी रजनीश कुमार पुत्र गोकुल प्रसाद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 35 वर्षीय पत्नी सुषमा देवी व 16 वर्षीय पुत्री तनु के साथ 21 जनवरी के साथ लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। रजनीश ने पत्नी व पुत्री को बरामद कराने की मांग की है।

रंजिशन मारपीट का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने रंजिशन मारपीट का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम लक्ष्मनजती निवासी पवन कुमार पुत्र साहब लाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 15 जनवरी को लखीमपुर रोड स्थित एक ढाबे पर खाना खाने गया था। इसी दौरान गांव निवासी अनुज पुत्र रामरतन रंजिशन गाली-गलौज करने लगा विरोध करने उसने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

डीएम के पेशकार व राजस्व सहायक द्वितीय को दी गई विदाई

लखीमपुर खीरी। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए दो कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान सेवानिवृत्त हुए जिलाधिकारी के रीडर राजेश कुमार कश्यप, आरए द्वितीय कैलाश चंद्र श्रीवास्तव को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम संजय कुमार सिंह ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, एसडीएम, अमिता यादव, अंकित तिवारी के साथ धार्मिक पुस्तक व स्मृति चिंह भेंट कर विदाई दी। इनके सेवानिवृत्त होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों की ओर से विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों कर्मचारियों को धार्मिक पुस्तक व स्मृति चिंह भेंट किया। विदाई समारोह कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों सेवानिवृत कर्मचारियों की कार्यशैली एवं उनके विशेष सहयोग को याद किया। इस दौरान कर्मचारियों ने उनका माल्यार्पण कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

पेंशनरों का तीन दिवसीय कैंप आयोजित

इटावा। वरिष्ठ कोषाधिकारी डोगरा शक्ति ने बताया कि कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले जनपद के समस्त स्थानीय पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया जाता कि 3 से 5 फरवरी तक जनपद स्तर पर कोषागार के पेंशनर कक्ष में फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान के तहत तीन दिवसीय विशेष कैम्प आयोजित किया गया है, जिसमें कोषागार कर्मचारियों द्वारा फैमिली आईडी हेतु पंजीकरण किया जा रहा है। आप सभी से अनुरोध है कि उक्त तिथियों में फैमिली आईडी में पंजीकरण करवाने हेतु अपना आधार नम्बर एवं मोबाईल नम्बर जो आधार कार्ड से लिंक हो, के साथ परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नम्बर के साथ कोषागार के पेंशनर कक्ष में उपस्थिति होने का कष्ट करें। उक्त के साथ ही यह भी अवगत कराना है कि ऐसे पेंशनर जिनके पास राशन कार्ड उपलब्ध है उनकी राशन कार्ड संख्या ही फैमिली आईडी होगी।

मिशन मैदान के लिए यह जनपद डीसी मनरेगा को हमेशा याद रखेगा : डीएम

लखीमपुर खीरी। जिले में सफल कार्यकाल पूर्ण करते सेवानिवृत्त होने वाले लोकप्रिय डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी और डीआरडीए के लेखाकार शिव प्रसाद दीक्षित को शुक्रवार शाम जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा विकास भवन के विवेकानंद सभागार में पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। अधिकारियों ने उनके कार्यकाल को सराहा। कार्यक्रम की शुरूआत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीसी एनआरएलएम जितेंद्र सिंह समेत सभी अधिकारी-कर्मचारियों संग सेवानिवृत डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी और डीआरडीए के लेखाकार शिव प्रसाद दीक्षित को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, बुके एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया।

डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक, परखी खाने की गुणवत्ता

लखीमपुर खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान बंदियों को भोजन का वितरण किया जा रहा था। दोनों अधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता चेक की और बंदियों से बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया। डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर सुनील वर्मा, भोजराज सिंह, चिकित्सक डॉ शिवपूजन, डॉ दीपांकर रावत मौजूद रहे।

छोटी काशी में पतंग महोत्सव आज से

नगर पालिका और गोला टूरिज्म कर रहा प्रतियोगिता

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) छोटी काशी में 1 व 2 फरवरी को आयोजित होने वाले पतंग महोत्सव की रूपरेखा को लेकर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की मौजूदगी में बैठक हुई। जिसमें पंजीकरण को आधिकारिक रूप से बंद करते हुये तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। चाइनीज मांझे के विरुद्ध दो दिवसीय जागरूकता परक आयोजन नगर पालिका परिषद व गोला टूरिज्म के संयुक्त तत्वावधान में आज से हो रहा है। महोत्सव में पचास प्रतिभागियों के पंजीकरण को क्रमबद्ध किया गया। साथ ही कई बच्चे कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक थे, परन्तु आयु सीमा से कम होने के कारण उन्हें मुख्य आयोजन में शामिल नहीं किया जा सकता था। इसलिए आयोजन समिति द्वारा उन्हें ओपन प्रतिभाग करने की अनुमति दी गई। सभी को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देने पर सहमति बनी है। कार्यक्रम से जुड़ी हुई सभी बातों पर मंथन कर उनको अंतिम स्वरूप दिया गया। आयोजन से जुड़ी हुई सभी व्यवस्थाओं का पुनर्निरीक्षण किया गया। यह प्रतियोगिता श्री राजेंद्र गिरी स्मारक स्टेडियम में कराई जाएगी। निर्णायक मंडल में डॉ. योगेश कनौजिया, डॉ. सौरभ दीक्षित, राजेंद्र सोनी, सुमित शाह, डॉ. आदर्श दीक्षित एवं कुलदीप तिवारी शामिल हैं। उन्होंने निर्णय संबंधी विचार समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जिनको अनुमति प्रदान की गई। आयोजन समिति में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, गोला टूरिज्म संगठन के अध्यक्ष विनायक श्रीवास्तव, प्रबंधक प्रेम गुप्ता, सचिव मिलिंद शुक्ल, मंत्री अनुज त्रिवेदी, रविन्द्र कटियार एवं लवकुश अवस्थी उपस्थित रहे।

कोतवाली पुलिस ने बंद कर दी मेला मैदान जाने वाली सड़क

- नींव खुदवा कर खड़े कर दिए गए हैं पिलर
- व्यापारियों ने उठाई आवाज, पालिका अध्यक्ष से मिले

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। मिल रोड से मेला मैदान को जोड़ने वाली सड़क पर कोतवाली पुलिस द्वारा नींव खुदवा कर निर्माण कराया जा रहा है। जिसको लेकर मेला मैदान के दुकानदारों ने निर्माण का विरोध करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू से मार्ग छोड़े जाने की गुहार लगाई है। यहां नींव खुदवा कर पिलर खड़े किए जा रहे हैं। पालिका अध्यक्ष ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा है। बताते चलें मेला मैदान से मिल मार्ग को जोड़ती हुई सड़क कई दशक पहले बनाई गई थी, लेकिन नगर पालिका ने इसकी उपयोगिता को देखते हुए लगभग नौ साल पहले इस मार्ग को बनवाया था। उस समय पुलिस विभाग के किसी अधिकारी ने एतराज नहीं जताया था। लेकिन कोतवाली और क्षेत्राधिकारी कार्यालय सहित आवासों का जीणोद्धार कराया जा रहा है। जिसको लेकर मार्ग पर ही बेरंग बनवाई जा रही है। मेला मैदान में लगभग सैकड़ो दुकानदारों के आने जाने का यह प्रमुख मार्ग है। इसी के साथ चैती मेला के दौरान इस मार्ग पर मुख्य द्वार बनाया जाता है और इसी मार्ग से वीआईपी मूमेंट भी होता है। इस मार्ग के बंद हो जाने के बाद आम जनमानस के साथ दुकानदारों और में मेलार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि इस मार्ग को नगर पालिका परिषद द्वारा वर्ष 2016 में बनवाया गया था। इसे बंद नहीं किया जा सकता। इसके लिए उच्च अधिकारियों को लिखा गया है। सीओ गवेन्द्र पाल गौतम का कहना है कि जिस जगह पर निर्माण शुरू कराया गया है वह जगह कोतवाली के रकबे में है। जब तक जगह खाली थी, लोग निकालते रहे। अब जरूरत पड़ने पर निर्माण कराया जा रहा है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि

मार्ग कोतवाली के रकवें में दर्ज है, लेकिन कोई ना कोई समाधान निकाला जाएगा

गर्मियों में स्टाफ की कमी से मोहम्मदी की बिजली व्यवस्था बनेगी विलेन

नगर में पहले स्टाफ की संख्या 30 अब रह गए सिर्फ 18



मोहम्मदी खीरी। मौसम बदलते ही बिजली समस्या का होगा अंबार नगर वासी झेलने के लिए हो जाए तैयार, विलेन बनेगी मोहम्मदी की विद्युत व्यवस्था

जानकारी के मुताबिक विद्युत व्यवस्था मौसम बदलते ही चरमराएगी विद्युत व्यवस्था। संवाददाता ने विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी चाही तो पता लगा पूर्व में नगर के कुल चार फीडर संचालित हो रहे हैं ।जिसमें 30 लोगों का स्टाफ काम कर रहा था लेकिन अब कल 18 लोगों की तैनाती नगर में चल रही है ।जिसमें तीन पावर हाउस कर्मी तीन कर्मी वसूली एक कर्मी काउंटर एक कर्मी वसूली पर लगाया गया ।जिसमें 24 घंटे की ड्यूटी में नौ लोगों की तैनाती की गई ।जबकि नगर की जनसंख्या लगभग 45000 है ।जिसमें रात दिन की ड्यूटी में पूरा नगर संभालने में पांच लोग मौजूद रहेंगे ।इस स्थिति में कैसे समय पर ट्रांसफार्मर की समस्या लाइन टूटने की समस्या, घरेलूं लोगों के पर्सनल समस्याओं को निस्तारण कैसे होगा यह एक बड़ा सवाल है ?देखना यह होगा इस विकराल समस्या आने से पहले क्षेत्रीय जनप्रतिनित या जिम्मेदारी संज्ञान लेंगे या फिर मोहम्मदी को विद्युत व्यवस्था को लेकर विलेन के रूप में देखती रह जाएगी ।मोहम्मदी नगर की जनता ।इस मामले में अधिशासी अभियंता से जानकारी चाही तो बताया स्टाफ की समस्या है ।जल्द जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र लिखकर स्टाफ बढ़ाने का प्रयास करूंगा नगर की जनता को समस्या न हो यह मेरा प्रयास रहेगा।

पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गोला कोतवाली सहित अन्य थानों में 13 मुकदमों में वांछित 25 हजार रुपये के इनामिया बांछित लगभग 30 वर्षीय एक युवक को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान युवक के पैर में गोली लगी है। शुक्रवार की देर शाम कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह और सी ओ गवेंद्र पाल गौतम के नेतृत्व में टीम की कोतवाली सहित अन्य थानों में 13 मुकदमों में वांछित 25 हजार रुपये के इनामिया बांछित लगभग 30 वर्षीय कोतवाली क्षेत्र के गांव भुडवारा निवासी आदिल उर्फ गद्दार की अलीगंज मार्ग स्थित जमुना बाद कृषि फार्म के पास उल्ल नदी ब्लॉक नंबर आठ पर मुठभेड़ हुई। जिसमें आदिल उर्फ गद्दार के वाए पैर में गोली लगी है। जिसके कारण उसे पुलिस गिरफ्त में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान घायल 25 हजार रुपये के इनामिया बांछित आदिल उर्फ गद्दार के बाएं पैर में गोली लगी है।

हरिराम कश्यप बने बसपा के जिलाध्यक्ष

शाहजहांपुर/बहुजन समाज पार्टी ने जातीय समीकरणों को साधते हुए पिछड़े वर्ग से आने वाले हरिराम कश्यप को शाहजहांपुर जनपद में जिला अध्यक्ष पद की कमान सौंपी है शाहजहांपुर जनपद में कभी मौर्य समाज से फूलचंद मौर्य जिला अध्यक्ष हुआ करते थे जिन्होंने शाहजहांपुर जनपद में बसपा को खड़ा करने का काम किया था इसके बीसों वर्ष बाद बाद पिछड़े वर्ग से आने वाले हरिराम कश्यप को जातीय समीकरण साधते हुए शाहजहांपुर जनपद में जिला अध्यक्ष बनाया है जनपद में कश्यप समाज का अच्छा खासा वोट है जो पिछड़े वर्ग में सबसे अधिक माना जाता है यहां से कई बार कश्यप समाज के लोकसभा एवं विधानसभा के प्रत्याशी चुनाव लड़ चुके हैं हाल ही में सपा से कश्यप समाज की ज्योति सना कश्यप चुनाव लड़ी थी जिन्हें अच्छे खासे वोट भी मिले हरिराम कश्यप को बसपा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद शुक्रवार को कश्यप महासभा के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और बधाइयां दी स्वागत कार्यक्रम में धर्मेंद्र कश्यप, मुनेश कश्यप, महेंद्र कश्यप, अमन कश्यप, अंकित कश्यप, बैजनाथ कश्यप, सहित तमाम कश्यप महासभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे

डीएम ने ड्रॉप मोर क्राप - माइक्रो इरिगेशन का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर/उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अन्तर्गत प्रदेश मे संचालित उप घटक पर ड्रॉप मोर क्राप - माइकोइरीगेशन (पी.डी.एम.सी.) विकास खण्ड- भावलखेड़ा के अन्तर्गत आने वाले ग्राम - रौरा के जगतबन्धु रघुवंशी के गेहूं प्रक्षेत्र में स्थापित मिनी स्प्रिंकलर का जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया एवं निर्देशित किया कि इस योजना से जनपद के अधिकाधिक कृषकों को लाभान्वित किया जाये जिससे भूगर्भ जल संसाधन का दोहन कम हो एवं कृषकों की आय में वृद्धि हो। इसी के साथ-साथ जिलाधिकारी द्वारा ग्राम- नागरपाल विकास खण्ड- भावलखेड़ा के कृषक संजय अग्निहोत्री के कृषि प्रक्षेत्र मे स्थित अमरूद की विभिन्न प्रजातियों यथा वी०एन०आर० बिही, रेड डायमण्ड एवं ताईवान पिंक से आच्छादित बाग एवं स्थापित ड्रिप सिंचाई पद्धति का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद की जलवायु में होने वाले नवीन फलदार प्रजातियों के बागों का रोपण किया जाये। इसी के साथ पुनीत कुमार पाठक, जिला उद्यान अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि अप्रैल 2025 से लागू हो रही एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना (एमआईडीएच) के अन्तर्गत कृषकों के चयन में पारदर्शिता एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए योजनान्तर्गत समस्त कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ जनमानस तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण दौरान अनिल कुमार, प्रभारी पीडीएमसी, लाभार्थी इत्यादि उपस्थित रहे ।

विकासखंड भावल खेड़ा के सेहारामऊ दक्षिणी कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण

शाहजहांपुर/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विकासखंड भावल खेड़ा के अंतर्गत सेहारामऊ दक्षिणी के पीएम कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में खेलकूद मैदान, पार्क, बागवानी आदि के संबंध में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालय का प्रवेश द्वार लंबा चौड़ा सुंदर बनाया जाए। विद्यालय में सब्जियों बागवानी आदि की वाटिका बनाने के लिए जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन के लिए शेड का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा विद्यालय में खेलने की फैसिलिटी अच्छी होनी चाहिए। विद्यालय में तीरंदाजी, कबड्डी वॉलीबॉल एवं लड़कियों के लिए क्रिकेट खेलने के लिए मैदान तैयार कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक स्मार्टक्लास बनाई जाए। विद्यालय में बनी आरसीसी पर गेम्स पेंटिंग करने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट वितरित की। जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से विज्ञान के सवाल पूछे एवं पहाड़े सुने। उन्होंने बच्चों से कार्बन क्या होता है किस-किस में मिलता है इसके संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से डायमंड के भी बारे में पूछा। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए की कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने बच्चों से खेल के संबंध में इच्छा जानी। बच्चों से कहा कि जो अच्छा खेलेगा उसके लिए जनपद की टीम में शामिल किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बच्चों को अंग्रेजी बोलने, म्यूजिक टीचर एवं पेंटिंग सीखने के लिए अलग से शिक्षक की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। स्कूल में बच्चों के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां करने के लिए गिटार हारमोनियम एवं कीबोर्ड की व्यवस्था करने के लिए भी कहा। जिलाधिकारी ने शिक्षकों से कहा कि सप्ताह में एक दिन कुकिंग क्लास रखी जाए जिसमें सभी बच्चों को खाना बनाना सिखाया जाए। पढ़ाई साथ-साथ बच्चों से अतिरिक्त एक्टिविटीज कराई जाए। जिलाधिकारी ने सभी बच्चों से कहा मेहनत से पढ़ लिख कर आगे बढ़े। बैठक के दौरान ग्राम प्रधान, विद्यालय के प्रधानचार्य सहित संबधित अधिकारी मौजूद रहे।

पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी टीचर गिरफ्तार

शाहजहांपुर/ जनपद में पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार द्वारा एक सनसनीखेज खुलासा किया गया है. जिसमें 15 माह पहले निगोही थाना क्षेत्र में गन्ने के खेत से बरामद हुए कंकाल की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी टीचर को गिरफ्तार किया गया है ।दरअसल निगोही थाना क्षेत्र के गांव हरसेली के रहने वाले पीड़ित सुरेश कुमार पुत्र रामलाल द्वारा निगोही थाने पर प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा अपराध संख्या 623/24 दर्ज करवाया गया था. जिसमें मुख्य आरोपी सहित तीन अन्य लोगों को वादी ने अपनी पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद किया गया था, विवेचना के दौरान पुलिस ने 7/3/2024 को अपहर्ता के शव का कंकाल श्याम पाल सिंह निवासी ग्राम हरसेली के गन्ने के खेत से बरामद किया गया था. पुष्टि के लिए पुलिस द्वारा डीएनए टेस्ट कराया गया इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक एवं अन्य साक्ष्य संकलन करने के बाद विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य व डीएनए रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई और आरोपी टीचर अमर सिंह को दोषी मानते हुए गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त मामले में पुलिस द्वारा गठित की गई टीम द्वारा खुलासा करने वाली टीम को 10 हजार रुपए नगद पुरस्कार एवं अन्य टीमों को 25 हजार रुपए के पुरस्कार की घोषणा पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर द्वारा की गई है।

संक्षेप

दो बाइकों के टक्कर में दोनों चालकों की मौत

मीरजापुर। जनपद के थाना थाना चुनार क्षेत्र के सक्तेशगढ़ स्थित कोठीलवा मोड़ पर गुरुवार की देर रात दर्दनाक हादसा हुआ। वाराणसी से घर लौट रहे मड़िहान कस्बा निवासी दंपती व सेमरी गांव निवासी बाइक सवारों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मौके पर दोनों बाइक चालकों की मौत हो गई। महिला के साथ तीन वर्षीय मासूम व दूसरी बाइक पर बैठा साथी घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया। बताते हैं कि राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरी सरसो गांव निवासी गोलू 20 वर्ष अपने साथी महेश 30 वर्ष के साथ जमुई चुनार से घर के लिए बाइक से लौट रहा था। दूसरी बाइक से मड़िहान कस्बा निवासी महेश सोनी अपनी पत्नी खुशबू व तीन वर्षीय मासूम के साथ वाराणसी से लौट रहे थे। रात के अंधेरे में दोनों बाइक सवार सक्तेशगढ़ कोठीलवा मोड़ पर पहुंचे ही थे कि दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही घटनास्थल पर हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भिजवाया। मौत की घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा गया। मड़िहान कस्बा निवासी बल्लू सोनी के पुत्री की शादी आठ फरवरी को है। खरीदारी के लिए महेश सोनी बृहस्पतिवार को पत्नी के साथ वाराणसी गया था। देर रात वापस घर लौटते समय सक्तेशगढ़ में हादसे के शिकार हो गए। इस संबंध में चुनार थाना प्रभारी रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि हादसे में दो की मौत हुई है।

एक दिन में 10 लाख लोगों ने किये दर्शन

मीरजापुर। प्रयागराज महाकुंभ के पलट प्रवाह के बीच शुरू हुए गुप्त नवरात्र के पहले दिन विंध्याचल धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। बृहस्पतिवार को 10 लाख से अधिक भक्तों ने मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए। मौनी अमावस्या पर बुधवार से ही विंध्य धाम में भक्तों का रेला लगा रहा। श्रद्धालुओं द्वारा गंगा में स्नान के बाद मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन का सिलसिला आधी रात से शुरू हुआ, जो कि वृहस्पतिवार देर रात तक जारी रहा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए। श्रीविंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने बताया कि चैत्र और वासंतिक नवरात्र में भी एक दिन में कभी इतनी संख्या में श्रद्धालु नहीं आए, ये नया रिकार्ड बना है।

रविनंदन दुबे को दी गयी श्रद्धांजलि

मीरजापुर। थाना लालगंज क्षेत्र के कठवार ग्राम के स्वतंत्रता सेनानी स्व रवि नंदन दुबे ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह उपरौध क्षेत्र जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में भूमिका महत्वपूर्ण रही उक्त विचार ब्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि आज देश स्वतंत्र कराने वाले लोगों की भूमिका से विचलित हो रहे हैं जबकि ऐसा नकारात्मक विचार धारा के लोग स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के चलते आज लोकतंत्र के प्रहरी और चौकीदार बने हैं। चौधरी ने कहा कि उपरौध क्षेत्र का आजादी के आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी इसलिए आज हम-सब ऐसे महत्वपूर्ण सेनानी को उनके पूण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए एकजुट होते हैं।

दिनदहाड़े छात्र को मारी गोली, हालत नाजुक

छात्र को सीएचसी डोभी से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया

जौनपुर। जिले के चन्दवक थाना क्षेत्र के करों कालेज के सामने छात्र को गोली मारने के बाद आरोपी फरार हो गया। घायल छात्र को सीएचसी डोभी से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना में घायल 11 वीं के आदर्श कुमार सिंह के गले मे गोली फंसने के कारण स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

चन्दवक थाना क्षेत्र के बोड़सर खुर्द गांव निवासी 11 वीं के कार्मस के छात्र 17 वर्षीय आदर्श कुमार सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह को उसी के कॉलेज के सामने दिनदहाड़े अज्ञात युवक द्वारा गोली मार दी गई। करों स्थित श्रीगणेशराय इंटर कालेज में छमाही परीक्षा की पहली खत्म होने के बाद लगभग शुक्रवार को 12 बजे 11 वीं का छात्र आदर्श अपने कामर्स के आखिरी पेपर देकर कालेज के बाहर निकला था। कालेज के बाहर जैसे ही वह सड़क पार करने को हुआ कि एक युवक पर गोली चला दी। गोली सीधे आदर्श के गले में दाहिनी तरफ जा लगी। इसके बाद घायल आदर्श सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते गोली चलाने वाला युवक बिहदी गांव की तरफ भाग गया।

कालेज के अंदर जैसे ही किसी छात्र पर गोली चलने की सूचना मिली तो कालेज के विज्ञान विभाग के शिक्षक विनय कुमार सिंह और हिंदी विभाग के शिक्षक पंकज सिंह जो कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी दे रहे थे मौके पर जाकर आदर्श को अपनी कार में लादकर सीएचसी डोभी लेकर गए। पुलिस को सूचना मिलते ही घायल की कार के साथ साथ पुलिस भी हॉस्पिटल पहुची। जहां पर चिकित्सको ने उसकी हालत गम्भीर बताते हुए उसे वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से आदर्श को ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सा अधीक्षक जितेंद गुप्ता ने बताया कि गोली गले मे दाहिनी तरफ अभी फंसी हुई ही है। थानाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने बताया कि आदर्श ट्रामा सेंटर में भर्ती है आरोपी की धरपकड़ के लिए टीम बना कर खोजबीन जारी है।

महाकुंभ तीर्थयात्रियों के भोजन व्यवस्था में जुटे रहे स्वयंसेवक

मीरजापुर। जहां एक तरफ कमिश्नर-आईजी, डीएम-एसपी मीरजापुर जनपद के विभिन्न इलाकों में प्रयागराज महाकुंभ मेले से लौटने वाले व वहाँ जाने वाले तीर्थ यात्रियों के रुकने और यातायात आदि व्यवस्थाओं को मुकम्मल करने में लगे हुए हैं, तो वहीं आरएसएस भी प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता नजर आ रहा है। बुधवार को सुबह से ही बिना रुके बिना थके राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग की ओर से अकोढ़ी, गैपुरा एवं बिहसड़ा में बनाये गये पार्किंग स्थानों पर रुके तीर्थ यात्रियों के लिए पूड़ी सब्जी की लंच पैकेट निशुल्क वितरण किया जा रहा है। विंध्याचल प्रयागराज मार्ग पर कई स्थानों पर अस्थाई शेल्टर हाउसों के लिए आरएसएस के मीरजापुर जिला सेवा प्रमुख कवि सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों का दल पूड़ी सब्जी तैयार कर तीर्थ यात्रियों के बीच वितरण में लगातार जुटा हुआ है। जिला सेवा प्रमुख कवि सिंह छानबे विकास खंड कार्यवाहक दिलीप ने बताया स्वयं सेवकों द्वारा खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। पूड़ी सब्जी बनवाकर रुके हुए तीर्थ यात्रियों में वितरित किया जा रहा है। इस सहयोग में स्वयंसेवक लगे हुए हैं। सेवा कार्य में जुटे स्वयंसेवकों में जिला सेवा प्रमुख कवि सिंह, छानब्बे खंड कार्यवाह दिलीप, अजीत, काजू गुप्ता, श्याम, लवलेश मिश्रा सहित दर्जनों स्वयंसेवक एवं कार्यकर्ता लगे हैं।

मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की गयी समीक्षा

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर निदेशक स्वास्थ्य, संयुक्त निदेशक, मण्डलीय कार्यक्रम लेखा प्रबन्धक एवं अन्य मण्डलीय टीम के साथ मण्डल के समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकरी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहें। समीक्षा बैठक का आरम्भ विगत बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन पर चर्चा से की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से आच्छादित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे वित्तीय प्रगति समीक्षा, एच0 एम0 आई0एस0 कार्यक्रम की समीक्षा, कम्युनिटी प्रोसेस कार्यक्रम की समीक्षा, शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यकम की समीक्षा एवं क्वालिटी एश्योरेंश कार्यक्रम की समीक्षा के साथ ही यूनिसेफ एवं अन्य सहयोगी संस्था समर्थित कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई।

समाचार पत्र विक्रेताओं को वितरित किया ट्रैकसूट

जौनपपुर। जौनपुर समाचार पत्र विक्रेता सभागार धरनीधरपुर मीरपुर में आयोजि कार्यक्रम में समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह ने ट्रैकसूट वितरण किया। मुख्य अतिथि का जिला अध्यक्ष राम सहारे मौर्य ने अंग वस्त्र माला सम्मान पत्र से जोरदार स्वागत किया। ज्ञान प्रकाश ने कहा कि समाचार पत्र विक्रेताओं को हर संभव सहयोग कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। क्योंकि ये जाड़ा, गर्मी, बरसात, का बगैर परवाह किये निरंतर जनप्रतिनिधि और जनता तक देश दुनिया की खबरें अखबार के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाते हैं। ऐसे पत्र वितरकों का सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का काम होता है। पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह क्षेम तथा कोषाध्यक्ष रामदयाल द्विवेदी, पत्रकार राजेंद्र प्रसाद सिंह राम जी जायसवाल, विजय शर्मा, पवन मौर्य, शैलेंद्र मौर्य, मनोज शर्मा, विकास प्रजापति, कुलदीप साहू, रामप्यारे प्रजापति, राजकुमार, अखिलेश चंद्र, मौर्य, राजेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

डीआईओएस दफ्तर पर बवाल मचाने में केस

जौनपुर। कोतवाली पुलिस ने जिला विद्यालय निरीक्षक के पत्र पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना तथा जान से मारने की धमकी समेत दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोप है कि 24 जनवरी को कार्यालय में सरकारी कार्य चल रहा था अनूप कुमार सिंह पुत्र अज्ञात नागर पुत्र अज्ञात तथा तीन चार व्यक्ति अज्ञात ऑफिस के कमरे में घुसकर गाली गलौज देते हुए मारने पीटने की धमकी देते हुए कर्मचारियों के अभद्रता किया और ऑफिस के बाहर निकलने पर निपटने की धमकी दी गई। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि 23 जनवरी को भी उन्हें गाली तथा मारने की धमकी दी गई। आरोपियों द्वारा विद्यालय के पासवर्ड रिसेट कर नया पासवर्ड देने हेतु दबाव लगातार बनाया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक को कार्यालय के कई कर्मचारियों ने हस्ताक्षर कर को प्रार्थना पत्र दिया था उसी पत्र का हवाला देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कोतवाली को सूचना दिया। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना चैकी प्रभारी भंडारी को दे दी गई है। ज्ञात हो कि बीते कुछ वर्षो पूर्व इसी ार्यालय में घुसकर एक डीआईओएस ऑफिसर एसके पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के आसपास फिर अपराधिक तंत्र अपना हाथ पैर फैला रहे हैं।

तोड़फोड़ के बाद मारपीट कर दुकान में जड़ा ताला

जौनपुर। महराजगंज क्षेत्र के गांधीनगर में साइकिल रिपेयरिंग की दुकान में चार लोग जबरन दुकान में तोड़फोड़ कर दुकानदार को मारपीट कर दुकान में ताला जड़ दिया। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया। कलीम निवासी रामकोला के मीरापुर केवल का आरोप है कि गाँधीनगर मे अपने पिता के द्वारा लिखवाये हुए जमीन में मकान वनवा कर 1991 से मोटर साइकिल मरम्मत व मोटर पार्ट की दुकान खोल कर रोजी रोटी चला रहा था। सुरेश कुमार राजेश कुमार व रमेश कुमार पुत्र हरीराम निवासी मीरापुर शीरोमणि गाँधीनगर व एक अज्ञात मेरे दुकान के पीछे का दरवाजा तोड कर दुकान के अन्दर घुस गये उसमे सारा रखा हुआ समान दुकान से बाहर फेकने लगे मेरे द्वारा पूछने पर मुझे व मेरे भतीजे को लात घुसे मे मारने लगे व गाली गलौज देते हुए हम लोगो को बाहर निकाल कर मेरे दुकान में अपना ताला लगा दिये व जाते समय यह धमकी देते हुए गये कि जाओ जो करना है कर लो मेरा प्रशासन भी कुछ नही कर पायेगा। यह मेरा मकान है थानाध्यक्ष ने मामले की जांच कर चार लोगो के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू की।

सेवानिवृत्त लेखाकार सुरेंद्र प्रसाद को दी भावभीनी विदाई

आजमगढ़। बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद बरनवाल को अधिवर्षता पूर्ण करने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गईं। विदाई समारोह में पहुंचे मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने श्री बरनवाल को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने कहाकि श्री बरनवाल वित्त सेवा की पूरी अवधि तक निष्ठा पूर्वक अपनी सेवा देते रहे। उनके कार्य के प्रति सजगता, समयबद्धता ही उनकी पहचान रही। उनके योगदान की सराहना पूरा लेखा विभाग करता है। संचालन करते हुए देवाशीष श्रीवास्तव ने कहाकि सरकारी नौकरी में पदस्थापन, स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया एक चक्के की तरह घूमते रहती है। इन सभी चक्र से सभी कर्मियों को एक बार गुजरना पड़ता है। इस प्रक्रिया से कोई भी पदाधिकारी व कर्मचारी को आहत होने की जरूरत नहीं है। जिस तरह श्री बरनवाल ने अपने सेवाकाल में उत्कृष्ट कार्य किया है उसी तरह आगे भी अपने योगदान से अपनी पहचान बनाते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जेडी विभाग के जेएन झा ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का पड़ाव है ऐसे में हर कर्मचारी को श्रेष्ठ व्यवहार, आचरण, श्रेष्ठ कार्य करना चाहिए ताकि इस दिन बरनवाल जी जैसा सबका चेहरा सम्मान से भरा रहे। अंत में सेवानिवृत्त लेखाकार सुरेंद्र प्रसाद बरनवाल ने सबके प्रति आभाार प्रकट किया। इस अवसर पर गिरीश चन्द्र, रामबचन, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, विश्वनाथ राम, अजय राय, एनपी सिंह, प्रमोद लाल श्रीवास्तव, मुमताज अहमद आदि मौजूद रहे।

सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान पर की चर्चा

आजमगढ़। सीडीओ परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्टेज्ट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कौशल प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त बैंकों को निर्देश दिया कि योजनान्तर्गत जो भी आवेदन बैंक स्तर पर लम्बित हैं, उसे जल्द से जल्द निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अन्तर्गत हस्ताक्षरित एम.ओ.यू. की विभागवार समीक्षा की गयी और निर्देश दिया कि समस्त संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग के अन्तर्गत हस्ताक्षरित एम.ओ.यू. को धरातल स्तर पर क्रियान्वित करने हेतु सभी इन्वेस्टर्स की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करायें, ताकि अधिक से अधिक संख्या में परियोजनायें संचालित हो सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित समस्त आवेदनों को निर्धारित समय से पहले ही निस्तारित करायें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा चलायी जा रही रोजगारपरक ऋण योजनाओं एवं भारत सरकारी की महत्वाकांक्षी पी.एम. विश्वकर्मा योजनांतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों के शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराये जाने के निर्देश दिये गये।

उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार के पोर्टल से दर्जी, राजमिस्त्री एवं बढ़ई ट्रेड का आवेदन पत्र हट जाने के कारण 29 जनवरी 2025 तक उपरोक्त योजना में कुल 6815 आवेदन प्राप्त हुए हैं। गत वर्ष के लक्ष्य 1800 के सापेक्ष 1479 का चयन कर तृतीय स्तर पर प्रेषित कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में द्वितीय स्तर पर लम्बित 2364 आवेदन पत्रों को सत्यापन हेतु समस्त ब्लाकों को प्रेषित कर दिया गया है।

इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, जिला नगरीय विकास अभिकरण, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, रोजगार आदि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करायें।

समस्याओं को लेकर प्रधानों ने सौंपा पत्र

सोनभद्र। जिले के ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों द्वारा शुक्रवार को अपनी समस्याओं को लेकर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी को ज्ञापन सौंपकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री आवास का सर्वे में लगे अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सर्वे न किए जाने व अन्य समस्या को लेकर ज्ञापन देते हुए आवाज उठाया गया। बताया कि हम सभी ग्राम प्रधानगण विभिन्न ग्राम पंचायतों के निर्वाचित ग्राम प्रधान हैं। हम सभी के ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास का सर्वे किये जाने हेतु नियुक्त किया गया है। परन्तु सर्वे शुरू हुए लगभग 1 माह बीत जाने के उपरान्त भी कोई भी अधिकारी/कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास के सर्वे हेतु ग्राम पंचायतों में सर्वे के लिए नहीं आ रहे। जिससे अभी तक ग्राम पंचायतों में सर्वे का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जिससे ग्राम पंचायतों के लोग काफी परेशान हैं और प्रधानमंत्री आवास के पात्र लाभार्थी सर्वे से वंचित हो गये हैं। पत्रक सौंपने वालों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के सर्वे में लगे कर्मचारी/अधिकारी जिनके द्वारा सर्वे नहीं किया जा रहा है उन पर कठोरतम्-कार्यवाही किया जाय। सर्वे का कार्य अतिशिघ्र प्रारम्भ करवाने की अपील की गयी। इस मौके पर राजेंद्र, विमलेश पांडेय, विजय बहादुर, अर्चना त्रिपाठी, नीलम त्रिपाठी, शशि कला, श्यामू प्रसाद, अमरजीत दुबे, उधम सिंह, विजय शंकर शुक्ला आदि प्रधान उपस्थित रहे।

डॉ.एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी बनी विनर

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित हाईडिल मैदान में अंतरराज्यीय सोन कप क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार डॉ.एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी और प्रयागराज के बीच एक रोमांचक मैच खेला गया। प्रयागराज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाए। प्रयागराज की तरफ से इश्तियाक अली ने 32 गेंदों पर 63 रन बनाए, जिसमें 7 चैके और 4 छक्के शामिल थे। आदित्य जायसवाल ने 20 गेंदों पर 40 रन बनाए। डॉ. एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी की तरफ से 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट लिए गए। जवाब में खेलने उतरी डॉ.एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी की टीम ने 5 विकेट खोकर मैच जीत लिया।

बापू की पुण्यतिथि पर बांटे कंबल

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी के नेतृत्व में ग्राम सभा करगरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि एवं जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम के तहत बाबा साहब सम्मान चैपाल का तीसरा आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने ग्रामवासियों के सामने देश और संविधान में महात्मा गांधी एवं बाबा साहब के योगदान के बारे में बताया, कांग्रेस नेता बृजेश तिवारी ने कहा कि देश में सिर्फ और सिर्फ निडर होकर हमारे नेता राहुल गांधी सदन और सदन के बाहर लगातार किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारीयों, बेरोजगार युवाओं, छात्र छात्राओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं बीजेपी सरकार द्वारा अडानी, अंबानी जैसे बड़े व्यापारीयों का कर्ज माफ किया जा रहा है सिर्फ इन्हीं दोनों व्यापारियों के हाथों देश के संस्थानों और संपतियों को बेचने का कार्य किया जा रहा है। बीजेपी के नेताओं द्वारा जिस प्रकार से बाबा साहब का अपमान किया गया है वो इनके अंदर जात पात की छोटी सोच को दशार्ता है बीजेपी सरकार में अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों पर पेशाब करना, उनको धमकाना, अत्याचार करने की घटना बढ़ जाती है लेकिन इन्हें याद रखना चाहिए कि इन्हीं लोगों ने वोट देकर सत्ता पर बैठाया है और यही लोग इनको सत्ता से बाहर करेंगे। कांग्रेस पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष ओबरा जयशंकर भारद्वाज ने कहा कि जहां महात्मा गांधी ने सबको सत्य और अहिंसा पर चलने का मार्ग बताया वहीं बाबा साहब ने सभी को समानता का अधिकार दिलाया है वरिष्ठ कांग्रेस नेता लालचंद ने कहा कि भाजपा के बड़े नेता लगातार ही महापुरुषों का अपमान करते आ रहे हैं कभी महात्मा गांधी तो कभी बाबा साहब आंबेडकर का सदन में अपमान करते हैं जो की बहुत निंदनीय है।

किसी भी दशा में अस्पताल में बाहर की दवाएं नहीं आनी चाहिए : मण्डलायुक्त

आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक व डीआईजी सुनील कुमार सिंह ने अपने निरीक्षण के क्रम में गुरूवार को देरशाम 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया तथा थाना अतरौलिया का औचक निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों द्वारा किए गये निरीक्षण के दौरान 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से बातचीत के दौरान बताया गया कि दवायें मिल रही हैं परन्तु कुछ दवायें अस्पताल में उपलब्ध नहीं होने के कारण बाहर से लानी पड़ती हैं। मण्डलायुक्त विवेक इस पर अप्रसन्नता व्यक्त करतमे हुए सीएमएस डा. एसके ध्रुव को निर्देश दिया कि जो दवायें उपलब्ध नहीं हैं उसकी तत्काल आपूर्ति कराई जाय, किसी भी दशा में अस्पताल से बाहर की दवायें नहीं आनी चाहिए। सर्जिकल वार्ड के निरीक्षण के दौरान मरीजों द्वारा व्यवस्था को ठीक बताया गया। अस्पताल में भोजन व्यवस्था के सम्बन्ध में पूछे जाने पर सीएमएम द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2023 से टेण्डर प्रक्रिया नहीं होने के कारण मरीजो को भोजन नहीं दिया जा रहा है, केवल नाश्ते में दूध और बिस्कुल दिया जा रहा है। मण्डलायुक्त ने इस नाराजगी व्यक्त किया तथा सीएमएस को सख्त हिदायत दी कि तत्काल जिलाधिकारी से सम्पर्क कर टेण्डर प्रक्रिया आदि को एक माह के अन्दर पूर्ण कराते हुए मरीजों को भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाय। महिला वार्ड के निरीक्षण के दौरान सीएमएस द्वारा अवगत कराया गया कि अस्पताल में महिला डाक्टर की तैनाती नहीं है, जिससे महिला मरीजो को असुविधा होती है। इस पर मण्डलायुक्त विवेद ने निर्देश दिया कि तत्काल जिलाधिकारी से सम्पर्क करें तथा महिला चकित्सक की शीघ्र तैनाती हेतु शासन से पत्र भेजें। अवगत कराया गया कि अस्पताल में महिलाओं की जॉच हेतु अल्ट्रासाउण्ड मशीन, बीपी जॉच हेतु डिजिटल मशीन आदि सुविधायें उपलब्ध हैं, आयुष्मान कार्ड सक्रिय है, जिसपर मण्डलायुक्त व डीआईजी द्वारा सन्तोष व्यक्त किया गया। अस्पताल के निरीक्षण के बाद दोनों अधिकारियों द्वारा थाना अतरौलिया का भी निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त विवेक व डीआईजी सुनील कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क की जॉच किया जिसमें पाया कि एक पीड़ित महिला के प्रकरण की जॉच हेड कान्सटेबल मनोज यादव द्वारा की गयी है, जिसमें हेड कांस्टेबल द्वारा समझौता करा दिये जाने की रिपोर्ट लगाई गयी है, जबकि पीड़ित महिला से अधिकारियों द्वारा बातचीत की गयी तो पीड़ित महिला द्वारा समझौते और प्रकरण का निस्तारण हो जाने से साफ इन्कार किया गया। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीआईजी श्री सिंह ने उक्त हेड कांस्टेबल को निलम्बित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार एक शिकायत के सम्बन्ध में पूछे जाने पर हेड कांस्टेबल सीताराम यादव द्वारा गलत जानकारी दी गयी, जिसे उच्च अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किए जाने का दोषी मानते हुए उक्त हेड कांस्टेबल को तथा दो अन्य हेड कांस्टेबल चन्दना दीक्षित व रविशंकर भारती द्वारा पत्रावलियों का रखरखाव सही ढंग से नहीं किए जाने, पत्रावलियों में अंकन नहीं किए जाने आदि अनियमितताओं के कारण दोनों कांस्टेबल को वार कक्ष में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया। तहसील दिवस की पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा शिकायतों का सही अंकन नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, जन सुनवाई प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी नहीं किया जा रहा है।

थाना अतरौलिया के निरीक्षण में डीआईजी ने जांच कर थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्यवाही करने, एक कांस्टेबल को निलम्बित करने तथा तीन कांस्टेबल को वार कक्ष में हाजिर होने का दिया निर्देश

संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मिली लाश, हत्या की जतायी आशंका

सोनभद्र। सदर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गौरी निस्फ गांव में एक युवक की शुक्रवार की सुबह मिली लाश से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह घर से लगभग 400 मीटर दूर नाले में पड़ा शव मिला। युवक के सिर, हाथ, पैर और कमर पर गहरी चोट मिली है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की छानबीन की जा रही है। युवक की पहचान अमित कुमार सिंह (25) पुत्र संगम सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अमित बृहस्पतिवार की रात कुछ सामान लेने एक दुकान पर गया था। वहां उसका किसी से विवाद हो गया था। इसके बाद वह घर लौट आया। परिजनों के अनुसार अमित आमतौर पर अपनी दादी के साथ नए घर में सोता था, ऐसे में रात में न जाने कब अमित कमरे से बाहर निकला और नाले की तरफ चला गया। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। मौके पर पहुंची सिटी सीओ डॉ.चारू द्विवेदी ने बताया कि परिजनों ने प्रार्थना पत्र दिया है मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

श्रद्धालूओं को वापस लेकर जा रहा वाहन पलटा, चालक की मौत

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के प्रीतनगर स्थित वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार लगभग 11.50 बजे महाकुम्भ प्रयागराज से स्नान कर श्रद्धालू छत्तीसगढ़ की ओर जा रहे थे कि अचानक सीजी एएच 1083 वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के बाईं ओर खड़ी एक मोटरसाइकिल से टकरा गयी और पलट गयी। हादसे में वाहन चालक रोहित साहू 25 वर्ष पुत्र अवधेश साहू निवासी कृष्णापुर थाना सूरजपुर जनपद रामानुज नगर छत्तीसगढ़ की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि वाहन में सवार अन्य यात्री और मोटरसाइकिल चालक सहित 8 लोग घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चोपन इलाज हेतु भेजा गया।

एनसीएल से सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान में हुआ अभिनंदन समारोह

सोनभद्र। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से जनवरी माह के अंत में 8 अधिकारियों व 63 कर्मचारियों सहित 71 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से नियाजुद्दीन अंसारी, सहायक प्रबन्धक (सर्वेक्षण विभाग), पी.अशोक कुमार, वरीय निजी सहायक ग्रेड-ए 1, (सतर्कता विभाग), राजेश कुमार चावड़ा, वरीय निजी सहायक ग्रेड-ए 1, (सामग्री प्रबंधन विभाग), बेनी रजक, सहायक पर्यवेक्षक (परिवहन) ग्रेड- सी (पर्यावरण विभाग), भुलन चंद, सहायक पर्यवेक्षक (परिवहन) ग्रेड-सी (सुरक्षा एवं बचाव विभाग), जय राज, सहायक पर्यवेक्षक (परिवहन) ग्रेड-सी (सिविल विभाग) एवं प्रकाश, सहायक पर्यवेक्षक (परिवहन) ग्रेड-सी (सामग्री प्रबंधन विभाग) सेवानिवृत्त हुए। कंपनी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल, सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (तकनीकी संचालन) जितेंद्र मलिक एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को जीवन की आगामी पारी की शुभकामनाएँ देते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होनें कंपनी की उतरोत्तर प्रगति में कर्मियों के अक्षुण्ण योगदान की सराहना की। इस दौरान निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक ने सेवानिवृति को जीवन का एक पड़ाव बताया एवं सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सुखद एवं खुशहाल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने एनसीएल में अपने लंबे कार्यालयीन जीवन के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया।

कोल इंडिया अंतर कंपनी हॉकी प्रतियोगिता आज

सोनभद्र। एनसीएल की दूधिचुआ परियोजना में कोल इंडिया अंतर कंपनी हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जा रही है जिसका समापन शनिवार को किया जाएगा। कोल इण्डिया अंतर कंपनी हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 में सीआईएल की अनुषंगी कंपनियां एमसीएल, एनसीएल, एसईसीएल, डबल्यूसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल सहित सिंगरेनी स्थित एससीसीएल की टीम हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच शुक्रवार को एसईसीएल व सीसीएल व एनसीएल व डबल्यूसीएल टीम के मध्य खेले गए। जिसमें सीसीएल, एसईसीएल की टीम को हराकर एवं एनसीएल की टीम, डब्ल्यूसीएल टीम को हराकर फाइनल में पहुंची। प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार को एनसीएल एवं सीसीएल के बीच खेला जाएगा।

संक्षेप

योगी सरकार में अपराधियों पर लगाई गई लगामः स्वतंत्र देव सिंह

अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा के निवाज का पुरवा, उधई, मांझगांव में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विधायक रामचन्दर यादव ने घर-घर जाकर सम्पर्क किया। जनचैपाल लगा कर ग्रामीणों से चर्चा की। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सरकारी योजनाओं का बखान किया।

उन्होंने कहा कि सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाओं के माध्यम से शहर से लेकर ग्रामीणांचल का विकास किया है। हजारों करोड़ की योजनाओं से अयोध्या को विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थापित कर रही है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, से महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है।

योगी सरकार में अपराधियों पर लगाम लगाई गई है। सपा के माफियाओं से प्रदेश को मुक्त कराया गया है।

दो ठेकेदारों के बीच मारपीट फायरिंग के बाद कार फूंकी

कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया में जिला जेल का निर्माण करा रहे दो ठेकेदार और उसके कर्मचारियों के बीच बुधवार की रात जमकर मारपीट हुई और हवाई फायरिंग भी हुई। दोनो पक्षों से तकरीबन चार लोग चोटिल बताये जा रहे है। इस दौरान कानपुर के ठेकेदार और उनके लोगो ने संतकबीरनगर के ठेकेदार की कार फूंक दी। पुलिस ने ठेकेदार प्रदीफ पाठक की तहरीर पर दुसरे पक्ष के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी ठेकेदार की स्कॉर्पियों अपने कब्जे में ले लिया है। देर शाम तक मामले को मैनेज करने का खेल चला, लेकिन बात नहीं बनी। बतादे कि जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव के करमहा कुटी के समीप जिला जेल का निर्माण चल रहा है। इसमें काम करने वाले कानपुर के ठेकेदार राजेंद्र यादव और संतकबीरनगर के ठेकेदार प्रदीप पाठक किराए के मकान में रहते हैं। इनके कर्मचारी भी यहीं पर रहते हैं। दोनों के बीच ठेकेदारी को लेकर काफी दिनों से ठनी थी। बताया जाता है कि कई बार कहासुनी भी हो चुकी थी। बुधवार की रात को दोनों ठेकेदारों के बीच लाठी-डंडे और रॉड से मारपीट हुई। इसमें एक पक्ष के लोगों पर चार राउंड हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने का आरोप है। घटना को लेकर अफरा-तफरी मच गई। देर रात को संतकबीरनगर के ठेकेदार प्रदीप पाठक की स्कार्पियो गाड़ी में कानपुर के ठेकेदार के लोगों ने आग लगा दी। सूचना के बाद भी नेबुआ नौरंगिया पुलिस मामले को मैनेज करने में पूरे दिन जुटी रही। इसमें राजनीतिक दबाव भी दोनों तरफ से था। राजेंद्र यादव की स्कॉर्पियों समेत दो वाहन थाने में खड़ी है। पांच लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दोनों ठेकेदार जेल में मिट्टी भराई का काम कर रहे हैं।

- जेल निर्माण में मिट्टी भरवाने को लेकर हुआ विवाद

हम किसी से कम नही के तर्ज पर कानपुर व संतकबीरनगर के ठेकेदार राजेंद्र यादव और प्रदीप पाठक के बीच वर्चस्व को लेकर विवाद बताया जा रहा है। हवाई फायरिंग के चलते घटना के दुसरे दिन पुलिस दिन भर मौके पर जमी रही। इंस्पेक्टर राम सहायक चौहान ने बताया कि दोनों ठेकेदारों के बीच वर्चस्व को लेकर विवाद हुआ है। इसमें प्रदीप पाठक की गाड़ी जली हैं। प्रदीप पाठक के तहरीर पर कानपुर के रहने वाले राजेंद्र यादव और इसके भाई समेत अज्ञात लोगो पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि हवाई फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है।

कमजोर बूथों पर करें विशेष फोकसः जेपीएस राठौर

अयोध्या। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, एमएलसी अवनीश पटेल व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने इनायत नगर के ऑस्कर केरला पब्लिक स्कूल में मंडल प्रभारी, मंडल पालक तथा शक्ति केन्द्र के संयोजक के साथ चुनाव प्रबंधन पर चर्चा की। बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि बूथ की ग्रेडिंग की गई है। शक्ति केन्द्र संयोजक बूथ के पदाधिकारियों से समन्वय बना कर कमजोर बूथ पर विशेष फोकस करें। कमजोर बूथ विजय के लिए वहां पदाधिकारियों की चैपालों का आयोजन करें। लगातार जनसम्पर्क व जनसंवाद की प्रक्रिया जारी रखें। पन्ना प्रमुख हर मतदाता से सम्पर्क करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति को लेकर जनसम्पर्क पर निकले। जनसम्पर्क की सभी टोलियों से मंडल के पदाधिकारी सम्पर्क में रहें। एमएलसी अवनीश पटेल ने कहा मतदान में गिनती के दिन शेष रह गए है। मंडल से लेकर बूथ के पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में एक्टिव रहें। जनसम्पर्क में कोई घर कोई मतदाता न छूटे।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

देवरिया। संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिदेवरिया ।आज जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर का निरीक्षण विशेष रूप से कारागार के सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की देखभाल, और उनकी सुविधाओं के बारे में था। उन्होंने कारागार में सुरक्षा तंत्र की समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया कि कैदियों की निगरानी मजबूत हो, जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में रहने वाले कैदियों की स्वास्थ्य सेवा और उनके भोजन व्यवस्था की भी जांच की। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कैदियों को अच्छी और सुरक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, और उनका इलाज समय पर हो। इसके साथ ही भोजन की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि कैदी किसी प्रकार की शिकायत न कर सकें ।पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने कारागार की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया और कहा कि सुरक्षा इंतजामों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कारागार में उउळश कैमरों का संचालन प्रभावी तरीके से किया जाना चाहिए और सघन गश्त की व्यवस्था की जानी चाहिए।

निरीक्षण के अंत में, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कारागार के अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर निरीक्षण करें और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। इस निरीक्षण से यह स्पष्ट हुआ कि जिला प्रशासन और पुलिस विभाग कैदियों की सुरक्षा और उनकी बेहतर देखभाल के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी .
।

अधिकारी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें : डीएम

कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जन सुनवाई के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को एक-एक व्यक्तियों से सुनकर संबंधित अधिकारियों को शासन के मंशानुरुप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये, कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि जो भी जन सुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही है। उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं तथा लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायती पत्र आवेदन कताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए। जन सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा एवं प्रशासनिक अधिकारी राजेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

युवाओं को मिलेगा उद्योग लगाने का अवसर

देवरिया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस योजना के तहत आगामी दस वर्षों में दस लाख नई सूक्ष्म इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है ।उपायुक्त उद्योग ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और पूंजी निवेश को बढ़ावा देना है। योजना के तहत आवेदक जनपद का निवासी होना चाहिए और उसकी आयु 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठवीं या जूनियर हाईस्कूल होनी चाहिए। इंटरमीडिएट उत्तीर्ण आवेदकों को वरीयता दी जाएगी आवेदक ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद-एक उत्पाद प्रशिक्षण, दुलकिट योजना,जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल डेवलपमेंट मिशन अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया हो, तो उसे प्राथमिकता मिलेगी। इसके अलावा, आवेदक ने पीएम स्वनिधि योजना के अतिरिक्त किसी अन्य सरकारी योजना के तहत ब्याज या पूंजी अनुदान का लाभ न लिया हो। आकांक्षात्मक विकास खंड के आवेदकों को भी प्राथमिकता प्रदान की जाएगी योजना के तहत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में अधिकतम पांच लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर शत-प्रतिशत ब्याज उपादान अगले चार वर्षों तक दिया जाएगा। परियोजना लागत का न्यूनतम दस प्रतिशत टर्म लोन के रूप में होना अनिवार्य होगा। परियोजना में भूमि या भवन की खरीद शामिल नहीं होगी। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 15 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को 12.5 प्रतिशत जाति/जनजाति/ दिव्यांगजन के लाभार्थियों को 10 प्रतिशत स्वयं के अंशदान के रूप में जमा करना होगा।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ विधिवत समापन

ललितपुर। ललितपुर। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1-31 जनवरी तक मनाये जाने के क्रम में आज 31 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह परिवहन कार्यालय ललितपुर में अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव (वित्त एवं राजस्व) के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति सावधानियों को अपनाये जाने पर जोर देते हुये जागरूकता कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों को इसी प्रकार आगे भी सड़क सुरक्षा के कार्यक्रमों को आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किये जाने की अपील की गयी।

उप मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को तत्काल उपचार किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया था। गोल्डन आवर में निकटतम चिकित्सालय में पहुंचाने की अपील की गयी तथा गोल्डन आवर में घायल व्यक्ति को चिकित्सालय में पहुंचाये जाने पर शासन द्वारा गुड सेमेरिटन के अन्तर्गत पुरस्कृत किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया। समापन समारोह में सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विद्यालयों में आयोजित की गयी प्रतियोगिताओं में विजयी 81 प्रतिभागियों को पुरूष्कार राशि उनके बैंक खाता में जमा करा दी गयी तथा आज उन सभी प्रतिभागियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी मो0 कय्यूम द्वारा जनपद के समस्त नोडल अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किये गये कार्यो के वारे में अवगत कराया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन मानस को सावधानी पूर्वक वाहन का संचालन किए जाने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों का पालन किए जाने पर बल दिया गया तथा उपस्थित चालक-परिचालकों से वाहन का संचालन नियमानुसार किए जाने की अपील की गयी। कार्यक्रम में अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, प्रभारी यातायात निरीक्षक, नोडल अधिकारी रोड सेफ्टी क्लब, प्रभारी, प्रभारी आई0राइड, प्रबंधक एन0एच0ए0आई0 तथा परिवहन कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 रीतेश खरे प्रवक्ता राजकीय महाविद्यालय ललितपुर द्वारा किया गया।

प्रतिष्ठान खुलने से बेढेंगे सुविधाओं के अवसर : पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह

कुशीनगर। पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने बैरिया चौराहा स्थित एक ट्रेडिंग कंपनी का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रतिष्ठान खुलने से सुबिधाओं के अवसर बेढेगे ।पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने फीता काट कर मन्नाई ट्रेडिंग कंपनी मार्बल कम्पनी, मीम मार्बल शो रूम का उद्घाटन किया। कहा कि अच्छे मार्बल एवं टाइल्स के लिए लोग बड़े शहरों में जाते हैं, हम उन्हें स्थानीय स्तर पर ही उम्दा मार्बल मुहैया कराएंगे। मीम मार्बल शो रूम के प्रोप्राइटर मोहम्मद अब्बास अहमद ने गुल दस्ता देकर अतिथियों पूर्वी मंत्री राधेश्याम सिंह का स्वागत किया और बताया कि हमारे यहां उत्तम क्वालिटी व किफायती मूल्य पर मार्बल, टाइल्स, सीट, बेसिन व पलंबर आदि के सामान दिए जाते हैं। सामान पर वारंटी गारंटी के साथ घर पर सर्विस भी मुहैया कराया जाता है। इस अवसर पर नवी हसन, प्रेमप्रकाश दुबे, इलियास अंसारी उमर फारूक, इरफान खुर्शीद उपस्थित रहे।

कोर्ट के आदेश के दस वर्ष बाद भी नहीं मिल रहा कब्जा

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। जिले के आला अधिकारियों के लिए हाई कोर्ट और देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन करा पाना मुश्किल दिख रहा है। कोर्ट के द्वारा दिए गए आदेश के 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी पीड़ित को न्याय नहीं मिल पा रहा है, जिससे पीड़ित तहसील से लेकर जिले के आला अधिकारियों की चैखट नापने को मजबूर है, लेकिन अधिकारियों की तरफ से गरीब किसान को सिर्फ कोरा आश्वासन ही दिया जा रहा है। दूसरी तरफ पीड़ित को दबंगों द्वारा जमीन पर खेती करने से मना किया जा रहा हैं, मामला बीकापुर तहसील क्षेत्र के पंडरी गांव से जुड़ा है पीड़ित महेंद्र सिंह ने बताया कि पंडरी गांव की रहने वाली इंद्रदेई लगभग डेढ़ सौ बीघे खेत की मालकिन थी जिनके पास कोई संतान नहीं थी जिनकी देख रेख करने के लिए हमारे पिताजी स्वर्गीय राम चेत सिंह जो अपनी बुआ इंद्रदेई के साथ रहते थे 1963 में चकबंदी के दौरान इंद्रदेई के साथ वह जमीन मे सह खातेदार हो गए लेकिन 1976 में इंद्रदाई की मृत्यु हो गई इंद्रदेई के मरने के बाद जमीन पर कब्जजे की नीयत से दयाशंकर सिंह अपने परिजनों के साथ मिलकर रामचेत सिंह को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया कुछ ही दिनों बाद रामचेत सिंह बिछिप्त हो गए इसी बीच दया शंकर सिंह पुत्र रामनरेश सिंह ने फर्जी वसीयत के सहारे मुकदमा कर 140 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया। मुकदमे के दौरान रामचेत सिंह की भी वर्ष 2000 में मौत हो गई लगभग 30 वर्षों तक चले मुकदमे के बाद बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अयोध्या ने 21 दिसम्बर 2009 को दयाशंकर सिंह की वसीयत को फर्जी मानकर अपने आदेश में जमीन का मालिक रामचेत सिंह के चारों पुत्र महेंद्र सिंह, अमरिंदर सिंह ,राजेंद्र सिंह धीरेंद्र सिंह व रामचेत सिंह की पत्नी कौशल्या देवी आदि के नाम कर दी इसके बाद विपक्षी ने उपसंचालक चकबंदी अधिकारी फैजाबाद के यहां अपील कर न्याय की गुहार लगाई लेकिन 10 मार्च 2011 को दया शंकर सिंह की अपील को खारिज कर दिया गया, इसके बाद मामला हाई कोर्ट जा पहुंचा जहां पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने भी दयाशंकर सिंह की वसीयत को फर्जी मानकर उपसंचालन अधिकारी फैजाबाद व बंदोबस्त चकबंदीअधिकारी अयोध्या के आदेश को बरकरार रखते हुए 18 सितम्बर 2014 को दयाशंकर सिंह की अपील को खारिज कर कोर्ट ने आदेश दिया कि अब तक विपक्षी द्वारा बोई गई फसल पीड़ित की फसल के नुकसान की भरपाई 3 महीने के अंदर की जाए इसके बाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए दया शंकर सिंह ने देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट की शरण ली लेकिन दया शंकर सिंह को वहां से भी कोई राहत नहीं मिली और निराशा हाथ लगी सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए वह विपक्षी द्वारा कि गई अपील को फ्रॉड का केस मानते हुए 13 फरवरी 2015 खारिज कर दिया ।

- आला अधिकारियों की चौखट नापने को मजबूर है पीड़ित महेन्द्र सिंह

इसके बाद कोर्ट के आदेश के अनुपालन में बीकापुर तहसील प्रशासन ने वर्ष 2017 में जमीन पर कब्जा परिवर्तन कर दिया, लेकिन दयाशंकर सिंह की दबंगई का आलम यह है कि कब्जा परिवर्तन के बावजूद दबंग किस्म के दयाशंकर सिंह व उनके पुत्र राणा प्रताप सिंह, राज प्रताप सिंह जब पीड़ित महेंद्र सिंह खेत में बुवाई जुताई के लिए जाते हैं तब उनको जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया जाता है, और पुलिस प्रशासन भी उन्हीं के सुर में सुर मिलकर टालमटोल करता नजर आता है और प्रशासन की तरफ से कुछ दिनों के लिए खेत की जुताई को रोक दी जाती है। कुछ दिनों पूर्व महेंद्र सिंह खेत में गेहूं की बुवाई के लिए गए थे लेकिन दबंगों द्वारा फिर मना कर दिया गया पीड़ित जब थाना अध्यक्ष इनायतनगर देवेंद्र पांडे से बात की तो थाना अध्यक्ष ने आचार संहिता का हवाला देकर 10 फरवरी के बाद जुताई करने के लिए कहा। लगभग 39 साल तक लगातार तहसील से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सुनवाई हुई लेकिन सांच को आंच नहीं आई ,लेकिन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के 10 वर्ष बीतने के बाद तहसील प्रशासन कागज में तो कब्जा परिवर्तन कर दिया है लेकिन पीड़ित गाटा संख्या 214 पर ही काबिज हो सका जिसका क्षेत्रफल लगभग 40 बीघे है। शेष बची हुई सैकड़ो बीघा जमीन पर पीड़ित अभी भी खेती नहीं कर पा रहा है।

बिजली घर में जेई और कर्मचारियों पर मारपीट और लूट का आरोप

अयोध्या। चौक बिजली घर में जूनियर इंजीनियर (जेई) नरेश चंद्र जायसवाल और 12 से 15 कर्मचारियों पर एक युवक के साथ मारपीट करने और उसकी सोने की चेन छीनने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित राकेश निषाद, पुत्र अश्वनी कुमार निषाद, निवासी महाजनी टोला, रिकाबगंज, अयोध्या ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। राकेश निषाद का आरोप है कि उसका ध्4710 का बिजली बिल बकाया था, जिसके कारण 30 जनवरी 2025 को उसका बिजली कनेक्शन काट दिया गया। जब वह इस संबंध में बातचीत करने के लिए चैक बिजली घर पहुंचे और जेई नरेश चंद्र जायसवाल के चेंबर में गए, तो जेई ने बात करने से इनकार कर दिया और अपशब्द कहे।

राकेश ने आरोप लगाया कि जब उसने इस पूरी घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू की, तो जेई और अन्य 10-12 अज्ञात कर्मचारियों ने मिलकर उसे बेरहमी से पीटा।

एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन

देवरिया। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप, बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय के निर्देशन एवं समन्वय में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, देवरिया एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, लाइवलीहुड बिजनेस इन्क्यूबेटर, निकट फल मंडी चौराहा, सोंदा, देवरिया में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया गया ।रोजगार मेले में 352 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 06 कंपनियों द्वारा 156 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन अपराह्न 02:00 बजे तक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव जे.पी. जायसवाल एवं उद्यमी विजय कुशवाहा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की रोजगार मेले के संयोजक रोहित सिंह, उप प्रबंधक, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, देवरिया, एवं रोहन अपूर्व सिन्हा, जिला सेवायोजन अधिकारी, देवरिया ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी और असफल अभ्यर्थियों को पुनः कठोर परिश्रम कर सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया ।इस आयोजन में हिमांशु, गौरव, सिद्दीकी, शहनवाज तथा पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक वंदना वर्मा, हेड कॉन्स्टेबल अभिनव यादव एवं कॉन्स्टेबल आशीष सिंह यादव का अमूल्य योगदान रहा। इसके अतिरिक्त, सेवायोजन विभाग एवं राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के अन्य कार्मिकों का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

टॉफी कांड में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

कुशीनगर। जहरीली टाफी से चार मासूम बच्चो की जान लेने वाले तीन आरोपियों को जिला एंव सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार शशि की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड से दण्डित किया है। तीनों अपराधी कुड़वा दिलीपनगर के निवासी है। घटना वर्ष 2022 के मार्च माह की है।

- जिला एंव सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला, दोषियों को कारावास के साथ 25-25 हजार का अर्थदंड
- चार मासूमों की जान लेने वाले आरोपियों पर दोष सिद्ध

गौरतलब है कि कसया थाना क्षेत्र के कुडवा दिलीपनगर के लठऊर टोला मे अनुसूचित जनजाति (लठऊर समाज) से ताल्लुक रखने वाले रसगुल्ला और प्रेम प्रसाद के बीच आपसी विवाद चल रहा था। 23 मार्च - 2022 को सिसई गुरम्हिया टोला निवासी प्रेम प्रसाद, बाला प्रसाद पुत्र गण जोगिन्दर उर्फ योगेन्द्र, चाबस पुत्र राजबली ने रसगुल्ला के दरवाजे पर सुबह टॉफी मे जहर मिलाकर पालीथीन मे रखकर फेंक दी थी। रसगुल्ला के घर की महिला मुखिया देवी 23 मार्च - 2022 सुबह अपने घर के सामने झाड़ू लगा रही मुखिया देवी को एक पालीथिन मे पांच टॉफी और नौ रुपये मिले। महिला ने उस पालीथिन से तीन टाफी अपने नातियो व एक टाफी वहा मौजूद अपने पडोसी के बच्चे को दे दिया।

बच्चे टाफी खाकर जैसे ही बाहर खेलने के लिए कुछ दूर आगे बढे लडखडाकर जमीन पर गिर पडे और तडफडाने लगे। उस समय गांव वाले एंबुलेंस को लगातार फोन करते रहे लेकिन मौके पर एंबुलेंस नही पहुचा। परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से चारो बच्चो संजना, स्वीटी, समर, आरुष को बाइक से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने इन चारो बच्चो को मृत घोषित कर दिया।

इन बच्चों की हुई मौत

मृत बच्चों में रसगुल्ला की छह वर्षीय पुत्री संजना, तीन वर्षीय पुत्री स्वीटी, दो वर्षीय पुत्र समर और मायके आई रसगुल्ला की बहन खुशबू के एकलौते पांच वर्षीय पुत्र आरुष की मृत्यु हुई थी। मृत बच्चे अनुसूचित जनजाति लठ परिवार के हैं।

सीएम ने ली घटना की जानकारी, दिए जांच के आदेश

जनपद में चार बच्चों की मौत के मामले में सीएम योगी आदित?यनाथ ने जांच का आदेश दिया है। उन?होंने अधिकारियों से पीड़ित परिवार की तत?काल सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया था।

आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है महाकुम्भः प्रो. रत्नेश

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में शुक्रवार को पूर्वांह्न ह्यवैश्विक आध्यात्मिक संस्कृति का महापर्व कुम्भह्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता इण्टरनेशल एसोसिएशन ऑफ जर्नलिज्म पेरिस के निदेशक प्रो0 रत्नेश द्विवेदी ने पत्रकारिता के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज के महाकुम्भ को तार्किक एवं वैज्ञानिक ढ़ग से समझना होगा। यह कुम्भ सृष्टि का द्योतक है। पूरी दुनिया की दृष्टि हमारे अध्यात्मिक नगरी प्रयागराज कुम्भ क्षेत्र पर है इसके महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। वैश्विक स्तर पर लोग उस ऊर्जा के रहस्य को जानने की उत्सुकता में वही पहुॅचना चाहते है। वैदिक काल से चली आ रही परम्परा कितनी वैज्ञानिक है। उन्होंने कहा कि धर्म को शिक्षा से जोड़ा जाना चाहिए। वर्तमान में पूरी दुनिया में 265 धर्म है। सभी को अपने धर्मो के बारे में जानने की उत्कंठा होती है। सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है। इसलिए हमें भी अपने धर्म के बारे जानना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो0 द्विवेदी ने कहा कि यह महाकुम्भ करोड़ों श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। यह उत्सव सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और आध्यात्मिकता का समावेश है। गंगा में पवित्र डुबकी लगाना आध्यात्मिक रूप से आत्मा में ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आध्यात्मिक संस्कृति का महत्व यह है कि लोगों की जिदंगी को अध्यात्मिकता से जोड़ती है। इससे सकारात्मक ऊर्जा के साथ-साथ शांति मिलती है। कार्यक्रम में एमसीजे समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुवेर्दी ने बताया कि कुम्भ वैश्विक जनमानस का लोकमंगल है। यह जितना आध्यात्मिक है उतना ही सांस्कृतिक और सामाजिक भी है। धर्म, जात-पात से उपर उठकर सभी में विश्वबन्धुत्व का संदेश देता है। यह महाकुम्भ दुनियाभर के शोधार्थी एवं वैज्ञानिक इस वैदिक विरासत को समझने की खोज में आते है और इस प्रबंधन तकनीक से काफी कुछ सीखते है। इस महाकुम्भ में विश्वभर की संस्कृतियों की झलक दिखती है। पूरी दुनिया कह रही है यह त्रिवेणी स्थल अद्भुत, आलौकिक और अप्रतिम है। कार्यक्रम में डॉ0 आरएन पाण्डेय ने कहा कि इस महाकुम्भ से आध्यात्मिकता को अच्छी से जाना एवं परखा जा सकता है। यह जितना वैज्ञानिक है उतना ही अलौकिक है। यह सांस्कृतिक पर्व सभी को एक सूत्र में बाधने का कार्य करता है। विश्वबंधुत्व और एकता का प्रतीक महाकुम्भ है। कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत अगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर आदित्य उपाध्याय, दयानंद तिवारी, तन्या सिंह, दिवाकर चैरसिया, श्रेया श्रीवास्तव, एकता वर्मा, गार्गी पाण्डेय, कल्पना पाण्डेय, ब्रजेश गुप्ता, अक्श पाण्डेय, नेहा, साम्वी गुप्ता आदि है।

लौट रही श्रद्धालुओं से भरी पिकअप ट्रक से टकराई, 8 जख्मी, एक गंभीर

देवरिया। प्रयागराज से लौट रहे कुशीनगर के श्रद्धालुओं की गाड़ी देवरिया शहर के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें सवार 14 श्रद्धालु घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंचाया। जहां सामान्य रूप से 9 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। जबकि चार घायलों का मेडिकल कालेज में ईलाज चल रहा है। एक गंभीर घायल को बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। सूचना पर मेडिकल कॉलेज पहुंचे डीएम और एसपी ने घायलों का हाल चाल पूछा और डाक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार कुशीनगर जनपद के कसया थाना क्षेत्र के ग्राम सिसई, कुरमौटा, विशुनपुरा समेत विभिन्न गांवों के लोग मौनी अमावस्या पर संगम स्नान करने के लिए प्रयागराज गए थे। स्नान करने के बाद पिकअप से ही अपने गांव लौट रहे थे, अभी वह सदर कोतवाली के सोनूघाट के महुआनी के निकट पहुंचे थे कि अचानक ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे पिकअप पलट गया और उसमें सवार लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें पिकअप से बाहर निकाला और मेडिकल कालेज पहुंचाया। घायलों में शाहपुर कुरमौटा निवासी राधेश्याम, सीमा देवी पत्नी राधेश्याम, कुंती देवी पत्नी चंद्रदेव, लक्ष्मीना पत्नी जोगिंदर, विशुनपुरा निवासी ऊषा देवी पत्नी सत्येंद्र, कुरमौटा निवासी चंदा देवी पत्नी मोतीलाल, सिसई निवासी पार्वती देवी को भर्ती कराया गया है। जिसमें से सीमा देवी की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। डीएम ने बताया कि आज साढ़े साथ बजे सोनूघाट के पास प्रयागराज से कुशीनगर लौट रहे श्रद्धालुओं की पिक अप ट्रक से टकराकर पलट गई। 14 घायल जिला अस्पताल में आए थे।

संक्षेप

महिला ने ननदोई पर छेड़खानी का आरोप लगाया

पाटन, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने अपने रिश्तेदार पर जबरदस्ती छेड़खानी करने और शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, उसका पति बीमार चल रहा है, जिसका फायदा उठाकर उसका ननदोई (पति का जीजा) आए दिन घर आता जाता था और जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करता था। विरोध करने पर उसने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। लोकलाज के भय से पीड़िता चुप रही। पीड़िता ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले आरोपी अपने साथियों के साथ घर आया और उसके पति को कुछ खिलाकर तबियत औ? खराब कर दी। हालत गंभीर होने पर ननदोई बाबूलाल पुत्र स्व० राम गुलाम निवासी परसंडा जबरदस्ती उन्नाव के एक निजी अस्पताल अपनी सोची समझी नियत के तहत ले गया, जहां पीड़िता से अभद्रता कर अस्पताल से भगाने लगा। तब पीड़िता ने पीआरवी डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर पहुँची पुलिस को आता देख उपरोक्त व्यक्ति अपने साथियो के साथ भाग गया।

स्वास्थ्य विभाग और उम्मीद परियोजना ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुँच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग निरंतर अपने सभी स्टाफ के साथ निरन्तर काम कर रहा है।

जिसमें स्वास्थ्य विभाग की समस्त आशाएं, ए एन एम, सी एच ओ, स्टाफ नर्स, डॉक्टर, सर्जन, जिला स्तरीय टीम के साथ सहयोगी संस्थाओं द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। जनपद में परिवार नियोजन को गति देने वाला योद्धा स्टाफ को विभाग सीएमओ, एसीएमओ और सीएमएस के द्वारा सर्टिफिकेट, गिफ्ट, एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जनपद के सभी आशाओं में से परिवार नियोजन के अलग अलग विधा में सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान की आशाओं को पुरस्कृत किया गया। इस प्रकार से उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्टाफ नर्स, ए एन एम, सी एच ओ, एफ पी नोडल, बीसीपीएम, बीपीएम, ब्लॉक के फार्मासिस्ट, अधीक्षक, डॉक्टर, सर्जन, जिला स्तरीय टीम के साथ सहयोगी संस्था यूपीटीएसयू, पीएफआई, एवं पीएसआई इंडिया के जनपद स्तरीय स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ सत्य प्रकाश ने सभी को मुबारकबाद देते हुए सभी को प्रोत्साहित किया और बताया कि जनपद में परिवार नियोजन के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को ऊंचाइयों तक ले जाने में आप सभी का योगदान सराहनीय है। सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय डॉ फौजिया नोमानी ने कहा परिवार नियोजन में इस प्रकार के आयोजन से समस्त स्टाफ का उत्साहवर्धन होता है, हमें इस प्रकार का आयोजन करते रहना चाहिए। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी परिवार नियोजन डा हरिनंदन प्रसाद ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं सराहना करते हुए इसी प्रकार से लगन के साथ कम करने के लिए आह्वान किया। इस अवसर समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएचएम, डीसीपीएम, डीएफपीएलएम, अर्बन पीएफआई, जिला स्तरीय प्रतिनिधि टीएसयू, प्रतिनिधि पीएसआई के अतिरिक्त अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

स्टाम्प पेपर खरीदने के लिए दर दर भटकने को मजबूर जरूरतमंद

सोहावल-अयोध्या। लगभग एक माह से चल रही स्टाम्प पेपर की कमी अब कालाबाजारी में बदल चुकी है। 10 रुपए और 100 रुपये के स्टांप पेपर लाइसेंसी स्टांप वेंडरों के साथ निजी ई-स्टांप विक्रेता जन सेवा केंद्रों से भी नदारद है। जिन दुकानदारों के पास है। वह चोरी छिपे तीन गुने दामों में बेंच रहे है। इसके अभाव में 10 रुपये के स्टांप पेपर पर बनने वाली नोटरी अब 50 रुपये के स्टांप पर बनवाई जा रही है। जो अब तीन गुना महंगी पड़ रही है। तहसील मुख्यालय पर आधा दर्जन स्टांप वेंडर नियुक्त किए गए है। इतने ही ई-स्टांप विक्रेता के रूप में रजिस्टर्ड जनसेवा केंद्र संचालित है। इनकी दुकानों से 50 रुपये के स्टांप पेपर को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के स्टांप पेपर नदारद है।

स्टांप वेंडर बताते हैं कि शासन स्तर से न आने से ट्रेजरी से यह स्टांप नहीं मिल पा रहा है।

आरोप है कि कुछ दुकानदार और वेंडर्स जिनके पास है भी वह तीन गुने दामों पर चोरी छिपे बेचते हैं। इसकी कमी पूरा करने के लिए कुछ सौ मीटर पर बना रजिस्ट्री कार्यालय भी हाथ खड़ा कर रहा है।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षुओं को बांटे प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र

सीतापुर। इण्डियन बैंक द्वारा संचालित इण्डबैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के मार्गदर्शन में जूट प्रोडक्ट उद्यमी का प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम समापन के अवसर पर पधारे जिलाधिकारी ने सभी प्रशिक्षुओं को आरसेटी द्वारा समूह के माध्यम से बहुत कम समय में जूट के इतने अच्छे बैग्स का निर्माण करने हेतु इण्डसेटी संस्थान के निदेशक तथा अन्य स्टॉफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को लॉन्च किया गया है जिसमें आप सभी को व्यवसाय करने के लिये 05 लाख रुपए तक का ऋण बिना किसी गारन्टी के तथा बिना ब्याज के मिल रहा है। आप लोगों के पास यह अच्छा अवसर है कि इण्डियन बैंक आरसेटी द्वारा आपको प्रशिक्षित किया गया है तथा शासन द्वारा आपको बिना ब्याज के ऋण मिल रहा है। आप लोग इस योजना का लाभ उठाकर उद्यमी बनें ऐसी हमारी कामना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरित किया एवं संस्थान परिसर में पौधरोपण भी किया। इस कार्यक्रम में उप अंचल प्रमुख अश्वनी कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक अनल कुमार एवं आरसेटी निदेशक उपस्थित रहे। इण्डियन बैंक आरसेटी के निदेशक अंकुश वर्मा ने संस्थान में पधारे जिलाधिकारी उप अंचल प्रमुख एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

जरूरतमंदों को जन्मदिन के अवसर पर वितरित किये कम्बल

महमूदाबाद/सीतापुर। जिला पंचायत निर्माण समिति अध्यक्ष शिवकुमार गुप्त ने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक सैकड़ा से अधिक जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये। इस अवसर पर उनके द्वारा अपने निजी स्कूल में रामचरित मानस का अखण्ड पाठ का आयोजन कराया गया। अखण्ड पाठ के समापन के बाद भण्डारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि और निर्माण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्त के जन्मदिन के अवसर पर रामपुर मथुरा स्थित एक निजी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामचरित मानस के अखण्ड पाठ के साथ समापन के पश्चात भण्डारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही शिवकुमार गुप्त ने करीब एक सैकड़ा जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु गुप्त, मोहन प्रसाद बारी, सुरेश प्रकाश मिश्र, चक्रसुदर्शन पाण्डेय, बच्चा सिंह, आशीष मौर्य, हिमांशु गुप्ता, रमेश गुप्त, जयसिंह वर्मा, मो. सोनू, दुर्विजय सिंह, रवि अवस्थी, मृगांक वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

पांच दिवसीय रामलीला हवन व भगवान राम के मुकुट पूजा के साथ शुरू होगे कार्यक्रम

महमूदाबाद/सीतापुर। नगर के वार्ड सुदौंली में वसंत पंचमी के अवसर से शुरू होने वाली रामलीला बीते 71 सालों से लगातार होती चली आ रही है। वसंत पंचमी से शुरू होने वाली पांच दिवसीय रामलीला हवन व भगवान राम के मुकुट पूजा के कार्यक्रम के साथ शुरू होगी। यह जानकारी देते हुए श्री रामलीला अभिनय समिति प्राचीन के अध्यक्ष उमाशंकर मौर्य ने बताया कि दो फरवरी रविवार को हवन पूजन व भगवान राम के मुकुट पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ होगा। तीन फरवरी को दिन में नारद मोह व रामजन्म व रात्रि में ह्यधूल का फूलह्य, चार फरवरी को ताड़का वध, मारीच दरबार व रात में ह्य खुदा दोस्तह्य, पांच फरवरी को जनक बाजार, गौरी पूजन व रात में ह्यजुर्म को जला दूंगाह्य तथा अंतिम दिन छह फरवरी को धनुष भंग व राम कलेवा तथा रात्रि में ह्यशोलेह्य नाटक का मंचन होगा। रामलीला सहित सभी नाटकों का मंचन स्थानीय लोगों के द्वारा किया जाएगा।

चहलारी पुल पर ट्रक जलकर राख

सीतापुर। बहराइच-सीतापुर मार्ग स्थित चहलारी घाट पुल पर गुरुवार शाम एक भयानक हादसा होते-होते बच गया। लकड़ी से भरा एक डीसीएम ट्रक अचानक आग की चपेट में आ गया। ट्रक के केबिन के नीचे से शुरू हुई आग देखते ही देखते पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले ली। सूझबूझ दिखाते हुए चालक ने तुरंत ट्रक को पुल के किनारे खड़ा किया और केबिन से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही थाना थानगांव और बहराइच जिले के थाना हरदी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया। घटना के कारण पुल के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि ट्रक बहराइच की ओर जा रहा था। पुल पर पहुंचते ही इसमें आग लग गई। चालक की सतर्कता से कोई जनहानि नहीं हुई।

चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

सीतापुर। शहर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 11वीं वाहिनी ओवर ब्रिज लखनऊ -दिल्ली हाईवे के निकट छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने लाल कुर्ती की तरफ जाने वाली सड़क से देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गंगापुर निवासी अतुल पुत्र रामकिशोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस का कहना है कि बरामद मोटरसाइकिल को शहर कोतवाली क्षेत्र से चोरी किया गया था। बाइक चोरी की घटना शहर कोतवाली में दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

अवैध असलहा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

सीतापुर। कोतवाली बिसवां पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला महाराजगंज निवासी पंकज कुमार पुत्र स्वर्गीय रमेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि पंकज शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ विभिन्न अपराधों के करीब 11 मामले दर्ज है। पुलिस ने इस संबंध में बिसवां कोतवाली में पंकज कुमार के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करायें:डीएम

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान विद्युत की मांग को दृष्टिगत रखते हुए मानकों के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर लगाए जाने की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनशक्ति बढ़ाते हुए लक्ष्य के अनुसार पूरे जनपद में स्मार्ट मीटर लगाया जाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश भी दिए। स्टोर से आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की उपलब्धता की स्थित की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्टोर में मानकों के अनुसार उपकरणों, ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल, तार आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। ट्यूबवेल कनेक्शन के लंबित प्रकरणों में जिलाधिकारी ने सामग्री की आपूर्ति समय से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर निर्धारित समयावधि में बदलवाए जाए। विद्युत व्यवस्था सम्बंधी शिकायतों का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किया जाये। विद्युत चोरी करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना के लाभों के विषय में बताकर लक्ष्य के अनुसार ओटीएस योजना में पंजीकरण कराएं। अवशेष विद्युत बिलों का समय से भुगतान सुनिश्चित कराए जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत सहित सभी अधिशासी अभियंता, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

रोजगार सेवक संघ ने विधायक को सौंपा मांगपत्र, मांगा न्याय

महोली/सीतापुर। राजनैतिक द्वेष भावना के चलते शील्हापुर के रोजगार सेवक की मनरेगा आईडी बंदकर सहायक को जारी कर दी गई। रोजगार सेवक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विजय वर्मा के नेतृत्व में खंडविकास अधिकारी को तीन बिन्दुओ का मांगपत्र विधायक शशांक त्रिवेदी को देकर न्याय की मांग की है। दिए गए मांगपत्र में कहा गया है कि क्षेत्र पंचायत से कराए गए कार्य का शिलापट लगा था जिसे अराजक तत्वो ने तोड़ डाला जिसका मिथ्या आरोप लगाया गया। पुलिस जबरिया दबाव बना रही है। शील्हापुर में खाघान्न दुकान निर्माण मे रोजगार सेवक कमलेश कुमार यादव को परेशान किया जा रहा है, जबकि कार्यवाई संस्था ग्राम पंचायत मे किसी भी कार्य को कराने से पहले लेआऊट तकनीकी सहायक द्वारा किया जाता है, पंचायत मे होने वाले कार्यो में प्रधान और सचिव की भी भूमिका होती है, जबकि सिर्फ रोजगार सेवक को दोषी ठहराया जा रहा है। मांग की गई निष्पक्ष जांच कराई जाए वर्ना संगठन कठोर निर्णय लेने को मजबूर होगा। इस दौरान अजय, मोनिका ,विजय आदि रोजगार सेवक शामिल रहे।

अपार आईडी बनी मुसीबत, विभागीय आदेश अव्यावहारिक और तानाशाही

जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव। शिक्षा विभाग द्वारा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु संचालित अपार आईडी योजना अभिभावकों, शिक्षकों व वित्तविहीन विद्यालयों के लिए जी का जंजाल बन गई है। आधार संशोधन, अपडेशन व नये आधार का निर्माण सुविधाजनक न होने से सभी व्याकुल हैं। बेसिक शिक्षा विभाग से लेकर माध्यमिक शिक्षा व वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षक बीते कुछ समय से अपने विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की अपार आईडी बनाने में व्यस्त हैं। लेकिन अपेक्षानुरूप सफलता नहीं मिल पा रही है। ऊपर से विभागीय आदेश शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। परिषदीय विद्यालयों में अधिकांश छात्रों के आधार वैरीफाई नहीं हो पा रहे हैं। छात्रों की जन्मतिथि आधार पर गलत दर्ज है और उनके अभिभावकों के आधार भी वैरीफाई नहीं हो पा रहे हैं। अधिकांश समस्या यह है कि जन्मतिथि में अंतर के साथ ही उनके नाम की स्पेलिंग व नाम में भी करेक्शन नहीं हो पा रहा है। आधार संशोधन हेतु आमतौर पर संस्थाएं काम नहीं कर रही हैं बल्कि कुछ चुनिंदा बैंकों व डाकखानों में ही आधार से संबंधित काम हो रहे हैं। अभिभावकों का आरोप है कि आधार संशोधन नहीं हो पा रहा है। सुबह से लाइन लगाते हैं लेकिन दिन भर परेशान होने के बाद भी आधार संशोधन नहीं हो पा रहा है। जबकि परिषदीय विद्यालयों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने वेतन रोकने व वित्तविहीन विद्यालयों की मान्यता समाप्त करने जैसे अव्यवहारिक आदेश जारी कर दिया है। इससे शिक्षकों व अभिभावकों के साथ-साथ वित्तविहीन विद्यालयों के प्रबंधक व कर्मचारी परेशान हैं। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक तनावग्रस्त होकर प्रायः सड़क दुघर्टना में अपनी जान गंवा रहे हैं। वित्तविहीन संस्थान भी लामबंद होकर विरोध करने की तैयारी में है। जबकि अपार आईडी की नियमावली में कंपल्सरी नहीं बताया गया है। अभिभावकों में अरविंद कुमार, मनोज कुमार, अशोक आदि लोगों ने बताया कि नया आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं और हम लोग रोज परेशान हो रहे हैं।

बालीवाल व क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

महोली/सीतापुर। हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धेय कौशल किशोर त्रिवेदी की स्मृति में उनके पुत्र विधायक शशांक त्रिवेदी द्वारा वॉलीबॉल व क्रिकेट टूनार्मेंट का कृषक इंटर कालेज मैदान में किया गया। वालीबाल टूनार्मेंट का शुभारंभ विधायक शशांक त्रिवेदी व एसडीएम शशीबिंदु त्रिवेदी ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया। पहले टूनार्मेंट में बहराइच व सीतापुर टीम में भिड़ंत हुई। खेल वेस्ट ऑफ फाइव खेला गया। जिसमें सीतापुर टीम ने चार व बहराइच टीम ने एक मैच जीता। पहले राउंड में सीतापुर में 25,15 से बहराइच को हराया। दूसरे राउंड में बहराइच में 25,22 से सीतापुर को हराया। तीसरे राउंड में सीतापुर ने 25,15 चैथे राउंड में 25,19 से बहराइच को हराकर मैच जीत लिया। वही सीतापुर टीम के खिलाड़ी प्रकाश व युवराज का अच्छा प्रदर्शन रहा। दूसरा मुकाबला गोला व रेलवे लखनऊ के बीच खेला गया। जिसमें पहले,दूसरे व तीसरे राउंड में रेलवे लखनऊ ने गोला को 27,25, 25,19, 25,23 से गोला को हराया। तीसरा मुकाबला पसिगवां व बरगवां के बीच खेला गया। जिसमें पसिगवां ने वरगावां को 25,14, 25,15 से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार सीतापुर टीम के प्रकाश, लखनऊ टीम के परवीन मलिक व पसिगवां टीम के अनिल को विधायक शशांक त्रिवेदी ,एसडीएम शशी बिंदु द्विवेदी व इंस्पेक्टर विनोद कुमार मिश्रा ने दिया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, धीरेंद्र सिंह चैहान,प्रमुख पिसावां मिथिलेश यादव, ऐलिया प्रमुख प्रतिनिधि संजीव सिंह, श्री चंद्र मिश्रा, कर्मवीर सिंह प्रवीन शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, मुकेश मिश्रा, राकेश अवस्थी, नितिन गुप्ता सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

यज्ञशाला में अचानक लगी आग पूरा पंडाल जलकर राख

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के भैरमपुर गांव में चल रहे साप्ताहिक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान शुक्रवार दोपहर को एक बड़ा हादसा हो गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में यज्ञशाला में अचानक आग लग गई, जिससे पूरा पंडाल जलकर राख हो गया। ब्रह्मदेव आश्रम में 27 जनवरी से 2 फरवरी 2025 तक चलने वाले इस महायज्ञ का आयोजन किया गया था। शुक्रवार दोपहर को अचानक लगी आग ने देखते ही देखते पूरी यज्ञशाला को अपनी चपेट में ले लिया।

आग लगने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासी सुरेंद्र के अनुसार, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

अपनी मांगों को लेकर मछुआरा समाज निकाल रहा रथ यात्रा

उन्नाव। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल ह्लनिषाद पार्टीह्व के तत्वावधान में निकली जा रही ह्लसंवैधानिक अधिकार रथ यात्राह्व (64वें) दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष-निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में जनपद उन्नाव में यात्रा प्रवेश कर रही है। मछुआ समाज के आरक्षण व अन्य लंबित मुद्दों को लेकर शाहकुंभरी देवी शक्तिपीठ, जनपद सहारनपुर से 30 नवंबर 2024 से निकाली गई है, डा संजय कुमार निषाद ने कहा की यात्रा ह्लसंवैधानिक अधिकार यात्राह्व प्रदेश के सभी जनपदों की 200 निषाद बाहुल्य विधानसभा होते हुए दिल्ली में समापन करेगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य है की निषाद पार्टी का गठन मछुआ समाज के संवैधानिक एससी आरक्षण के मुद्दे को हल करवाते हुए, आरक्षण का लाभ मछुआ समाज को मिल सके और निषाद पार्टी द्वारा अभी तक मछुआ आरक्षण को लेकर उठाए गए सभी कदमों की जानकारी भी मछुआ समाज के समक्ष रखी जा रही है।

समाधान दिवस पर अधिकारी सुनेंगे लोगों की समस्याएं

उन्नाव। जन सामान्य को जानकारी दी है कि 01 फरवरी 2025 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पुरवा उन्नाव में होगा, जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार तहसील बीघापुर में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), तहसील सफीपुर में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), तहसील बांगरमऊ एवं हसनगंज में संबंधित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यदि किसी भी जनपदवासी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है, तो वह सम्बन्धित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है।

श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों ने विभिन्न धार्मिक और सास्कृतिक गतिविधियों का लिया आनंद

सीतापुर। विकास खण्ड कसमण्डा के ग्राम भाहूर के मां काली शक्ति पीठ मन्दिर के परिसर मे आयोजित पांच द्रिवसीय पारंपारिक धनुष यज्ञ मेला का भव्य समापन हुआ। इस वर्ष भी पिछले कई वर्षो किया परंपरा को आगे बढाते हुये मेले का आयोजन किया गया, जिसमे वृंदावन के कलाकारों ने पांच दिनो तक मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम की विभिन्न लीलाओं का मनमोहक मंचन किया। जिसमे परशुराम लक्षण संवाद, सीता स्वयंवर और राम कलेवा जैसे प्रसंगो का सजीव प्रस्तुतिकरण किया। विशेष रूप से मेला कमेटी द्रारा समाजसेवियों का सम्मान और गरीबो को कबंल प्रदान कर मेले की रौनक को दोगुना कर दिया। मेले मे उमडे श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों ने विभिन्न धार्मिक एंव सास्कृतिक गतिविधियों का आनंद लिया। पांच दिनो तक चले इस आयोजन मे पूरा क्षेत्र धार्मिक वातावरण मे डूबा रहा। मेले के आयोजन मे समर्दि फाउंडेशन की अध्यक्ष अपर्णा मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेले के समापन अतिथि के रूप मे भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पाण्डेय, भाजपा ब्लॉक अध्यक्ष कसमडा आशुतोष मिश्रा, भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री महामंत्री रवि तिवारी ने पहुच कर क्षेत्र के समाजसेवियो का सम्मान करके उन्हे अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कमलेश शुक्ला, सौरभ शुक्ला,प्रदीप मिश्रा, बब्लू सिंह चैहान, बृजपाल सिंह, प्रमोद जायसवाल, श्री कृष्ण गुप्ता, जय प्रकाश शुक्ला, शिवम शुक्ला, बब्लू शुक्ला, राजेंद्र, राजेश, बालक राम पाल, श्री केशन पाल, राम खेलावन पाल बैठू पाल, श्यामू, कल्लू, लल्ला राम दत्त आदि मौजूद रहे।

दरियापुर से हीरालाल पुरवा गांव तक जाने वाला मार्ग अत्यंत जर्जर

महमूदाबाद/सीतापुर। विकास खंड पहला की ग्राम दरियापुर से हीरालाल पुरवा गांव तक जाने वाला मार्ग लम्बे समय से अत्यंत जर्जर है। ग्रामीणों व राहगीरों को उक्त जर्जर मार्ग से निकालने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उक्त जर्जर मार्ग को अविलम्ब ठीक कराये जाने की मांग प्रशासन से की। ग्राम दरियापुर से हीरालाल पुरवा गांव तक जाने वाला खंड़जा मार्ग काफी लम्बे समय से अत्यंत जर्जर है। मार्ग ठीक कराये जाने को लेकर सतेंद्र यादव, नरेंद्र यादव, रामू, पवन, सुनील, धर्मेंद्र समेत कई अन्य ग्रामीणों ने प्रधान व विकास खंड पहला के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई, किंतु मार्ग ठीक न हो सका। जर्जर मार्ग से निकलने में ग्रामीणों व राहगीरों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने बताया की ग्रामीणों की समस्या संज्ञान में है। सड़क की मरम्मत का कार्य शीघ्र ही कराया जाएगा।

संक्षेप

सेवानिवृत्त कर्मियों को एसपी ने दी भावभीनी विदाई

ललितपुर। रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति हुए उप निरीक्षक ना.पु. उदयराज, उप निरीक्षक ना.पु. लाल सिंह, उप निरीक्षक ना.पु. रूप सिंह, उ.नि. एलआईयू अरविन्द सिंह, उ.नि. रेडियो अरविन्द प्रताप सिंह खरे, मु.आ.स.पु. शिवविलास सिंह को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये भावभीनी विदाई दी गई।

मंदिर में खराब पड़ा हैण्डपम्प सुधरवाने की मांग

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला वार्ड संख्या 13 में सरसधाम आश्रम के पास स्थित गौरीशंकर मंदिर मीनाक्षी महारानी सिद्धपीठ मंदिर में स्थापित हैण्डपम्प ठीक कराये जाने की मांग को लेकर मंदिर के महन्त शक्ति तिवारी ने एक पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। पत्र में उन्होंने बताया कि मंदिर में स्थापित हैण्डपम्प विगत दो सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है, जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि मंगलवार व शनिवार को सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाता है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां एकत्र होते हैं और हैण्डपम्प खराब होने की स्थिति में श्रद्धालुओं को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। महन्त ने जिला प्रशासन से इस ओर ध्यानाकर्षण करते हुये जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देशित कर मंदिर में स्थापित हैण्डपम्प को अविलम्ब सुधवाये जाने की मांग उठायी है।

यात्री का मोबाइल फोन चोरी

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला विदिशा अंतर्गत थाना कुरवाई के हनुमान गंज निवासी सत्यम पाण्डेय पुत्र मुकेश ने जीआरपी पुलिस को मौखिक शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि वह 8 जनवरी को रेलवे स्टेशन निजामुद्दीन से विदिशा की यात्रा ट्रेन संख्या 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस के कोच सं. एस-10 के बर्थ नम्बर 44 पर कर रहा था। बताया कि यात्रा के दौरान ललितपुर रेलवे स्टेशन निकलते ही उसने देखा कि उसकी दाहिनी जेब में रखा उसका मोबाइल फोन गायब था। बताया कि उसने ट्रेन में मोबाइल खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला। आरोप है कि अज्ञात चोर उसकी नींद का फायदा उठाकर फोन चोरी कर ले गया। बताया कि उसने ट्रेन में आरपीएफ स्टाफ को घटना की जानकारी दी और रात्रि होने के कारण उसने जीआरपी विदिशा को जानकारी दी। सत्यम पाण्डेय की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

बहराइची। शासन के निर्देश पर जनपद में 01 से 31 जनवरी 2025 तक संचालित हुए सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बहराइच के कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बस यूनियन के पदाधिकारियों, चालक, परिचालक सहित मौजूद व्यक्तियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी गयी तथा जागरूकता सम्बन्धी प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया।

धोखाधड़ी कर उधार लिये साढ़े आठ लाख रुपये

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मित्रता करते हुये षडयंत्र रचकर आठ लाख रुपये से अधिक की उधारी लेकर रुपये वापस न करने का आरोप लगाया गया है। इस प्रकरण में पीड़ित ने थाने में शिकायत की, लेकिन कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने एसपी के समक्ष भी अपनी फरियाद सुनायी। बावजूद इसके कार्यवाही न होने पर अब पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली है।

- वापस करने के नाम पर कर दी धोखाधड़ी, भेजे फर्जी ई-मेल व मैसेज
- पीड़ित की तहरीर व कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला

न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला रावतयाना निवासी अर्जुन सिंह पुत्र कैलाश नारायण कुशवाहा ने सीजेएम न्यायालय में दावा दायर करते हुये बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले जुलाई 2023 में उसके पड़ोस में रहने वाले अनुराग रैकवार पुत्र राकेश रैकवार उसके पास आया और उससे मित्रता कर ली। बताया कि मित्रता में विश्वास का लाभ उठाते हुये अनुराग ने उससे घरेलू आवश्यकताओं के लिए विभिन्न तिथियों में अपनी बहन रजनी, भाई नीरज रैकवार एवं स्वयं के खाते में 5 लाख 44 हजार 463 रुपये ऑनलाइन लिये और 2 लाख 87 हजार 762 रुपये नकद कुल 8 लाख 32 हजार 225 रुपये ले लिये। बताया कि कुछ समय गुजरने के बाद जब उसने अपने रुपये वापस मांगते हुये कहा कि उसने यह रुपये क्रेडिट कार्ड से निकालकर दिये हैं, जिसकी उसे किश्ते भरनी है, इस पर अनुराग ने उसकी किश्ते जमा करने की बात कही। आरोप है कि अनुराग ने फर्जी तरीके से कई स्क्रीन शॉट भुगतान करने के सम्बन्ध में बनाकर व बैंक कर्मियों को दिये और लगातार उसे कई ई-मेल करके भुगतान के सम्बन्ध में उसे धोखा देता रहा। बताया कि जब उसने अनुराग से कहा कि बैंक में कोई भुगतान नहीं हुआ तो अनुराग ने चैक संख्या 144385 जो कि 9 अगस्त 2024 का 50 हजार रुपये लिखकर दिया, जो कि पीड़ित ने अपने खाते में लगाया तो उसका चैक खाता ब्लाक होने के कारण बाउंस हो गया। अनुराग रैकवार द्वारा मोबाइल एप मोबीक्विक पर फर्जी आईडी बनाकर उसके भाई को कई ईमेल भेजे, जिसमें भुगतान कराने के सम्बन्ध में उसे बताया गया, जबकि वास्तविकता में उसका किसी प्रकार का कोई भुगतान नहीं हुआ। आरोप है कि अनुराग ने अपने सहयोगियों से ईमेल आईडी यूपी पुलिस के नाम से बनाकर 4 लाख 72 हजार 500 रुपये का चैक होना बताया और 30 हजार 500 रुपये चैक होना शेष बताया। आगे आरोप लगाया कि अनुराग ने अपनी बहन रजनी व भाई नीरज से मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी कर उक्त रुपये हड़प लिये। यह भी आरोप है कि उक्त लोग गिरोह बनाकर कूटरचना कर उसे धोखा दिया और उलाहना देने पर झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित की तहरीर व कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2), 111 (3), 351 (3) व आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ-सफाई व उचित व्यवस्थापन तथा संबंधित अभिलेखों को अपडेटेड रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। यू.पी. 112 के वाहनों को चेक कर उसमें कार्यरत कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र-अतिशीघ्र पहुंचकर पीड़ित को हरसंभव मदद करें तथा पीड़ित के साथ शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना सुनिश्चित करें। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, पुलिस स्नानागार, बारबर शॉप, बैरकों, पुलिस कैंटीन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर उचित साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान कर्मियों के प्रशिक्षण रजिस्टर, रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

डीएम ने मेडिकल कॉलेज व गौशाला का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिये

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा ग्राम स्वाहेड़ी स्थित मेडिकल कॉलेज, निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज, ट्रामा सेंटर, मंडलीय राजस्व प्रशिक्षण विद्यालय, ग्राम सचिवालय स्थित लाइब्रेरी तथा विकासखंड मोहम्मदपुर देवमल के ग्राम मुकीमपुर धर्मसी स्थित गौशाला का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, खंड विकास अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल में बनने वाले कॉलेज के विभिन्न विभागों के मॉडल का अवलोकन किया और आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के समय संज्ञान में आया कि मुख्य प्रशासनिक भवन में अभी तक लिफ्ट का संचालन नहीं हो सका है। उन्होंने निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर लिफ्ट संचालित कर उसकी रिपोर्ट उनके सम्मुख प्रस्तुत करें। उसके बाद उन्होंने लेक्चर थियेटर का मुआयना किया, जहां स्टूडेंट शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं से सुविधाओं के बारे में मालूम किया, सभी ने संतोष व्यक्त किया। एनाटॉमी के लिए उपस्थित इंचार्ज डॉक्टर द्वारा बताया गया कि अभी कॉलेज में डेड बॉडी नहीं लाई जा रही हैं, जल्द ही इसकी व्यवस्था की जाएगी।

कॉलेज के डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा कॉलेज में विद्युत सप्लाई निर्बाध रूप से किए जाने, कैंपस में अतिरिक्त लाइट व्यवस्था तथा सिक्योरिटी के लिए पुलिस चौकी की स्थापना सहित अन्य व्यवस्थाओं की मांग किए, जाने के सापेक्ष जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिस चीज की भी जरूरत है उनकी सूची तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराएं ताकि सभी आवश्यकताओं की समुचित रूप से व्यवस्था की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्य बिल्डिंग एवं गर्ल्स व बॉयज हॉस्टल के बीच में पड़ी खाली जमीन पर रंग-बिरंगे फूलों के पौधे सुव्यवस्थित रूप से रोपित कर ग्रीन मेडिकल कैंपस के रूप में विकसित करें। जिलाधिकारी द्वारा मेडिकल कॉलेज से वापस में ग्राम स्वाहेड़ी खुर्द विकासखंड मोहम्मदपुर देवमल स्थित ग्राम सचिवालय में स्थापित लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय लाइब्रेरी में कई बच्चे अध्ययनरत पाए गए। उन्होंने बच्चों से प्रश्न पूछे और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी समय का सदुपयोग करें और अपने गोल को निर्धारित करते हुए संबंधित विषय की किताबों का अध्ययन करें। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा निरीक्षण कार्यक्रम के अंतिम चरण में विकासखंड मोहम्मदपुर देवमल के ग्राम मुकीमपुर धर्मसी स्थित अस्थाई गौशाला का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 125 पशु संरक्षित पाए गए जो सब स्वस्थ अवस्था में मिले। गौशाला में हरा चारा भूसा तथा पानी की समुचित व्यवस्था पाई गई।

एक दिवसीय कॅरियर काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को दी गई जानकारियां

ललितपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के तत्वाधान में मार्डन पब्लिक स्कूल, जनपद-ललितपुर में एक दिवसीय कॅरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती ग्रेस विश्वनाथन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सर्वप्रथम आकांक्षा यादव, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, ने संस्थान के छात्र-छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही संस्थान के कॉमर्स, बायोलॉजी एवं मैथ, साइंस के छात्र-छात्राओं से प्रश्नों को पूछकर उनका समाधान किया गया तथा उनके भविष्य निर्माण सम्बन्धी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में गगन चतुर्वेदी द्वारा छात्र-छात्राओं को उनके विषयगत क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के विभिन्न आयामों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में 59 अभ्यर्थियों ने इस अवसर का लाभ उठाया। कार्यक्रम का समापन करते हुये कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती ग्रेस विश्वनाथन द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुये संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके प्रशिक्षण संस्थान में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इस अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय के नरेन्द्र कुमार वर्मा, अनुदेशक एवं भूपेन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक उपस्थित रहे।

डीएम को अनुपस्थित मिले कर्मचारी, रोका वेतन

बांदा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और खंड विकास अधिकारी कार्यालय बड़ोखर खुर्द का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। डीएम जे0 रीभा ने

- स्वास्थ्य केन्द्र, बड़ोखर खुर्द ब्लाक का निरीक्षण

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर देखा। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी अनुपस्थित मिले तथा डॉ रागिनी यादव सीएचओ पर बताई गयीं। इसके अलावा मनीष कुमार व एक एएनएम व कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों का स्पष्टीकरण एवं वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने ओपीडी में आए मरीजों की संख्या और यहां आए कम मरीजों की जानकारी ली। एचआरपी गर्भवती महिलाओं का रजिस्टर व खराब कार्य करने वाली एएनएम की रिपोर्ट मांगी। तिंदवारा गांव में किसी एएनएम की तैनाती न होने पर तत्काल तैनाती के आदेश दिए। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की एएलसी जांच कराते हुए आशाओं से वजन, एचबी व अन्य जांचें कराकर रजिस्टर तैयार किया जाए।

बुधवार व शनिवार को बीएचएनडी दिवस का आयोजन कर बच्चों व गर्भवती महिलाओं की जांच कराए जाने के लिए ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लैब, ओटी रूम तथा अन्य कक्षों को देखा और कितने ब्लड सैंपल लेकर टेस्ट किए गये हैं कि रिपोर्ट देखी। इसके बाद डीएम ने बड़ोखर खुर्द ब्लाक का निरीक्षण किया और एनआरएलएम, मनरेगा सेल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, कार्यालय रजिस्टर व अन्य पटलों के अभिलेखों को देखा। एनआरएलएम कक्ष में गंदगी मिलने पर सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीओ, आईएसबी, खंड प्रेरक व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। उन्होंने अनुपस्थित कर्मियों के स्पष्टीकरण लेकर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। ब्लाक परिसर में खराब रखे कृषि यंत्रों को शीघ्र हटाने के निर्देश जिला कृषि अधिकारी को दिए।

जरूरतमंदों को रक्तदान कर रही संस्था सेवर्स ऑफ लाइफ

बांदा। सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था लगातार जरूरतमंदों को रक्तदान कर रही है। मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि बीते एक वर्ष से लवकुश नाम के बच्चे को प्रत्येक माह 15 दिन में रक्तदान किया जा रहा है। लवकुश की उम्र 23 माह है वह जन्म से ही थैलेसीमिया नामक बीमारी से पीड़ित है। यदि समय पर रक्त नहीं मिलता है तो इस बीमारी से बच्चे की जान जा सकती है। रक्त की जरूरत होने पर कल सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था के अध्यक्ष सलमान खान के पास डिमांड आई कि उसे ब्लड की जरूरत है इसी के चलते 100 एम एल ब्लड जिला अस्पताल से दिया गया। इसके पश्चात संस्था के सक्रिय रक्तदाता अखिलेश सोनी ने रक्तदान किया। यह उनका पांचवां रक्तदान था। संस्था के सभी लोगों व अन्य लोगों ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सराहना की। संस्था ने अपील की है कि रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने के लिए कार्य करें ताकि किसी की भी खून की कमी से जान न गवानी पड़े। रक्तदान के मौके पर अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, पीआरओ प्रमोद द्विवेदी, प्रमोद यादव आदि मौजूद रहे।

जंगली सुअरों का आतंक, 4 किसानों पर हमला

बांदा। जंगली सुअरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कोतवाली देहात क्षेत्र के गुरेह गांव में जंगली सुअरों का झुंड किसानों की फसल नुकसान पहुंचा रहा था। इसी दौरान फसल की रखवाली करने गये 4 किसानों पर सुअरों ने हमला कर दिया। घायलों को परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। ग्रामीणों ने कहा कि जंगली सुअर रात-दिन गांव में घूम रहे हैं और लोगों पर हमला कर रहे हैं इससे स्थिति बेहद चिंताजनक है। दहशत के चलते लोग बच्चों को भी स्कूल भेजने में भयभीत हैं। किसान पहले ही आवारा पशुओं से परेशान थे लेकिन अब यहां जंगली सुअरों की नयी मुसीबत किसानों के लिए मुसीबत बन गयी है। इस मामले पर जिला वन अधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची थी लेकिन जंगली सुअर तब तक वहां से भाग चुके थे। कहा कि जंगली सुअरों की रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों को खुद की सुरक्षा के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है।

एडीएम नमामि गंगे ने किया गांवों में हर गृह संयोजन और जलापूर्ति का निरीक्षण

ललितपुर। एडीएम नमामि गंगे ने मेसर्स जेएमसी-जेडब्ल्यूआईएल (जेवी) से क्रियान्वित सैदपुर-कुम्हेड़ी ग्राम समूह पेयजल योजना के जोन-6 सैदपुर टंकी के अन्तर्गत करोंदा एवं जोन-2 पिपरट टंकी के अन्तर्गत रखवारा एवं पिपरट ग्राम का निरीक्षण सहायक अभियन्ता एसडब्ल्यूएसएम, टीम लीडर पी.एम.सी., डी.पी.एम. टी.पी.आई. एवं कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक के साथ किया गया। सैदपुर कुम्हेड़ी ग्राम समूह पेयजल योजना में कुल 46 ग्राम सम्मिलित है। इस योजना के अन्तर्गत एक इन्टेक वैल, एक पन्द्रह एमएलडी का डब्ल्यूटीपी, 5 सीडब्ल्यूआर एवं 7 ओएचटी का निर्माण किया गया है एवं प्रस्तावित पाइप लाइन 335.370 कि.मी. वितरण प्रणाली बिछाये जाने

के सापेक्ष 335.370 कि.मी. वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। योजना के अन्तर्गत 14426 नग एफएचटीसी कनेक्शन किये गये है। जोन-2 पिपरट टंकी के अन्तर्गत पिपरट ग्राम का निरीक्षण किया गया ग्राम के प्रत्येक घर में जल आपूर्ति चेक कि गयी जहां जलापूर्ति हो रही है, गांव वाले जलापूर्ति से संतुष्ट है। एडीएम द्वारा ग्रामवासियों को बताया गया कि पानी को बर्बाद न करें एवं पानी का सदुपयोग करें। जोन-2 पिपरट टंकी के अन्तर्गत रखवारा ग्राम का निरीक्षण प्रधान के साथ किया गया जिसमें जलापूर्ति हो रही है। पीएमजेएसवाई द्वारा सड़क निर्माण के दौरान कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गये थे। कार्यदायी संस्था द्वारा रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। जोन-6 सैदपुर टंकी के अन्तर्गत करोंदा ग्राम के प्रत्येक घर के गृह संयोजन/जलापूर्ति का निरीक्षण किया गया।

एक दिन भी नहीं टिक सका जिपं में अध्यक्ष-कर्मचारी का विरोध

ललितपुर। विगत दिवस जिला पंचायत में तैनात प्रशासनिक अधिकारी के साथ-साथ सभी कर्मचारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष पर गाली-गलौज, अभद्रता सहित अन्य गंभीर आरोप लगाते हुये अपराह्न में ही कार्यालय का ताला जड़ दिया था।

अपर मुख्य अधिकारी को संबोधित एक पत्र में जिला पंचायत के सभी कर्मचारियों ने प्रकरण को लेकर भय का माहौल व्याप्त होने और सामूहिक अवकाश दिये जाने की मांग उठायी थी।

इस प्रकरण में दूसरे दिन जिला पंचायत में तैनात कर्मचारियों ने यू-टर्न लेते हुये अब जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन के समक्ष उपस्थित होकर समझौता कर लिया है, ऐसा भी कहा जा रहा है कि दोनों तरफ से मतभेद खत्म करने के लिए अपर मुख्य अधिकारी इंजी.सुनील कुमार द्वारा भरसक प्रयास किया गया।

खादी ग्रामोद्योग का शिविर आयोजित

बांदा। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने विपणन विकास सहायता एसपी एसपी योजना के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन विकास खंड महुआ में हुआ। जागरूकता शिविर में रोजगार में रूचि रखने वाले छात्रों, बेरोजगारों, नवयुवकों और नवयुवतियों को उद्योग लगाने के लिए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलन एवं गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जिला अग्रणी प्रबंधक अमित यादव, राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज, निदेशक आरसेटी अभय सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कौर ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी बैंक तथा योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी द्वितीय चुनबाद, वरिष्ठ सहायक संजीव कुमार, संतोष कुमार कनिष्ठ सहायक, प्रमोद कुमार, पंकज व बेरोजगार मौजूद रहे।

तीन बच्चियों की मौत के बाद महिला का भी घर में शव मिला

जिला संवाददाता(vol)

बिजनौर। महिलाओं का समूह बनाकर निजी वित्तीय संस्थाओं से लोन दिलाने का काम करने वाली महिला की शुक्रवार की सुबह घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जबकि पिछले 40 दिन में मृतका की तीन बेटियों की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। सूचना पर सीओ नगीना व थाना प्रभारी तेजपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा मृतका के पति शादाब आलम उर्फ टीपू व आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर देकर पति व उसके परिवार के खिलाफ अपनी बेटी शमा परवीन की जहर देकर हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरायमीर

निवासी शादाब उर्फ टीपू की पत्नी शमा परवीन महिलाओं के समूह बनाकर बंधन बैंक समेत तमाम निजी वित्तीय संस्थाओं से महिलाओं को लोन दिलाने का काम करती थी। उसके पति शादाब आलम उर्फ टीपू की मेन मार्केट में रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। शमा परवीन अपने पति के साथ घर की ऊपरी मंजिल में रहती थी और सास ससुर जेठ मकान के निचले हिस्से में रहते हैं। शाहबाज मुंबई में रहकर काम करता है। शमा परवीन के पति शादाब आलम उर्फ टीपू ने बताया कि आज सुबह करीब छह बजे उसकी पत्नी की तबियत खराब हुई तो वह वह पड़ोस के एक निजी डॉक्टर को बुला कर लाया। डॉक्टर ने शमा परवीन को मृत घोषित कर दिया। परिवार में हा हा कार मच गया और मोहाने के तमाम लोग उसके घर पहुंच गए। सूचना मिलते ही शमा परवीन के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। मृतका की मां नूरजहां पत्नी स्वर्गीय मोमिन निवासी मौहल्ला अकाबरान ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 13 साल पहले हुई थी। नूरजहां ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने उसकी बेटी को जहर देकर मार डाला है। पिछले एक महीने के अंदर शमा परवीन की तीन बेटियों की भी मौत हो चुकी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी तेजपाल सिंह व बिश्नोई सराय पुलिस चौकी प्रभारी सुभाष तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घर का बारीकी से निरीक्षण कर मृतका के पति शादाब आलम उर्फ टीटू तथा आस पास के लोगों से जानकारी प्राप्त की। शादाब आलम उर्फ टीटू ने बताया कि उसकी पत्नी शमा परवीन महिलाओं के समूह बनाकर लोन दिलाने का काम करती थीं और उनकी समूह लीडर थीं। शादाब आलम ने कहा कि विभिन्न वित्तीय संस्थाओं के लाखों रुपए के लोन के कारण शमा परवीन डिप्रेशन में रहती थीं। पुलिस ने मृतका शमा परवीन के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतका शमा परवीन की मां नूरजहां ने बताया कि एक महीने में शमा की तीन बेटियों की भी मौत हो चुकी है। जिनका यह नहीं पता चला कि तीनों बच्चियां कैसे मरी हैं। नूरजहां ने बताया कि बीती 21 दिसंबर को (9 वर्षीय) समीरा तथा दस दिन बाद 31 दिसंबर को (11 वर्षीय) अेनम की मौत हुई और अभी एक सप्ताह पूर्व 24 जनवरी को ढाई साल की आयरा की मौत हो चुकी है। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि मृतका शमा परवीन की मां नूरजहां ने उसके पति शादाब आलम उर्फ टीपू, ससुर रशीद, सास शाहजहां, जेठ शाह आलम, शानू व शाहबाज के खिलाफ नामजद तहरीर देकर अपनी बेटी को जहर देकर मार डालने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

एक दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता संपन्न

अयोध्या। जिला रायफल क्लब अयोध्या में आज जनपद स्तरीय एक दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को उनकी श्रेणी के अनुसार मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला रायफल क्लब शूटिंग रेंज के कोच शनि कुमार वर्मा ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक होती हैं।

कुष्ठ रोगियों से सहानुभूति रखते थे महात्मा गांधी

बांदा। जिला जज डॉ बब्बू सारंग के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विश्व कुष्ठ दिवस पर महिला चिकित्सालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह ने बताया कि कुष्ठ रोग एक जीवाणु रोग है यह माइकोबैक्टीरियम लैप्रोई नामक जीवाणु से होता है। यह भारत सहित पूरे विश्व के पिछड़े हुए देशों के लिए ऐसी समस्या है जिससे लाखों लोग दिव्यांग हो जाते हैं। कोढ़ नामक बीमारी भी इसी का एक रूप है। पश्चिमी देशों में इसका प्रभाव न के बराबर है। भारत में इस पर काफी नियंत्रण किया जा चुका है। जिन कुष्ठ रोगियों को समाज धिक्कारता है उनसे महात्मा गांधी दया और सहानुभूति रखते थे। इसी वजह से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर कुष्ठ रोग निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला चिकित्सालय के डॉक्टर संजीव कुमार ने कहा कि त्वचा पर घाव होना रोग के प्रथम बाहरी संकेत हैं। यदि इसका उपचार न किया जाए तो यह पूरे शरीर में फैल सकता है। जिससे शरीर की त्वचा, नसें, हाथ, पैर व आंखों सहित शरीर के कई भागों में स्थाई क्षति हो सकती है। इस रोग के चमड़ी के रंग व स्वरूप में परिवर्तन दिखाई देने लगता है। इस पर किसी तरह की चुभन का कोई असर नहीं होता है। शरीर के कई भाग सुन्न हो जाते हैं यह छूने से नहीं होता और न ही वंशानुगत रोग है। पीएम डब्ल्यू दिनेश कुमार ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा प्रणाली ने इतनी तरक्की कर ली है कि कुष्ठ रोग का इलाज कई वर्ष पहले से संभव हो चुका था। मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ सुनीता सिंह ने कहा कि देश के लोगों को इस देश से कुष्ठ रोग मिटाने के लिए सक्रिय रूप से भागीदारी निभानी चाहिए।

आर्थिक समीक्षा के संकेत

आर्थिक समीक्षा देश की अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन और भावी संभावनाओं की झलक प्रस्तुत करने वाला सबसे भरोसेमंद दस्तावेज होता है। आम बजट से एक दिन पूर्व लोकसभा में सरकार इसे प्रस्तुत करती है और इसी से पता चलता है कि देश की अर्थव्यवस्था का चालू वित्तवर्ष में प्रदर्शन कैसा होगा और भविष्य को लेकर क्या संभावनाएं है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. नागेश्वरन की देखरेख में तैयार और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा संसद में प्रस्तुत की गयी 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में जीडीपी को लेकर जो अनुमान लगाया गया है, वह ऐसे समय में निराश करने वाली है, जब देश को तेज आर्थिक प्रगति की सख्त जरूरत है। आर्थिक समीक्षा में ही यह बात कही गयी है कि भारत को अगले दो दशकों में विकसित राष्ट्र बनाने के लिए 8 फीसद की दर से प्रगति करनी होगी। लेकिन इसी आर्थिक समीक्षा में यह बात भी कही गयी है कि चालू वित्तीय वर्ष अर्थात 2024-25 में जीडीपी 6.2 से 6.8 फीसद रहने की संभावना है। स्पष्ट है कि चालू वित्तीय वर्ष में देश की आर्थिक प्रगति दर पूर्व के वर्ष की तुलना में 2 प्रतिशत तक घट सकती है जो कि गंभीर चिंता का विषय है। आर्थिक प्रगति के मोर्चे पर इस संभावित शिथिलता के बावजूद कई ऐसे गुलाबी पहलुओं को भी उजागर किया गया है, जो बदलते भारत का आईना तो है ही लेकिन विकसित भारत के लिए वरदान साबित हो सकता है। आर्थिक समीक्षा में बुनियादी विकास, श्रमबल में महिलाओं की आशाजनक वृद्धि और मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने में लंबे समय के बाद मिली सफलता से आगामी वर्षों में बेहतर आर्थिक प्रगति की उम्मीद बंधी है। लेकिन चिंताजनक पहलुओं की भी भरमार है। मसलन तेज आर्थिक प्रगति की उम्मीदों और विकसित भारत बनाने के सपनों के बीच वेतनभोगी वर्ग की घटती आय और छोटे-मोटे रोजगार में लगे लोगों की इनकम में गिरावट इस बात की ओर इंगित करती है कि कहीं न कहीं स्वरोजगार को और अधिक प्रोत्साहन के साथ ही उनके विकास और सर्वाइवल के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। संसद में पेश हुए आर्थिक समीक्षा 2024-25 में कई गंभीर तथ्यों को सामने रखा गया है। बीते कुछ सालों में जहां महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है, वहीं आम लोगों की वास्तविक मासिक कमाई में कमी दर्ज की गई है। खासतौर पर स्व-रोजगार करने वालों और वेतनभोगी कर्मचारियों की आय पर इसका गहरा असर पड़ा है। अगर आप खुद का काम कर रहे हैं, तो तथ्य आपके लिए चिंताजनक है। पुरुषों की औसत मासिक कमाई 2017-18 में 9,454 थी, लेकिन अब 2023-24 में यह 9 फीसद गिरकर 8,591 पर आ गई है। महिलाओं की हालत और भी खराब रही। उनकी मासिक कमाई में 32 फीसद की गिरावट आयी है और यह 4,338 से घटकर 2,950 रह गई। जो लोग कंपनियों में नौकरी करते हैं, उनके लिए भी स्थिति कुछ बेहतर नहीं रही। पुरुष सैलरीड की मासिक आय 12,665 से घटकर 11,858 रह गई है। वहीं, महिला सैलरीड को सबसे ज्यादा झटका लगा है, जिनकी आय 10,116 से घटकर 8,855 हो गई। मासिक आय घटने के बावजूद अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागदारी बढ़ी है। दरअसल महिला श्रम बल भागीदारी दर में बड़ी छलांग देखी गई है। 2017-18 में यह जहां 23.3 सफीसद थी, वहीं अब यह 2023-24 में 41.7 हो गई। ग्रामीण इलाकों में खुद का काम करने वाली या नियोक्ता महिलाओं की संख्या भी 19 से बढ़कर 31.2 फीसद हो गयी है, लेकिन विशेषज्ञ इसे आर्थिक मजबूरी का नतीजा मानते हैं, न कि किसी बड़े सुधार का। जहां एक ओर नौकरीपेशा और स्व-रोजगार वाले परेशान हैं, वहीं अनियमित मजदूरों की कमाई में इजाफा हुआ है। पुरुष अनियमित मजदूरों की दैनिक कमाई 19 फीसद बढ़कर 242 हो गई, जबकि महिलाओं की कमाई में 24 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अब यह 159 रुपये हो गयी है। अर्थशास्त्रियों की मानें तों पिछले कुछ सालों में मजदूरों की कमाई पर कई बड़े झटके लगे। पहले नोटबंदी और फिर कोविड-19 लॉकडाउन की वजह से लोग पहले से ही संकट में थे। उसके बाद महंगाई ने उनकी बची-खुची कमाई पर भी चोट कर दी। बहरहाल आर्थिक समीक्षा में जो बातें सामने आयीं हैं उनमें कुछ जरूर बेहतर हैं लेकिन अनेक मोर्चो पर बड़े सुधार की जरूरत है ताकि समावेशी विकास हीककत बन सके।

श्रम बल में महिला शक्ति की भागीदारी बढ़ना उत्साहजनक तथ्य है लेकिन आर्थिक सर्वे में वेतनभोगी व स्वरोजगारी वर्ग की आय घटना चिंताजनक है।

विचार

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

वित्तमंत्री से क्या चाहता है उद्योग जगत

नरेन्द्र शर्मा

बजट को चार स्तंभों पर विशेष ध्यान देना चाहिए- पहला, नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शोध और अनुसंधान को बढ़ावा देना। दूसरा, स्टार्टअप और उभरते व्यवसायों को सशक्त बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना। तीसरा, भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने के लिए प्रशिक्षण और कौशल विकास को आगे बढ़ाना और चौथा, प्रतिभाओं को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए रणनीतिक स्थानों पर केंद्रित टेक पार्क सहित डिजिटल बुनियादी ढांचे को बढ़ाना।

आज सुबह 11 बजे (1फरवरी 2025) वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार आठवां बजट होगा। उनसे पहले लगातार 6 बार केंद्रीय बजट मोरारजी देसाई के ने पेश किया था। सवाल है देश में सबसे ज्यादा बार लगातार बजट पेश करने वाली वित्तमंत्री से देश के कारपोरेट सेक्टर को क्या उम्मीदें हैं? कारपोरेट सेक्टर की किसी एक क्षेत्र विशेष से नहीं बल्कि सभी कोर सेक्टर को लेकर कुछ महत्वपूर्ण मांगे हैं। ऐसे में देखना है कि बढ़ती मुद्रास्फीति के आंकड़ों के कारण राजकोषीय समेकन और आर्थिक विकास के बीच वित्तमंत्री सीतारमण कैसे संतुलन साधेंगी? मगर उससे पहले देखने वाली बात यह है कि उद्योग जगत के अलग अलग क्षेत्रों की केंद्र सरकार से आखिर बजट में चाह क्या है?

देश में इस समय सबसे बड़ी समस्या त्वरित रोजगार मुहैय्या कराने की है और इसमें सबसे बड़ी भूमिका रियल एस्टेट सेक्टर की होती है। इस क्षेत्र की मांग है कि कच्चे माल की बढ़ती लागत, जमीन की बढ़ती कीमतों और विशेष रूप से महानगरों में किफायती घरों की बदलती पुरानी परिभाषा। ये वो मुख्य चुनौतियां हैं, जिनके कारण डेवलपर किफायती आवास क्षेत्र से दूरी बना रहे हैं। ऐसे में अलग अलग शहरों की स्थितियों के आधार पर रियल एस्टेट क्षेत्र चाहता है कि किफायती आवास श्रेणी के आकार और कीमत में संशोधन हो, इसके मुताबिक इस क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए यह जरूरी है। इस क्षेत्र के बड़े खिलाड़ी मानते हैं कि घर खरीदारों के लिए कर प्रोत्साहन, डेवलपर्स के लिए सब्सिडी और इस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देना, रियल एस्टेट क्षेत्र को गति प्रदान करने वाले महत्वपूर्ण कारक साबित हो सकते हैं। रियल एस्टेट सेक्टर को उम्मीद है कि आगामी बजट में वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए कुछ उपाय- विशेष रूप से सरलीकृत नियम और कई प्रोत्साहन पेश किए जाएं। आवास की सभी श्रेणियों में मांग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, सरकार होम लोन ब्याज के लिए कटौती की सीमा को मौजूदा स्तर 2 लाख रुपये प्रति वर्ष से बढ़ाने पर विचार करे। अगर इस क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सीमेंट उत्पादकों की

चाहतों को डिकोड करें तो साफ है कि उन्हें बुनियादी ढांचे पर खर्च को प्राथमिकता देने की उम्मीद है, इससे सीमेंट क्षेत्र को बड़ा लाभ मिल सकता है। सरकारी पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) जो कि वित्तीय वर्ष 2025 में 11.11 लाख करोड़ था, इसके 10-12 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) और प्रधानमंत्री गति शक्ति जैसी योजनाओं के तहत भी पर्याप्त फंडिंग की उम्मीद है, जिसमें पीएम गति शक्ति पहल के तहत लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए लगभग 1.8 लाख करोड़ आवंटित किए जाने की संभावना है। साथ ही भारतमाला परियोजना के तहत निवेश बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें अतिरिक्त 25,000 किलोमीटर राजमार्गों की घोषणा की जा सकती है। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन के कार्यान्वयन से सार्वजनिक-निजी भागीदारी को मजबूती मिलने का अनुमान है, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक मजबूत ढांचा उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, आवास को और अधिक किफायती बनाने के लिए सीमेंट पर जीएसटी की मौजूदा दर 28 प्रतिशत से कम करने के प्रस्ताव भी आए हैं। इन उपायों से शहरी बुनियादी ढांचे और किफायती आवास में पर्याप्त वृद्धि होने की संभावना है।

केन्द्रीय बजट आज

जहां तक रेलवे सेक्टर की बात है तो अनुमान है कि वित्तमंत्री रेलवे क्षेत्र के बजट आवंटन में 15 से 18 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है। साल 2024-25 के बजट में, रेलवे क्षेत्र को 2,62,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जिसमें 'कवच' यानी एंटी-कोलिजन सिस्टम के क्रियान्वन और बुनियादी ढांचे के विकास के साथ यात्री सुरक्षा पर जोर दिया गया था। इस पहल के एक भाग के रूप में, रेल मंत्रालय ने अगले दो वर्षों में 10,000 रेल इंजनों को कवच सुरक्षा प्रणाली से सुसज्जित करने के अतिरिक्त प्रतिवर्ष 5,000-5,500 किलोमीटर ट्रैक पर परिचालन करने की योजना बनाई है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के विस्तार के साथ-साथ नई वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों की शुरूआत की उम्मीद है। इस योजना का उद्देश्य 1,275 रेलवे स्टेशनों को बेहतर यात्री सुविधाओं और समकालीन डिजाइनों के साथ आधुनिक बनाना है। दिल्ली में नमो भारत कॉरिडोर एक महत्वपूर्ण छलांग है, जो भीड़भाड़ और प्रदूषण को कम करने में मदद करता है। रेलवे के बुनियादी ढांचे को और बेहतर बनाने के लिए बजट में रोलिंग स्टॉक, मालवाहक कोच और पहियों के लिए नए ऑर्डर शामिल किए जाने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, मेक इन इंडिया पहल की ओर सरकार का कदम रेलवे उपकरण निमार्ताओं के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है। उद्योग जगत का अनुमान है कि सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के लिए बजट आवंटन को इस साल 5-6 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है। इससे निजी निवेश में वृद्धि होगी, विशेष रूप से बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) के रूप में। इसी तरह टोल मॉडल के तहत भी 20-25 प्रतिशत परियोजनाओं को सरकार द्वारा अपनाने की संभावना है। यह आवंटन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्ज को कम करने में मदद करेगा। वित्तीय वर्ष 2026 में 12,000-13,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और आवंटन का लक्ष्य रखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत ग्रामीण सड़कों के विकास के लिए 10 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है, जिसका चौथा चरण 62,500 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के निर्माण और 25,000 बस्तियों को जोड़ने पर केंद्रित होगा। सड़क सुरक्षा के लिए विशेष निधि आवंटित किए जाने की संभावना है। लेकिन उद्योग जगत को इस बजट से जो सबसे ज्यादा अपेक्षाएं हैं वो बाजार को पुनर्जीवित करने से जुड़ी हैं। क्योंकि पूंजी बाजार के दृष्टिकोण से, इस केंद्रीय बजट में नीतिगत निरंतरता और वित्तीय अनुशासन महत्वपूर्ण कारक होंगे, खासकर भारतीय अर्थव्यवस्था और कॉर्पोरेट आय में हालिया मंदी को देखते हुए। कैपेक्स में 10-12 प्रतिशत वृद्धि, वित्त वर्ष 2026 के लिए लगभग 4.5 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य और निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय को पुनर्जीवित करने के उपाय, बाजार के लिए सकारात्मक संकेत होंगे।

ऐसे में कारपोरेट सेक्टर को उम्मीद है कि वित्तमंत्री कर संरचनाओं को सरल बनाएंगी तथा कर छूट की सीमा बढ़ाएंगी, जिससे शहरी क्षेत्रों में खपत को बढ़ावा मिलेगा, जहां हाल ही में मंदी के आसार देखे गए हैं। हालांकि सरकार से भारी सब्सिडी देने की उम्मीद नहीं है, लेकिन कृषि क्षेत्र को उत्पादकता बढ़ाने के लिए लक्षित सहायता मिल सकती है। शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स (एसटीसीजी) लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स और सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) में कोई बदलाव की उम्मीद उद्योग जगत को नहीं है, जो बाजार सहभागियों के लिए एक सकारात्मक संकेत होगा। मार्च 2024 में भारत ने एआई मिशन के लिए 10,300 करोड़ का आवंटन किया था, जो कि एआई के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का सबूत है। वैश्विक अर्थशास्त्रियों के मुताबिक साल 2030 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में एआई 15.7 ट्रिलियन डॉलर तक का योगदान देगी।

सोशल मीडिया

सभी पूज्य संतों, श्रद्धालुओं प्रदेश एवं देशवासियों से मेरी अपील है कि अफवाह पर कोई ध्यान न दें, संयम से काम लें, प्रशासन आप सभी की सेवा के लिए बहुत तत्परता से काम कर रहा है। सीएम योगी.

गायत्री महामंत्र

तप, साधना और सत्संग हमारे शिक्षा प्रदान करते हैं औरविचारों और संस्कारों का पोषण करते हैं। स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन, मनन यह चार कार्य भावनात्मक साधना के अन्तर्गत आते हैं। इनसे विचारों की, दृष्टिकोण की, भावना की शुद्धि होती है। क्रियात्मक साधना से संस्कारों का संशोधन एवं पोषण होता है। जो अशुभ संस्कार मनोभूमि में गहराई से जमे हैं, उन्हें उखाड़ने का कार्य क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। शुभ संस्कारों का बीजरोपण तथा उनका परिपोषण भी क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। भावनात्मक साधना के संबंध में कुछ प्रकाश पिछले पृष्ठों में डाला जा चुका है। क्रियात्मक साधना के अनेक उपक्रम हैं जिनका उपयोग साधक की निष्ठा, अभिरुचि एवं परिस्थितियों के अनुरूप किया जाता है। गायत्री महामंत्र के जप का क्रियात्मक साधना में सर्वप्रथम स्थान है। इसे अनिवार्य धर्म कर्तव्य माना गया है। धर्मशास्त्रों में ऐसी व्यवस्था मिलती है कि भोजन से पूर्व कम से कम एक बार गायत्री का जप प्रत्येक धर्म प्रेमी को करना चाहिए। जो इसकी उपेक्षा करे उन्हें शूद्र कहकर तिरस्कृत किया गया है। प्राचीन काल में संभवतः नित्य गायत्री जप की उपेक्षा करने वाले लोग शूद्र कहकर तिरस्कृत किये गये होंगे और पीछे उनकी स्वतंत्र जाति ही बन गयी होगी। मस्तिष्क और हृदय दोनों ही क्षेत्रों पर गायत्री जप का गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्मरण शक्ति, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता, सूझ-बूझ परिमार्जित कल्पना, अनुत्तेजना एवं संतुलित मनःस्थिति यह मस्तिष्क के गुण हैं। गायत्री उपासना से इन सभी गुणों का साधक के प्रयत्न अनुरूप विकास होता है। निष्ठा श्रद्धा, दृढ़ता, साहस, धैर्य, उत्साह, उदारता, श्रेष्ठता, आदर्शवादिता एवं संकल्प शक्ति हृदयगत गुण हैं। गायत्री जप से इनका भी अभिवर्धन होता है।

गायत्री बुद्धि एवं भावना की देवी हैं। जहां उसकी प्रष्ठिा होगी वहां सद्ज्ञान एवं सद्भाव का विकास स्वयंमेव होता चलेगा। अंतःभूमि का स्वस्थ विकास इन्हीं दो तत्वों पर निर्भर है। गायत्री उपासना निसंदेह मनुष्य की अपूर्णताओं की खाई पाटती हुई उसे पूर्णता के परम लक्ष्य तक पहुंचा देने में समर्थ होती है। जिन्हें अपने हृदय एवं मस्तिष्क के विकास में अभिरुचि हो उन्हें गायत्री उपासना एक रामबाण अमोघ औषधि के रूप में अपनानी चाहिए। आत्मिक उन्नति की दिशा में जिनका उत्साह अधिक है, जो गुप्त आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करके अपने आपको सामान्य स्थिति से ऊंचा उठाकर असामान्य स्थिति में ले जाना चाहते हैं उनके लिए गायत्री के अनुष्ठान, पुनश्चरण एवं तपश्चर्यात्मक अनेक विधान हैं।

अंतर्दृष्टि

डॉकिंग से मानव मिशन की राह आसान

डॉकिंग में मिली सफलता ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि अब भारत मानव सहित चांद पर पहुंचने, वहां से नमूने लाने, अंतरग्रही अभियानों और अंतरिक्ष में अपना स्टेशन निर्मित करने की योजना को समयबद्ध तरीके से सफलतापूर्वक पूरा कर लेगा। एक सफलता कई मनोरथ पूरा कराने वाली सिद्ध होगी। हमें यह महान अंतरिक्ष तकनीक देने वाले इसरो को सलाम।

विज्ञान ● संजय श्रीवास्तव

इसरो ने देश को गर्व का एक और अवसर प्रदान किया है। पृथ्वी से 470 किलोमीटर की ऊंचाई पर सबने उसका यह कीर्तिमानी कमाल देखा जब उसने अपने स्पेडेक्स अर्थात स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और आखिरकार अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट या उपग्रहों को एक साथ जोड़ने में कामयाब पा ली। हालांकि जुड़ने के बाद इन दोनों के बीच विद्युत आपूर्ति तथा फिर सफलता पूर्वक अलग करने का काम अभी बाकी है, पूरी उम्मीद है वह भी शीघ्र ही सफलतापूर्वक संपन्न होगा। पृथ्वी की निचली कक्षा में एक अंतरिक्ष यान के दूसरे से जुड़ने की प्रक्रिया को डाकिंग और अलग होने की स्थिति को अनडॉकिंग कहते हैं। भविष्य में मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशनों के यह लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण तकनीक अब रूस, अमेरिका, चीन के बाद संसार में सिर्फ अपने पास है। ठीक है कि विश्व की तीन महाशक्तियां अमेरिका ने यह कारनामा 58 साल, रूस ने 57 और चीन ने 13 बरस पहले कर लिया था पर भारत की यह सफलता इसलिए प्रशंसनीय है कि जब अंतरिक्षीय सहयोग से संबद्ध तमाम अंतरराष्ट्रीय अनुबंधों और समझौतों के बावजूद किसी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी या देश ने भारत से इस जटिल प्रणाली और तकनीक प्रक्रिया को साझा नहीं किया तो हमने अपना स्वदेशी डॉकिंग मैकेनिज्म को विकसित किया और इसे 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' दे कर इसपर अपना पेटेंट लिया।

हमने रूस, अमेरिका, चीन से अधिक उन्नत और किंचित अलग अंतरिक्षीय तकनीक के साथ इस परीक्षण को अंजाम दिया है। बस कुछ कदमों बाद जब इसके बाकी जटिल मन्युवरिंग के पूरे होने की खबर आयेगी तब अंतरिक्ष के क्षेत्र में हमने जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं उनकी जमीन और ज्यादा पुख्ता हो जाएगी। इसमें कोई शक नहीं कि इस अभियान की सफलता के बिना अंतरिक्ष में चंद्रयान-4, मंगलयान, गगनयान के द्वारा अंतरिक्ष में मानव यात्री भेजना, अपने बूते भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के बनाने उसे कार्यरत होने अथवा चांद या अन्य ग्रहों से नमूने लाने की अथवा अंतरिक्ष में एक से ज्यादा रॉकेट प्रक्षिप्त करने की कवायद जो विशेषकर बड़े अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, इस जैसी हमारी तमाम अंतरिक्षीय महत्वाकांक्षाओं का पूरा होना कठिन था। अब इस परीक्षण की सफलता ने कई मनोरथ एक साथ सिद्ध करने का रास्ता आसान कर दिया है।

इस तकनीक के मिल जाने के बाद कक्षा में ही किसी उपग्रह की गड़बड़ी सुधारने और वहीं किसी भी स्पेसशिप की रीफ्यूलिंग का तरीका भी मिलेगा। यह सफलता इसरो का आत्मविश्वास और बढ़ाएगा तथा अंतरग्रही अभियानों, उन्नत अंतरिक्ष खोजों, भविष्य के चांद मिशनों, ग्रहों के बीच प्रवास के लिए भी पथ प्रशस्त करेगा। बीते साल इसरो ने अपने अगले डेढ़ दशक का ही रोडमैप जारी नहीं किया था बल्कि 2040 से 2047 तक की योजनाएं सार्वजनिक की थीं। इसमें अगले साल 2026-27 में गगनयान की दूसरी 'ह्युमन फ्लाइट और 2028-29 में तीसरी ह्यूमन फ्लाइट के भेजने की बात है। उसक इरादा है कि 2029 तक तीन मानवयुक्त यान भेजे तथा इनकी सफलता के आंकलन तथा आपेक्षित सुधार के बाद 2030 में आखिरी गगनयान मिशन-5 यानी ल्यूपेक्स के जरिए अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में पहुंचाया और वापस ले आया जाये। 2035 तक पांच मॉड्यूल वाला अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना है, पहला मॉड्यूल साल 2028 में लॉन्च होगा, इसके बाद बाकी। इन्हें अंतरिक्ष में एक साथ जोड़ना इसी तकनीक से संभव होगा। स्पेस स्टेशन बनाने और उसके बाद वहां जाने-आने तथा धरती से आपूर्ति पहुंचाने के लिये भी इस तकनीक की आवश्यकता रहेगी। 2037-38 में चंद्रमा की सतह पर भारतीय रोबोटिक ह्यूमनॉइड उतारने की योजना इसरो ने तैयार कर ली है। वह 2040 में चंद्रमा पर मानव सहित यान भेजने, उसकी सतह पर पहला भारतीय कदम रखने और इसके बाद क्रू मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से समुद्र में लैंड कराने की अपनी इस महत्वाकांक्षी योजना में लगा हुआ है।

अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर पहुंचाने या उससे पहले चंद्रयान-4 मिशन के तहत चांद से नमूने लाने के लिए भी अंतरिक्ष में एक यान से दूसरे यान से अलग होना और उसके बाद वापस लौटने वाले यान से जुड़ना जरूरी है सो यह तकनीक उसके लिए भी अनिवार्य थी। अंतरिक्ष में जाम की वजह से 30 दिसंबर की रात स्पेडेक्स की लांचिंग में दो मिनट का विलंब हुआ था, समान कक्षा में उसी पथ पर कुछ दूसरे उपग्रह भी मौजूद थे। अंतरिक्ष में कार्यक्षम के अलावा निष्क्रिय उपग्रहों की भी भारी भीड़ है। निजी कंपनी स्टरलिंक के 7 हजार संचार उपग्रह जल्द बढ़कर 12 हजार पहुंचने वाले हैं तो हजारों दूसरे निष्क्रिय हो मलबे तौरपर हैं। इस अंतरिक्षीय कचरे की समस्या से निबटने में स्पेडेक्स परीक्षण एक समाधान बन सकता है। इसके सैटेलाइट रोबोटिक आर्म के जरिए किसी उपग्रह या क्यूबसेट को पकड़कर अपनी ओर खींचा और न सिर्फ कक्षा में भटके उपग्रहों को सही जगह लाया जा सकता है बल्कि निष्क्रिय उपग्रहों के मलबे को दूर किया जा सकता है।

स्पेडेक्स अभियान के दौरान वास्तविक परिस्थितियों में कुछ विशेष परीक्षण भी किए जाएंगे जैसे डॉकिंग के अंतिम चरण का परीक्षण करने के लिए डॉकिंग मैकेनिज्म परफॉर्मेंस टेस्ट, नियंत्रित परिस्थितियों में डॉकिंग तंत्र का परीक्षण करने के लिए वर्टिकल डॉकिंग एक्सपेरिमेंट लेबोरेटरी और रीयल टाइम सिमुलेशन के साथ रेंडेजवस सिमुलेशन लैब जो इसके एल्गोरिदम को जांच सकेगा। इनके अलावा सटीक माप लेने वाले कई नए सेंसर जैसे लेजर रेंज फाइंडर, रेंडेजवस सेंसर और डॉकिंग सेंसर का परीक्षण भी लगे हाथ हो जायेगा, इसी दौरान एक नितांत नए प्रोसेसर को भी आजमाया जाएगा। इस अभियान में साथ गए इसरो के 14 और गैरसरकारी संस्थाओं, स्टार्टअप और शैक्षणिक संस्थानों के 10 पेलोड अंतरिक्ष में विकिरण, के अलावा वहां की माइक्रोग्रेविटी संबंधित कई प्रयोग करेंगे। इनसे करीब दो साल तक उपयोगी आंकड़े मिलते रहेंगे जो भविष्य के मिशनों के लिए ऑटोनॉमस सिस्टम बनाने के काम आएंगे। पहली बार मल्टीस्पेक्ट्रल पेलोड का इस्तेमाल प्राकृतिक संसाधनों और वनस्पति की निगरानी के लिए करते हुए जैविक प्रयोग के तहत वहां लोबिया के 8 बीज उगाए जाएंगे, पौधे की बढ़त आंकी जाएगी। इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को लॉन्च स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन के तहत दो उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में एक दूसरे को नियत दूरी पर रखकर एक को टारगेट और दूसरे को चेजर के तौरपर 7 जनवरी को जोड़ने का तय किया था, लेकिन इसे टाला, फिर 9 जनवरी को भी तकनीकी दिक्कतों के कारण डॉकिंग टली यहां तक कि 12 जनवरी को दोनों स्पेसक्राफ्ट्स को 3 मीटर तक पास लाने के बाद वापस इन्हें सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। तब यह कयास था कि अब डॉकिंग कहीं मार्च में ही संभव हो पाये पर धरती से 470 किलोमीटर दूर, किसी बुलेट की तकरीबन दस गुना यानी 28,800 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चक्कर काटते उपग्रहों को जमीन से नियंत्रित कर, डॉकिंग करने के साथ अंततः इसरो ने अपने कौशल से एक इतिहास बना दिया। अब बचता है इलेक्ट्रिकल पावर ट्रांसफर का काम और फिर स्पेसक्राफ्ट्स की अनडॉकिंग। अब आगे इसरो के महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक है 2047 से पहले रीयूजेबल रॉकेट बना लेना। निस्संदेह उसकी प्रगति को देखकर यह सफलता भी निश्चित लगती है। फिलहाल यह कामयाबी केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की बढ़ती सशक्त स्थिति को दशार्ता है बल्कि ये देश की भविष्य की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए भी एक मजबूत आधार प्रदान करता है। विशेषतरू उस दौर में जब अंतरिक्ष, वैश्विक भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का नया क्षेत्र बन गया हो और प्रतिद्वंदिता बढ़ती जा रही हो।

आप की बात

गरीबों के स्वास्थ्य की चिंता

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है।

अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते।

प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.

पीएम आवास योजना

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमानदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है।

दिनेश प्रताप, लखनऊ.

संक्षेप

सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह फरवरी के प्रथम शनिवार 01 फरवरी 2025 को तहसील नानपारा में जिलाधिकारी तथा तहसील सदर बहराइच में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

डीसीडीसी की बैठक 10 को

बहराइच ए.आर. को-आपरेटिव संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष-2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष को ह्वाको-आपरेटिव बिल्ड ए बेटर वर्ल्डह्न की थीम पर मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। श्री तिवारी ने बताया कि जनपद में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष को मनाये जाने के उद्देश्य से 10 फरवरी 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिले स्तर पर गठित डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलमेंन्ट कमेटी (डी.सी.डी.सी) की बैठक आहूत की गई है।

आबादी से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या

20 से 25 लाख श्रद्धालु रोज कर रहे दर्शन

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। रामनगरी में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला अभी थमा नहीं है। शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में देर शाम तक दर्शन पूजन चला। दो फरवरी को पड़ने वाली वसंत पंचमी के बाद तक अयोध्या में ऐसी भीड़ जुटी रहने की संभावना जताई जा रही है। जानकारों के

- रामनगरी में सुरक्षा के व्यापक इतंजाम

मुताबिक रोजाना तकरीबन 20 से 25 लाख के करीब श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे है। यह शहर की आबादी से कहीं ज्यादा है। वहीं व्यवस्थाओं को नियंत्रित करते हुए अधिकारी जुटे हुए हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हवाई सर्वेक्षण कर न सिर्फ अपने आराध्य को प्रणाम किया बल्कि रामनगरी की व्यवस्थाओं का भी नजारा देखा। प्रयागराज के महाकुंभ में पहुंची श्रद्धालुओं की अपार भीड़ अयोध्या रुख कर चुकी है। पहले मकर संक्रांति और उसके बाद 26 जनवरी से अयोध्या में जुटी भीड़ ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। रोजाना तीन लाख के करीब श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। पांच लाख से अधिक हनुमानगढ़ी में माथा टेक रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि हर वर्ष प्रयागराज से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचते हैं, लेकिन इस वर्ष रामलला के श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ गई है।

हेलीकॉप्टर से गोरखपुर जाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई सर्वेक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने राम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी व सरयू घाट का हवाई सर्वेक्षण किया है। अयोध्या धाम में भीड़ बढ़ते ही गलियों में बैरिकेडिंग कर दी गई है, ताकि कोई भी इधर-उधर से प्रवेश न कर सके। हाईवे पर वाहन रोके गए हैं। द्वारों से धाम में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। हनुमानगढ़ी पर मौजूद एडिशनल एसपी डॉ राजेश तिवारी ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। प्रशासनिक व्यवस्थाओं को देखते हुए श्रद्धालु उत्साहित दिखे। अयोध्या पुलिस को धन्यवाद दिया। प्रयागराज जैसी घटना दोबारा कहीं न हो इसलिए अधिकारियों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। योगी सरकार ने अयोध्या में एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर को लगाया है। वह नियमित मण्डलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करा रहे हैं। अयोध्या में भीड़ के दबाव को कम किया जा सके इसलिए नगर के बाहर होल्डिंग एरिया बनाये गए हैं। अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ते ही गोंडा व प्रयागराज मार्ग पर बने होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं को रोक लिया जाता है। रुक-रुक कर श्रद्धालुओं को रवाना किया जाता है। अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अयोध्या प्रशासन ने हाइटेक ड्रोन की मदद से क्षेत्र की निगरानी शुरू कर दी है। यह ड्रोन 120 मीटर की ऊंचाई तक उड़ने और 3 से 5 किलोमीटर के दायरे में निगरानी करने में सक्षम है। इन ड्रोन्स के माध्यम से आने जाने वाले श्रद्धालुओं पर नजर रखी जा रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत चिह्नित कर जांच किया जा रहा है। ड्रोन की सहायता से संवेदनशील इलाकों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की पहचान होती है, तो तुरंत उसकी जांच कर कार्रवाई की जा रही है। ड्रोन कैमरा के माध्यम से अयोध्या जिले के आलाअधिकारी वर लखनऊ जोन के एडीजी लोग जुड़े हुए हैं। महाकुंभ से रामनगरी अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं/पर्यटकों को शीत ऋतु में ठंड से बचाव के लिए महानगर में 16 स्थल पर आश्रय स्थल/विश्राम स्थल व टेंट सिटी की व्यवस्था की गई है। इसमें 25 हजार लोगों के ठहरने के प्रबंध हैं श्रद्धालुओं की सुविधार्थ के लिए पेयजल, प्रसाधन, अलाव आदि मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था उपलब्ध है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नयाघाट पुलिस चौकी से संत तुलसीदास घाट मार्ग तक अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए, निगम द्वारा की गई समस्त व्यवस्थाओं का पैदल भ्रमण किया गया इस दौरान मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किए गए सुधार कार्यों, सफाई व्यवस्था, यातायात व्यवस्था व अन्य संबंधित सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया की अयोध्या धाम के अंतर्गत यात्रियों को सड़क से ले जाकर उनका आश्रय स्थल तक छोड़ने के लिए अयोध्या धाम में 12 व अयोध्या कैंट में 6 गोल्फ कार्ट लगाए गए हैं।

हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन

बाराबंकी। इंडियन स्टूडेंट पावर द्वारा पदमश्री के0डी सिंह बाबू के जन्मदिवस पर आयोजित फाइव-ए-साइड हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन सचिव मजहर अजीज खान ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुये कहा कि बाबू साहब बाराबंकी की शान है। इस वर्ष उनका जन्मदिवस समारोह तीन दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट जनपद के हॉकी खिलाड़ी कर रहे है। पहला मैच गांधी क्लब ए ने बाबू सोसाइटी को 8 गोल के मुकाबले 4 से जीत कर अगले राउंड में स्थान पक्का कर लिया। दूसरा मैच क्लब 25 अवेंजर्स क्लब के बीच खेला गया। जिसमें क्लब 25 ने शानदार प्रदर्शन कर 5-1 जीत हासिल की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम, संयुक्त सचिव चंदा रानी, विवेक प्रकाश सिंह, अभिषेक सिंह विक्की, मोहम्मद आदिल, शाकिब अशरफ मौजूद रहे।

स्कूल का ताला तोड़कर चोर हजारों का सामान लेकर रफूचक्कर

रामसनेहीघाट बाराबंकी। अज्ञात चोरों ने कंपोजिट विद्यालय में रसोईघर का ताला तोड़कर सिलेंडर समेत हजारों रुपए का सामान लेकर रफू चक्कर हो गए। आज सुबह विद्यालय पहुंचे शिक्षकों-बच्चों ने देखा तो इसकी सूचना ग्राम प्रधान समेत पुलिस को दी है। मामला रामसनेहीघाट तहसील के सनाकापुर हथौंधा कंपोजिट विद्यालय का है। जहां पर विद्यालय पहुंचे शिक्षक ने रसोईघर का ताला टूटा देखा रसोई घर के अंदर रखा सिलेंडर बर्तन और खाद्यान्न का सामान चोरी की सूचना ग्राम प्रधान समेत पुलिस को तहरीर दी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

पेश होने वाले बजट में व्यापारी हित में सरकार उठाये कोई कदमः राजकुमार

बाराबंकी। एक फरवरी 2025 को भारत सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट से व्यापारियों को बहुत उम्मीदें है। व्यापारियों को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इस बार पेश किए जाने वाले बजट से व्यापारियों के चेहरे खिल उठेंगे। जिस पर सर्वहित व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव ने व्यापारी हित मे मांग करते हुये कहा

- सर्वहित व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से की विभिन्न मांगे

कि नए व्यवसाय शुरू करने वाले व्यापारियों के लिए पहले 3-5 वर्षों तक टैक्स में छूट या कम दरें करने, ताकि वे अपनी वित्तीय स्थिति स्थिर कर सकें। इससे नौकरी देने वाले छोटे व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा। रिटेल सेक्टर के व्यापार को बचाने के लिए रिटेल ट्रेड पॉलिसी लाने, ई-कॉमर्स पर सख्त नियम बने, ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा डिस्काउंटिंग और प्राइस वार को नियंत्रित करने के लिए रेगुलेशन लागू, विदेशी कंपनियों को भारतीय बाजार में एक सीमित हिस्सेदारी दी जाए, जिससे भारतीय रिटेल सेक्टर को नुकसान न हो। ई-कॉमर्स पॉलिसी की मांग बहुत पुरानी है। 5 करोड़ तक के टर्नओवर वाले व्यापारियों को एक निश्चित स्टैंडर्ड डिडक्शन दिया जाने जिससे टैक्स कंप्लायंस को सरल बनाएगा। छोटे व्यापारियों को राहत देगा और व्यापार जगत को मजबूत करेगा। व्यापार से जुड़े खर्चों जैसे ऑफिस रेंट, यात्रा, मार्केटिंग, सैलरी आदि पर टैक्स डिडक्शन मिलने, सरकार एक डिजिटल इंडिया रिटेल प्लेटफॉर्म लॉन्च करे, जहां छोटे व्यापारी ऑनलाइन स्टोर बना सकें। छोटे दुकानदारों को सरकारी पोर्टल्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर व्यापार करने के लिए प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता दी जाए आदि मांग की है।

सीएम योगी की जनसभा होगी ऐतिहासिकः विनय सिंह

मिल्कीपुर-अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2 फरवरी को मिल्कीपुर में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। जिसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। जनसभा को सफल बनाने के

- रामगंज विद्यालय के ठीक सामने मैदान में 2 फरवरी को होगी जनसभा

लिए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मिल्कीपुर विनय सिंह टुनटुन की अगवाई में सैकड़ो कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की जनसभा रामगंज विद्यालय के ठीक सामने मैदान में होगी, जिसकी तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। जनसभा में एक लाख से अधिक भीड़ जुटने का अनुमान है। यह भी बताया कि 2 फरवरी सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, यह भी कहां की मिल्कीपुर की जीत कुंदूरखी से ज्यादा

मतों से होगी क्योंकि भाजपा में हर समाज के लोग जुड़े हैं, हमारे पास जो भी व्यक्ति आता है तो हम उससे विकास की बात करते हैं ना कि उसके धर्म जात की बात करते हैं। डिंपल यादव के रोड शो पर उन्होंने प्रक्रिया देते हुए कहा कि उनके रोड शो से भाजपा को कोई नुकसान नहीं हुआ है, बल्कि दस हजार वोट और भाजपा का बढ़ गया है। रोड शो में स्थानीय लोग शामिल नहीं थे बाहरी लोग शामिल थे वोट तो मिल्कीपुर विधानसभा की जनता को देना है। पूरे विधानसभा क्षेत्र की जनता योगी और मोदी जी के साथ है।

ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि योगी जी से हमारे अच्छे संबंध है, जिसके चलते हम उनके कार्यक्रम में लगे हुए हैं और रिकार्ड मतों से चुनाव भी जीत जाएंगे ,क्योंकि जनता मोदी के और योगी जी के कार्यों से खुश है हर समाज को साथ लेकर के चलने का काम कर रहे हैं। भाजपा का नारा ही है सबका साथ सबका विकास है। हमारे समर्थक डोर टू डोर लोगों से जाकर मुलाकात कर रहे है, और भारतीय जनता पार्टी के सरकार की नीतियों और जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि जितना विकास योगी जी के सरकार में हुआ है किसी और की सरकार में नहीं हुआ। हर पत्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास मिल रहा है, हर व्यक्ति को शौचालय मुहैया कराया गया है। बात रही छुट्टे मवेशियों की जिससे किसान परेशान है तो छुट्टे मवेशियों को भी पकड़वाकर गौशालाओं में रखवाया जा रहा है। ठेला व फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदार व्यापारी पैसे के अभाव में अपना व्यापार नहीं बड़ा पा रहे थे लेकिन इस सरकार में उन्हें भी ब्याज मुक्त लोन दिया जा रहा है। जो अपना व्यापार बढ़ाएंगे और आसान किस्तों में जमा भी कर सकेंगे ऐसी योजनाएं किसी सरकार ने नहीं चलाई थी। आज किसान से लेकर व्यापारी तक इस सरकार की नीतियों से खुश है।

तथाकथित सेक्युलर पार्टियां कर रहीं भाजपा को बदनामः वसीम राईन

बाराबंकी। भाजपा तो सिर्फ बदनाम है। धर्म आधारित राजनीति करने में तथाकथित सेक्युलर पार्टियां, तो भाजपा से भी ज्यादा महान हैं। यह बात ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कहीं। उन्होंने कहाँ कि वैसे देखा जाए तो पहली नजर में खासकर पसमांदा मुसलमान सपा, बसपा, राजद, जदयू, राजभर, निषाद पार्टी जैसी पार्टियों को सामाजिक न्याय विचारधारा वाली पार्टियां मानने की भूल कर बैठते हैं। हकीकत में ये सामाजिक न्याय विचारधारा वाली पार्टियां हैं ही नहीं। बल्कि इनके लिए सबसे पहले अपनी जाति का सियासी नफा-नुकसान सर्वोपरि होता है। और उसके बाद जो कुछ बचता है। उसमें तथाकथित सामाजिक न्याय के नाम पर ये सभी धर्मों के शोषितों, वंचितों, पिछड़ों, दलितों आदि सबको नहीं बल्कि सिर्फ हिंदू पिछड़ों और दलितों को कुछ, प्रतीकात्मक राजनीतिक हिस्सेदारी जरूर दे देते हैं? इनकी नजर में पसमांदा मुसलमान पिछड़ा या दलित नहीं बल्कि सिर्फ मुसलमान होता है। वैसे इन तथाकथित सभी स्वयंभू पिछड़े और दलित पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व को बखूबी पता है कि पूरे देश के कुल पिछड़ों (52 प्रतिशत) में पसमांदा मुसलमान एक चैथाई (13 प्रतिशत) और उप्र जैसे बड़े राज्य में लगभग एक तिहाई (16 प्रतिशत) हैं। इन्हें पसमांदा मुसलमानों को उनकी आबादी के अनुपात में सियासी हक-हिस्सेदारी देने से इसलिए भी एतराज होता है। जब हिंदू पिछड़े या दलित बनाम सिर्फ मुस्लिम यानी खुद खुलकर धर्म आधारित राजनीति करने वाले सामाजिक न्याय के सारे फर्जी मसीहा लोग भाजपा पर धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाते नहीं थकते।

प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला योजना समिति की बैठक

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में कारागार मंत्री/जनपद प्रभारी मंत्री सुरेश राही की अध्यक्षता में जिला योजना समिति 2024-25 की बैठक हुई। बैठक मे डीडी एग्रीकल्चर द्वारा एग्रीकल्चर से सम्बंधित सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इसके उपरांत जिला गन्ना अधिकारी द्वारा गन्ना विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गयी। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के टीकाकरण सहित निराश्रित पशुओं की गोशाला में की जा रही देखभाल सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही दुग्ध उत्पादन के विषय में और दुग्ध समितियों के विषय में अवगत कराया गया। इसके उपरांत वन विभाग, डीसी एनआरएलएम और परियोजना निदेशक द्वारा अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई। बैठक मे प्रभारी मंत्री श्री राही ने उपस्थित अधिकारियों को सभी योजना की जानकारी माननीय सदस्यो को दिये जाने, सभी सदस्यों की जनहित से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाने हेतु सम्बधित अधिकारियो को निर्देशित किया। उन्होने आगे कहा कि जनता ने जनप्रतिनिधियों को चुना है और जनता के प्रति सबकी जवाबदेही है। कोई भी योजना सरकार की आती है तो बराबर की सबकी भागीदारी होनी चाहिए। जनता की समस्याओं का अधिकारी त्वरित समाधान करें। बैठक मे एमएलसी अंगद सिंह, विधायक सदर धर्मराज सिंह यादव, अपर जिलाधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी सहित नलकूप विभाग, सिंचाई विभाग, सहित लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

स्मार्ट बने-सुरक्षा चुने के संकल्प के साथ कारागार मंत्री ने किया सड़क सुरक्षा माह का समापन

उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

बाराबंकी। सड़क हादसो को रोकने के लिये चलाये जा रहे 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक सडक सुरक्षा माह अन्तर्गत परिवहन विभाग के तत्वाधान में कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार मे प्रशास्ति पत्र वितरण एंव समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जनपद प्रभारी मंत्री/कारागार मंत्री सुरेश राही एंव विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बूके एंव स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कारागार मंत्री श्री राही ने

जागरुक करते हुये कहा कि सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को सर्वप्रथम अपनी जिम्मेदारी को समझकर चलना होगा। ताकि इनसे कोई लोग हताहत न हो। किसी की जान एक छोटी सी लापरवाही से जा सकती है। सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हमें स्वयं करना होगा। हेलमेट-सीटबेल्ट पहनने को अपनी आदत मे बनायें। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन अनमोल है। इसे बचाना आवश्यक है इसके लिए सड़क सुरक्षा आम लोगों के लिए अनिवार्य है। तमाम नागरिकों का यह कत्र्तव्य बनता है कि गलत ढंग से सड़कों पर चलने वाले लोगों को जागरूक करें ताकि उनकी जीवन रक्षा हो सके। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि कारागार मंत्री द्वारा ह्यसड़क पर वाहन चलाने से पहलें सभी सुरक्षा सम्बधी बातो का ध्यान रख सड़क व यातायात नियमों का हमेशा पालन करुगाह्न की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी ने किया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सडक सुरक्षा माध्यमिक शिक्षा नोड्ल अधिकारी डा0 पूनम सिंह, आशीष पाठक, अग्निहोत्री, ऋषि टण्ड़न, शिवम शर्मा, चन्द्रभान सिंह, पंकज वर्मा, रवि बाला, अनिल सिंह आदि समाजसेवियो, शिक्षको, पत्रकारो को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

भंडारे में लगभग डेढ़ लाख लोगों की हुई भोजन सेवा

अयोध्या। श्री अयोध्या न्यास के तत्वाधान में पूर्व सांसद लल्लू सिंह द्वारा तीन दिवसीय भंडारे के तीसरे दिन भारी भीड उमड़ी। तीन दिवसीय भण्डारे में लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोगों की भोजन सेवा की गई। सिविल लाइन पार्टी कार्यालय अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के निकट होने के कारण रेलगाड़ियों से आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में भंडारे में पहुंच रहे है। भंडारा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए पेयजल, मोबाइल चार्जिंग, विश्राम की व्यवस्था की गई है। भंडारे की व्यवस्थाओं के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता लगे हुए है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि मौनी अमावस्या स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे। उनके लिए भण्डारे के माध्यम से उनके लिए भोजन का प्रबंध किया गया है। देर शाम तक हजारों लोगों ने भोजन किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की है। भंडारें की व्यवस्थाओं के लिए जिला जीत सिंह, विपुल सिंह, सूरज सोनकर, अंकित दुबे, अनूप पांडे है।

अयोध्या के खोए गौरव को वापस लाना लाने के लिए जिताएं भाजपा का प्रत्याशीः ब्रजेश पाठक

- समाजसेवी राजन पांडेय के आवास पर हुए भव्य स्वागत से गदगद दिखे डिप्टी सीएम

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। मिल्कीपुर उपचुनाव के तहत प्रबुद्ध सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कार्यक्रम खत्म करने के बाद कुमारगंज स्थित समाजसेवी राजन पांडेय के आवास पर पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि आप लोग अयोध्या के खोए हुए गौरव को वापस लाना चाहते है तो भाजपा के प्रत्याशी चन्द्र भानु पासवान को भारी बहुमत से जिता कर भेजे। राजन पांडेय ने लोगों से कहा कि वर्तमान सरकार जितना गरीबों के लिए कार्य कर रही है इतना कार्य कोई अन्य सरकार ने नहीं किया था। ब्रजेश पाठक आवास पर जलपान करने के पश्चात दिल्ली किए रवाना हो गए। ब्रजेश पाठक के साथ भाजपा के युवा नेता विशाल मिश्रा, गिरीश पांडे डिप्पुल कुंवर बहादुर मिश्रा बम बहादुर पांडेय, बैजनाथ यादव हरीश मिश्रा, शंकर पांडेय बिंद्रा यादव राजा पांडेय विराट अमित पांडेय अंकित पांडेय सदस्य

जिला पंचायत ,अर्पित पांडेय लव कुमार मिश्रा आदर्श पांडेय बब्बू पांडेय सुरेंद्र शुक्ल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

जिले की रैंकिंग प्रभावित होने पर दण्डित होंगे जिम्मेदार अधिकारीः डीएम

जिला संवाददाता(vol)

बहराइच। सीएम डेश बोर्ड एवं जनसुनवाई पोर्टल की समीक्षा हेतु गुरूवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान शिकायत निस्तारण की आख्या गुणवत्तापूर्ण न होने तथा छात्रवृत्ति की धनराशि के प्रेषण में विलम्ब व पेंशन लाभार्थियों की केवाईसी पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया।

इसी प्रकार बैठक से अनुपस्थित होने पर सहायक श्रमायुक्त का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने तथा आख्या गुणवत्तापूर्ण न होने पर एडीओ पंचायत बलहा को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि से दण्डित किये जाने का निर्देश दिया। जबकि जल निगम से प्राप्त होने वाली आख्या संतोषजनक न होने तथा मौके की फोटो प्रेषित न किये जाने पर डीएम ने विभागीय अधिकारियों एवं लिपकीय संवर्ग को वेतन रोके जाने के निर्देश दिये।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों का निस्तारण नवीन शासनादेश के अनुसार करें। स्पेशल क्लोज से सम्बन्धित प्रकरणों में पूरी जांच पड़ताल कर शिकायतकर्ता से वार्ता के पश्चात संतोषजनक/संतुष्ट

- जनसुनवाई पोर्टल एवं सीएम डेश बोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न

फीड प्राप्त करने के बाद ही स्पेशल क्लोज करें। डीएम ने पंचायत राज, आपूर्ति, विद्युत एवं आईसीडीएस विभागों को निर्देश दिया कि आख्या पर विशेष ध्यान दें जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित न हाने पाये। समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया गया कि पेंशन से सम्बन्धित शिकायतों में अधिकारी कर्मचारी मौके पर जाकर जियो टैग फोटो व गवाह का साक्ष्य जरूर लगायें।

बैठक के दौरान डीएम ने बताया कि नवीन व्यवस्था के अनुसार एल-1 स्तर के अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता से टेलीफोन पर बात करने पर रैंकिंग तय होगी। डीएम ने एल-1 स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनिवार्य रूप से शत-प्रतिशत शिकायतकर्ता से दूरभाष पर जरूर वार्ता करें।

इसके लिए 10 नम्बर आवंटित किये जायेगें। एल-3 स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कम से कम 10 शिकायतकर्ता से अवश्य वार्ता करें। डीएम ने कहा कि बार-बार असंतुष्ट फीड बैक देने वाले शिकायतकर्ता को कार्यालय में बुलाकर उनकी समस्या का समाधान करने के पश्चात ही फीड बैक लगायें।

बैठक के दौरान डीएम मोनिका रानी ने फैमिली आईडी, विद्युत, विकास, पर्यटन, आपरेशन कायाकल्प, मध्यान्ह भोजन, पशुपालन, पिछड़ा वर्ग, मत्स्य पालन, आईसीडीएस, सभी प्रकार की पेंशन, आधार सीडिंग, कन्या सुमंगला, श्रम विभाग, ओडीओपी, सहकारिता, आबकारी, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना, गन्ना मूल्य भुगतान, पीएम आवास, खनन इत्यादि विभागों की समीक्षा करते हुए आपूर्ति विभाग को निर्देश दिया कि उज्ज्वला योजना में लाभार्थियों के अतिरिक्त अन्य किसी को गैस सिलेण्डर देने सम्बन्धी प्रकरणों का समयबद्धता के साथ निस्तारण करें।

समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत अधिक से अधिक सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर पात्र बेटियों की शादी करायें तथा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना अन्तर्गत प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि सेतु निगम व रेलवे की समन्वय बैठक कराकर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीएमओ डॉ. संजय कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

कुंभ हादसा योगी सरकार की नाकामीः किरणमय नंदा

मिल्कीपुर-अयोध्या। फैजाबाद संसदीय क्षेत्र पर सामान्य सीट होने के बावजूद भी सुरक्षित व्यक्ति का सांसद चुना जाना एक इतिहास है। प्रयागराज में आयोजित कुंभ हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मैं यह अवश्य कहूंगा कि घटना के पीछे योगी सरकार की पूरी तरह से नाकामी छुपी है। यह बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद किरण मय नंदा ने कुमारगंज नगर पंचायत स्थित सपा चुनाव कार्यालय पहुंचने पर प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यह मिल्कीपुर का उपचुनाव जीतकर सपा 2027 के विधानसभा चुनाव का आगाज करेगी और 2027 के चुनाव में भाजपा का उत्तर प्रदेश से पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज सांसद डिंपल यादव के रोड शो में देखने और सुनने को मिली है। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कुंभ हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एक-एक करोड रुपए मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इस समय मतदाता सूची से लोगों का नाम बड़े पैमाने पर काट दिया गया है। सपा कार्यकताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो रहे हैं, किंतु जनता हमारे साथ है। आगामी 2027 का रास्ता यहीं से तैयार हो जाएगा। इस मौके पर मौजूद समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने कहा कि कुंदुरकी विधानसभा जीतने में भाजपा जरूर कामयाब हो गई, किंतु मिल्कीपुर में आगामी 5 फरवरी को होने वाले मतदान में एक-एक मत विकास के नाम पर जनता समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में देगी और सपा प्रत्याशी भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज करेगा। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने पार्टी कार्यकताओं एवं पदाधिकारी के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी को समाजवादी पार्टी का फाउंडर मेंबर बताया और उन्हें विश्वास दिलाया कि मिल्कीपुर सीट हर हाल में जीतेंगे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह मिंटू, नगर अध्यक्ष विकास सिंह छोटू, इमरान सिद्दीकी, मोहम्मद सगीर, सिंधु जीत सिंह, इरफान खान, शाहिद अली, आजाद सिंह, रामजी पाल, कौशलेंद्र प्रताप सिंह एवं मोहम्मद मजहर सहित दर्जनों पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

जगह-जगह हो रहे कैडर कैंप

अमेठी। बहुजन समाज पार्टी की ओर से कैडर कैम्पों का आयोजन जारी है।भण्डरा,नैनहा और कपासी में आयोजित कैडर कैम्पों में बसपा की रीति नीति और उपलब्धियों और वर्तमान राजनीति के बारे में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। बसपा के मंडल प्रभारी जिया लाल त्यागी ने कहा कि बसपा का लक्ष्य भारतीय संविधान को ठीक ढंग से लागू करके भारत की 140करोड़ जनता को स्वाभिमान और सम्मान की जिंदगी जीने का अवसर प्रदान करना है। अपनी चार बार की सरकार में बहन मायावती जी ने उत्तर प्रदेश में यह काम करके दिखाया है।

कार व ई-रिक्शा की टक्कर में पांच घायल

कादीपुर, सुलतानपुर। कार एवं ई-रिक्शा के टकरा जाने से पांच लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बृहस्पतिवार को कादीपुर कस्बे से दवा करा कर ई-रिक्शा से घर जा रहे थे। संत तुलसीदास पीजी कॉलेज के पास ई-रिक्शा और कार आपस मे टकरा गए।जिससे सातनपुर गांव की नीलम सिंह (41), रिया सिंह (24), बबिता (25), राम नारायण सिंह (70) व प्रियंका (43) घायल हो गई। घायलों को सीएचसी कादीपुर लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल नीलम सिंह एवं रिया सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मुफ्त बिजली योजना को लेकर हुई समीक्षा

सुलतानपुर (वीओएल)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जनपद को आवंटित 20,000 सोलर प्लांट स्थापना के लक्ष्य को समय से पूर्ण करने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कार्यरत वेण्डर फर्मो को प्रतिदिन 10 उपभोक्ताओं का पंजीकरण एवं कम से कम एक सोलर प्लांट की स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। योजना के तहत 1 किलोवाट संयंत्र पर 45,000, 2 किलोवाट पर 90,000, 3 किलोवाट पर 1,08,000 तक का अनुदान दिया जा रहा है। अधिकतम 10 किलोवाट तक 1,08,000 का अनुदान अनुमन्य है। प्रति किलोवाट संयंत्र की अनुमानित लागत 65,000 है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, लीड बैंक प्रबंधक एवं बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिले में कार्यरत 13 वेण्डर फर्मो की सूची जारी की गई, जिससे इच्छुक उपभोक्ता संपर्क कर अपना सोलर प्लांट लगवा सकते हैं। योजना की अगली समीक्षा बैठक 15 दिन बाद होगी।

बैसवारा महाविद्यालय में साइबर क्राइम पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

लालगंज, रायबरेली। बैसवारा महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव के नेतृत्व में साइबर क्राइम पर एक जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सेबी की तरफ से आए स्मार्ट ट्रेनर ओंकार पाल ने साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न आयामों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। श्री पाल ने आगे बताया कि मैसेज का ध्यान से देखकर उत्तर देना चाहिए, जो भी लिंक मोबाइल पर आए उन्हें क्लिक नहीं करना है, लुभावने ऑफर पर बिल्कुल ध्यान नहीं देना है, स्पैम कॉल्स को रिसीव करने की कोई आवश्यकता नहीं होती। ट्रेनर पाल ने आगे यह भी बताया कि बचत और निवेश में क्या अंतर होता है, निवेश करते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, उन्होंने कहा निवेश करते समय यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि सेबी से रजिस्ट्रेशन है अथवा नहीं, सेबी से रजिस्ट्रेशन होने के उपरांत ही निवेश करना चाहिए। स महाविद्यालय के प्रबंधक एवं प्राचार्य ने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें तकनीक का उपयोग करते समय साइबर नियमों का हमेशा अनुपालन करना चाहिए। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.रमेश चंद्र यादव ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं विशेष रूप से एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

एसडीएम ने रुकवाया मुख्य मार्ग पर अवैध निर्माण

रायबरेली। कब्जे की नियत से एक बार फिर से सार्वजनिक मार्ग पर अवैध निर्माण कराने का प्रयास विफल रहा। क्षेत्रीय लोगों द्वारा एसडीएम सिद्धार्थ शर्मा से शिकायत के बाद राजस्व टीम ने अवैध निर्माण को रुकवाया दिया और 24 घंटे के अंदर किए गए निर्माण को हटाने के निर्देश दिए है। बता दें कि परसदेपुर मुख्य मार्ग पर सम्राट नगर मोड़ के निकट एक पेट्रोल पंप के बगल में गाटा संख्या 2025 पर नहरिया दर्ज है जो अब नजरवा ताल को जाने वाला मार्ग प्रस्तावित है। पेट्रोल पंप के कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था जिसे मोहल्ले वासियों ने रोका पर कार्य नहीं रुका। फिर मोहल्लेवासियों ने सदर एसडीएम सिद्धार्थ शर्मा से शिकायत की। सदर एसडीएम से शिकायत के बाद राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर काम को रुकवा दिया है। तिलक नगर मोहल्ले में नजरवा तालाब को जाने वाले मार्ग और नहरिया मार्ग प्रस्तावित है। गाटा संख्या 2025 मार्ग के रूप में प्रस्तावित है और यह बकायदा नक्शे में भी दर्ज है। निर्माण कार्य शुरू होने पर मोहल्ले के गौरव मौर्य, जय सिंह एडवोकेट, बृजेश मौर्य एडवोकेट, गीता मौर्या, अनिल सिंह और वरुण शुक्ला ने बताया कि सरकारी आंकड़ों में यहां पर मार्ग दर्ज है और यहां पर मार्ग का निर्माण कार्य प्रस्तावित भी है। यह मार्ग नजरवा तालाब और मोहल्लेवासियों तक ले जाता है। लेकिन आशा फिलिंग के संचालक ने शुक्रवार को यहां पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य को कराए जाने का काम शुरू करा दिया है। निर्माण कार्य शुरू होने पर शुक्रवार को मोहल्ले के लोग एसडीएम कार्यालय में शिकायत करने के लिए पहुंचें। राजस्व में गाटा संख्या दर्ज होने की वजह से एसडीएम ने तत्काल में टीम भेजकर काम को रुकवा दिया है।

हत्या के विरोध में मार्ग जाम करने वाले सौ लोगों पर मुकदमा दर्ज

सलोन,रायबरेली। दलित युवक की हत्या के विरोध में सलोन-ऊंचाहार मार्ग जाम कर पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन करने वाले सौ लोगों के विरुद्ध एसएसआई सलोन ने मुकदमा दर्ज कराया है। उक्त कार्यवाही पुलिस ने घटना के तीन हफ्ते बाद कि है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों की पहचान करना शुरू कर दिया है। सलोन कोतवाली अंतर्गत उमरन गांव निवासी ठेकेदार खुन्नू को फांसी के फंदे से लटकाकर अज्ञात लोगों ने तीन जनवरी को मौत के घाट उतार दिया था। एक हफ्ते बाद आठ जनवरी को उसी गांव के रहने वाले राम खेलावन उर्फ घसीटे पुत्र बदलू की धारदार औजार से हत्याकर लाश सड़क किनारे राहुल मिश्रा के मकान के नीचे रक्त रंजित अवस्था मे पाई गई थी।जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने मार्ग को जाम कर दिया और दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई।आवागमन करने वाले लोग जाम में फंसे रहे। लगभग साथ घंटे से अधिक सलोन ऊंचाहार मार्ग जाम रहा।इस दौरान पुलिस पर कानून व्यवस्था में ढिलाही बरतने और एक सफ्ताह में दो लोगो की हत्या के आरोप में ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा था।हालांकि क्षेत्रिय विधायक मनोज पांडे के आश्वाशन के बाद ग्रामीणों ने मार्ग जाम बहाल किया था।कोतवाली प्रभारी जितेंद सिंह ने बताया आठ जनवरी को एक युवक की हत्या के मामले में ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यवाही में दखल डालने समेत सड़क जाम किया था।उपनिरीक्षक विजय शंकर यादव की तहरीर पर सौ अज्ञात लोगों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।जांच कर जो नाम प्रकाश में आएंगे उनके विरुद्ध कार्यवाही कि जाएगी।

स्मैक के साथ गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व * नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को उ0नि0 सुरेश कुमार थाना फुरसतगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त गुलजार पुत्र मो0 शरीफ निवासी खटहा महावतगंज थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष को रेलवे क्रासिंग सरवन के पास से समय करीब 06:45 बजे शाम को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

व्यापारी के परिजन से मिले जिला पंचायत अध्यक्ष

शाहगढ़,अमेठी। कस्बे के भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष हरिराम मौर्य के निधन से व्यापारियों में शोक की लहर हैं। जिसकी जानकारी होने पर उनके घर मिलने वालों का तांता लगा हुआ हैं। साथी व्यापारी की आकस्मिक निधन की सूचना मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष, व्यापार मंडल प्रदेश प्रभारी राजेश अग्रहरि मसाला कोषाध्यक्ष हरीराम मौर्य के घर पहुंचे। और शोक संवेदना प्रकट करते हुए परिजनों को मदद का आश्वासन दिया।इस मौके पर मंडल प्रभारी हरकेश श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री सियाराम अग्रहरि, व्यापार मंडल अध्यक्ष बृज लाल अग्रहरि, वकील खान, संजय मौर्य, राम अचल अग्रहरि मौजूद रहे।

दो महीने में पूरी नहीं हुई लेखाधिकारी कार्यालय में 3 करोड़ के घोटाले की जांच

अमेठी। वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय बेसिक शिक्षा में शिक्षकों के एरियर की लगभग तीन करोड़ रुपए की धनराशि का घोटाला हुआ है।इस मामले में जांच समिति दो महीने में भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। आरोपी कर्मियों को बचाने के लिए अधिकारी सत्ताधीशों का सहारा ले रहे हैं। घोटाले में शामिल रहे तत्कालीन वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेन्द्र कुमार शर्मा को अभी तक जांच समिति से बाहर नहीं किया गया है। मुल्जिम खुद मुंसिफ बना हुआ है। जिला महामंत्री रमाकांत मौर्य ने बताया कि संगठन ने पूरे प्रकरण में उच्चाधिकारियों से वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेन्द्र कुमार शर्मा को जांच समिति से हटाने की मांग की है।जब तक वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेन्द्र कुमार शर्मा जांच समिति में बने रहेंगे, जांच निष्पक्ष नहीं हो सकती। संगठन ने जिलाधिकारी महोदय से भी अनुरोध किया है। यदि संतोष जनक कार्रवाई नहीं होती तो जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ सत्याग्रह से पीछे नहीं हटेगा।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद ब्लाक संसाधन केंद्रों पर दी जाती है ज्वाइनिंग रिपोर्ट : परिषदीय विद्यालयों में नव नियुक्त शिक्षक को खंड शिक्षा अधिकारी ही कार्यभार ग्रहण कराते हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद शिक्षक ज्वाइनिंग रिपोर्ट खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को रिसीव कराते हैं।12460शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत नियुक्त शिक्षकों की कार्यभार ग्रहण करने की तिथि ब्लाक संसाधन केंद्रों पर उपलब्ध न होना, कार्यालयों की लापरवाही का एक बड़ा उदाहरण है।

जिला अस्पताल में अंधेर गर्दी जारी

रायबरेली। जिला चिकित्सालय में अंधेर गर्दी जारी है। तमाम आरोपों के बाद भी जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ प्रदीप अग्रवाल का रवैया सुधारने का नाम नहीं ले रहा है। इमरजेंसी में तैनात फार्मासिस्ट ने अपना काम कराने के लिए सेकेंड हैंड्स रख लिया। फार्मासिस्ट इसे अपने साथ लाते हैं और यह व्यक्ति उनकी कुर्सी पर बैठकर बड़े आराम से अस्पताल की कार्यवाही का संचालन करता है, आने वाले मरीजों को भर्ती करता है। तैनात फार्मासिस्ट दूर से अपने पद के कार्य को देखते रहते हैं। सीएमएस को इस मामले की पूरी जानकारी है लेकिन वह भी मौन हैं। फार्मासिस्ट की कुर्सी पर बैठ कर काम करने वाले इस शख्स की फोटो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल में अमर सिंह फार्मासिस्ट के पद पर तैनात है। इनकी ड्यूटी अक्सर दोपहर 2 से रात्रि 9 बजे तक लगाई जाती है। फार्मासिस्ट अमर सिंह अपने साथ पप्पू तिवारी नाम के एक व्यक्ति को साथ लाते हैं और इससे ही सारा कार्य कराते हैं। आने वाला मरीज और तीमारदार समझता है कि फार्मासिस्ट की कुर्सी पर बैठा यह व्यक्ति ही असली है जबकि यह न तो जिला अस्पताल का कोई कर्मचारी है और न ही इसके पास किसी भी प्रकार की डिग्री है। फार्मासिस्ट की कुर्सी पर बैठे इस शख्स की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वॉयरल हो रही हैं।

पुलिसकर्मी की पत्नी को सौंपा 20 लाख का चेक

रायबरेली। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने मृतक पुलिस कर्मी (अनुचर) स्व.बुद्दि लाल की आश्रिता धर्मपत्नी राजवती देवी को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रदत्त 20 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। यह धनराशि बैंक ऑफ बड़ौदा के पुलिस सैलरी पैकेज खाते के अनुबंध के तहत सेवारत पुलिसकर्मियों की सेवा के दौरान मृत्यु पर दी गयी है। मृतक बुद्दि लाल की नियुक्ति पुलिस लाइन रायबरेली में थी जिनकी आसमयिक मृत्यु 26.11.2024 को हो गयी थी। एसपी डॉ.यशवीर सिंह, शैलेंद्र सिंह रिजनल मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा रायबरेली एवं ओंकार सिंह मुख्य प्रबन्धक ने मृतक बुद्दि लाल की धर्मपत्नी राजवती देवी को 20 लाख रुपए का चेक प्रदान कर आसमयिक दुखद मृत्यु पर सांत्वना दी गयी।

समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं को कराया जलपान

सुलतानपुर (वीओएल)। महाकुंभ स्नान और अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा में लकी ट्रेडर्स एवं लिबर्टी शोरूम के प्रोपराइटर आर.बी. सिंह के सौजन्य से तहरी व जल वितरण का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य रामेंद्र सिंह ह्यराणाह्ल व उनकी टीम के संयोजन में जोगी वीर में दो दिनों से लगातार प्रातः 10 बजे से संचालित हो रहा है। रामेंद्र सिंह राणा ने बताया कि कुशभवनपुर के लोग परोपकार के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और श्रद्धालुओं की हरसंभव सहायता कर रहे हैं। इस कार्य में आमोद विक्रम सिंह, गोविंद विश्वकर्मा, दिनेश यादव, अमित यादव, अजय मौर्य, सोनू मौर्या सहित कई समाजसेवी सक्रिय रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण प्रशासन को यातायात नियंत्रण में कठिनाई हो रही है, लेकिन सामाजिक कार्यकर्ता तन-मन से सेवा में जुटे हुए हैं, जिससे राहगीरों को राहत मिल सके।

तीर्थ यात्रियों को कराया भोजन

चांदा, सुलतानपुर। क्षेत्र के शाहपुर स्थित पेट्रोल पंप पर प्रयागराज से लौट रहे तीर्थ यात्रियों के लिए परोपकार सेवा संस्था छापर के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सिंह ऊर्फ लाले और राज कंस्ट्रक्शन के विनोद सिंह द्वारा भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। गुरुवार शाम से शुरू हुआ यह सेवा कार्य आधी रात तक चला, जिसमें हजारों तीर्थ यात्रियों को भोजन कराया गया। गोरखपुर, बस्ती, बलिया, बिहार और पश्चिम बंगाल समेत कई स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। बुधवार रात संस्था के सदस्यों ने यात्रियों के लिए चाय, बिस्कुट और पानी की भी व्यवस्था की। जगदीश प्रसाद सिंह ने बताया कि तीर्थ यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह सेवा की गई, वहीं विनोद सिंह ने इसे पुण्य का अवसर बताया। इस सेवा कार्य में पूर्व जिला पंचायत दया शंकर सिंह, विद्याधर तिवारी, शनि सिंह, जय सिंह सहित अन्य लोगों ने सहयोग दिया।

सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, किया समाधान

सुलतानपुर (वीओएल)। गांव की समस्या गांव में ही समाधान के तहत डोमनपुर ग्राम पंचायत में जन चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी गई और साथ ही कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया। मनरेगा से कराए गए कार्यों व अन्य हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने के लिए कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया। शुक्रवार को कुड़वार बिकास खण्ड के डोमनपुर गांव में जन चैपाल के दौरान एडीओ डब्लू पूनम देवी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया। कुछ लोगों की आपसी समस्याएं थी उनको समझा बुझाकर निस्तारित कराया गया। गौशाला और अन्य कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सचिव इंद्र देव शुक्ला ने ग्रामीणों की समस्याओं को नोट किया और आवास की समस्याओं को जल्द निस्तारित करने का आश्वासन दिया। प्रधान प्रतिनिधि दिव्यांश सिंह उर्फ इशू ने सभी जॉब कार्ड धारकों को कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। राशन कार्ड के लिए सभी से फैमिली आईडी बनवाने लिए सभी को जानकारी दी गई। जन चैपाल के दौरान ग्राम रोजगार सेवक पवन कुमार मिश्रा, पंचायत सहायक अंजू, आंगनबाड़ी संध्या गोस्वामी, नमिता गोस्वामी, अर्चना मिश्रा, करन सिंह आदि मौजूद रहे।

हजारों श्रद्धालुओं को समाजसेवियों ने कराया प्रसाद ग्रहण

- सुबह नौ बजे से अनवरत रात्रि 8 बजे तक चलता रहा सिलसिला

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। प्रयागराज महाकुंभ से स्नान करके लौट रहे श्रद्धालुओं को समाजसेवियों द्वारा सुबह 9 बजे से रात्रि लगभग 07:00 बजे तक प्रसाद वितरित किया गया।

शुक्रवार को महाकुंभ से स्नान करके लौट रहे श्रद्धालुओं के वाहन को हाइवे से रूट डायवर्ट होने पर बरौंसा से पापर घाट सड़क मार्ग से होते हुए विभिन्न प्रान्तों के श्रद्धालुओं को रुकवाकर बरौंसा स्थिति पटेल मार्केट में दर्जनों समाजसेवियों द्वारा प्रसाद वितरित किया गया और हर-हर गंगे जयश्रीराम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भंडारा सुबह लगभग 09:00 बजे से शुरूआत किया गया और रात्रि 07:00 बजे तक अनवरत चलता रहा। समाजसेवी दीपक गुप्ता ने बताया कि कई राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के सेवा का अवसर प्राप्त हुआ इससे बड़ा पुण्य का काम कोई नहीं है। पंडित राम शर्मा ने बताया, कि सनातनी हिन्दू होने के नाते सेवा देने का मौका मिला बहुत खुशी की बात है। इस मौके पर अंकित वर्मा, डब्लू प्रजापति, राजेश पांडेय, अरविन्द सोनी, सौरभ गुप्ता, संदीप सिंह, प्रशांत तिवारी, मन्नू सिंह, रंजीत, राम बहादुर, उत्तम सिंह, अरुण यादव, हेमंत कुमार, शिवम, राम सबद पाल, अतुल दुबे आदि मौजूद रहे।

आरेडिका में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना चिकित्सालय में आरेडिका चिकित्सालय ने वेंकटेश्वर हॉस्पिटल द्वारका, नई दिल्ली के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया ग। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. रीतेश सांगुड़ी (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. मनीष कुमार (न्यूरोसर्जन), एंव डॉ. आशुतोष कुमार (यूरोलॉजिस्ट) के द्वारा चिकित्सालय में आये 200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विशेष जांच के रूप में एचबीए1सी, ईसीजी एवं लिपिड प्रोफाइल का परीक्षण किया गया।

शिविर के उपरांत चिकित्सकों द्वारा सभागार में एक गोष्ठी के माध्यम से दिल की बीमारियों की रोकथाम के उपायों, स्वस्थ जीवन शैली, आहार, व्यायाम और तनाव प्रबंधन पर चर्चा की। साथ ही मस्तिष्क और रीढ़ की सेहत को बनाए रखने के लिए उचित आहार, योग, शारीरिक व्यायाम और मानसिक संतुलन के महत्व पर भी आवश्यक जानकारी प्रदान की। मण्डल चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक कुमार शाही ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य परीक्षण करना नही, बल्कि लोगों को उनके स्वास्थ्य के बारे में जागरूक कराना एवं सजग बनाना है।आरेडिका प्रशासन ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के लिए सभी प्रकार के संसाधनों की व्यवस्था कर कर्मचारी कल्याण का संदेश दिया जिसके फलस्वरूप शिविर का सफल आयोजन संभव हो सका।

आरेडिका में कार्यरत प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्रा सेवा निवृत्त हो गए। उनके सेवाकाल में आरेडिका में विद्युत विभाग में कई सुधार किए गए जैसे मेमू रैक के नये मॉडल का उत्पादन, डिजिटल एप के माध्यम से समस्याओं का समाधान, सौर ऊर्जा की क्षमता में क्रम वृद्धि करते हुए लगभग 4 मेगावाट तक किया। महाप्रबंधक सभागार में उच्चाधिकारियों ने श्री चन्द्रा को समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं उनके द्वारा किए गये कार्यो के लिए आभार व्यक्त किया।

कनिष्ठ सहायकों ने यूपी एजुकेशन मिनिस्ट्रियल आफिसर एसोसियेसन को सौंपा ज्ञापन

रायबरेली। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित कनिष्ठ सहायकों की पदोन्नति व स्थायीकरण न किए जाने से आक्रोशित कनिष्ठ सहायकों ने यू पी एजुकेशन मिनिस्ट्रियल आफिसर एसोसियेसन रायबरेली को ज्ञापन सौंपा। जनपद के कनिष्ठ सहायकों की माँग है कि वर्ष 2019 में उनका चयन किया गया था परंतु पाँच वर्ष होने के उपरांत भी अभी तक लखनऊ मंडल के कनिष्ठ सहायकों की पदोन्नति नहीं की गई हैं। कनिष्ठ सहायकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुँचकर संगठन के अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार व मंत्री सुशील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा तथा पदोन्नति की माँग की। संगठन के अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार ने कहा कि प्रयागराज में कनिष्ठ सहायकों की पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है लखनऊ मंडल के लिए भी प्रदेश संगठन से वार्ता करते हुए कार्यवाही की माँग की जाएगी। संगठन के मंत्री सुशील कुमार सिंह ने कनिष्ठ सहायकों को पदोन्नति के लिए आश्वासन दिया। इस मौके पर कनिष्ठ सहायक भास्कर कुमार हिमांशु बर्मा संदीप गौतम मुकेश वर्मा दिनेश साहू सतीश कुमार अतुल बाजपेई सुनील कुमार विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

जमीन पर उतरकर ही गांव का विकास संभव : डॉ.हीरा लाल

- कृषि विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ की बैठक

अमेठी। जमीन पर उतरकर ही सही मायने में गाँव का समुचित विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। अधिकारी और कर्मचारी ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझें और उनका समाधान निकालने की हरसम्भव कोशिश करें। यह बातें स्टेट नोडल एजेंसी वाटरशेड डेवलपमेंट कमेटी (डब्ल्यूडीसी) झ्रप्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हीरा लाल ने शुक्रवार को गौरीगंज के नेवादा में कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए और गुड्डनपुर (संभावा) में स्थलीय निरीक्षण करते हुए कही।

विभाग की जिम्मेदारी संभालने के एक महीने के भीतर तीसरे जिले के दौरे पर पहुंचे डॉ. हीरा लाल ने सख्त चेतावनी दी कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. हीरा लाल ने गौरीगंज के गुड्डनपुर (संभावा) में करीब 26 लाख की लागत से बनाए गए तालाब का निरीक्षण करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को मानक का सही-सही पालन न करने पर फटकार लगायी। उन्होंने निर्देश दिया कि हर कार्य की एक चेक लिस्ट होनी चाहिए ताकि मानक का सही-सही पालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने तालाब निर्माण की गुणवत्ता को भी परखा और जरूरी निर्देश भी दिए। उन्होंने तालाब निर्माण की पूरी फाइल के साथ अधिकारियों को तीन फरवरी को लखनऊ में होने वाली बैठक में तलब किया है। उन्होंने तालाब के किनारे बाउंड्री पर वृक्षारोपण करने और तालाब में पानी के आवागमन की व्यवस्था सुचारू बनाने के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वह विभाग की गाइडलाइन व विभागीय परियोजना रिपोर्ट डीपीआर का भलीभांति अध्ययन करें और अपने दायित्वों को समझें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को पहुंचाकर उनमें खुशहाली लाएं। इसके साथ ही व्यावहारिक ज्ञान पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि किसानों और ग्रामीणों को इतना व्यावहारिक ज्ञान होता है कि वह हवा का रुख देखकर मौसम का मिजाज बता सकते हैं। इसलिए ग्रामीणों की इज्जत करना सीखें और उनसे मिलकर परियोजना के बारे में चर्चा करें और उनकी सलाह व सुझाव को भी अहमियत दें। संभावा की ग्राम प्रधान ज्ञानमती देवी ने डॉ. हीरा लाल से मिलकर गाँव की समस्याओं से अवगत कराया। इस पर उन्होंने ग्राम प्रधान को समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों से मिलने और कृषि विभाग के अधिकारियों को उनकी मदद करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उप निदेशक कृषि सतेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी (कृषि) संदीप कुमार और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके उपरान्त नेवादा में विभागीय समीक्षा बैठक करते हुए डॉ. हीरा लाल ने अभी तक के कार्यों और आय-व्यय की समीक्षा की। बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं ने अपनी दिक्कतों व अनुभवों को साझा किया। डॉ. हीरा लाल ने अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सरकारी पैसे का सही इस्तेमाल कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाएं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की मार्केटिंग टीम बनाने और उनके उत्पादों को बाजार मुहैया कराने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा महिलाओं का क्षमतावर्धन करने का भी निर्देश दिया। किसान उत्पादन संगठन (एफपीओ) के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

अवैध मिट्टी खनन करते पकड़ी गयी ट्रैक्टर-ट्राली के साथ जेसीबी

सलोन,रायबरेली। अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर गुरुवार की रात सीओ सलोन ने खनन इंस्पेक्टर के साथ गद्दीपुर गांव में छापा मारा है।इस दौरान खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्राली के साथ एक जेसीबी पकड़ी गई है।जबकि अँधेरे का फायदा उठाकर खनन कर्मी भाग निकले है। सीओ का कहना है कि अवैध मिट्टी खनन की रोज शिकायते मिल रही थी।क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। सलोन कोतवाली क्षेत्र में बीते कई महीनों से अवैध मिट्टी खनन की काली कमाई धड़ल्ले से हो रही थी। गुरुवार की रात कोतवाली क्षेत्र के गद्दीपुर गांव के पास कई दिनों से मिट्टी का खनन अवैध तरीके से हो रहा था।रात्रि भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि गद्दीपुर गांव के समीप अंधेरे में जेसीबी के जरिये अवैध खनन के काम को अंजाम दिया जा रहा है। ट्रैक्टर ट्राली परशदेपुर रोड से ऊंचाहार मार्ग पर कही मिट्टी गिराने का काम कर रहे है। जिस पर सीओ ने तुरन्त खनन इंस्पेक्टर को मामले से अवगत कराया।इसके बाद दोनों अधिकारियों ने मिलकर मिट्टी खनन वाले स्थान पर छापेमारी करने पहुँच गए।वही सीओ की गाड़ी को देखते ही जेसीबी और ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोडकर मौके से भाग निकले।इस दौरान एक जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है। इनसेट रात्रि लगभग 12 बजे अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिली थी। जिसपर खनन इंस्पेक्टर उमाकांत को सूचना दी गयी। इसके बाद छापेमारी में एक ट्रैक्टर और जेसीबी मौके पर पकड़ी गई है। प्रदीप कुमार क्षेत्राधिकारी सलोन ने कहा कि वाहनों पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

संक्षेप

चोरी के माल सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस टीम ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को माल सहित गिरफ्तार किया। शुक्रवार को थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा थाना लाइनपार पर पंजीकृत चोरी के मुकदमे में अज्ञात चोर का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त भारत पुत्र पातीराम निवासी न्यू प्रीतम नगर थाना दक्षिण, सतेन्द्र उर्फ नीशू पुत्र राजकुमार गुप्ता निवासी संजय नगर नगला विष्णु थाना लाइनपार को चोरी किये माल व घटना में प्रयुक्त कार के सहित वाजिदपुर अन्डरपास रेलवे लाइन के किनारे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

चार माह से गायब चल रहा शिक्षक निलंबित

मथुरा। पिछले चार माह से लगातार अनुपस्थित चल रहे एक शिक्षक को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। बताया गया कि खंड शिक्षा अधिकारी मांट द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया कि फसीह अख्तर सहायक अध्यापक प्रा. विद्यालय गढ़ी बिहारी विकास खण्ड मांट 8 सितम्बर से 24 सितम्बर 2024 तक चिकित्सा अवकाश पर गये थे। इसके बाद 25 सितंबर से वह स्कूल में अनुपस्थित चल रहे हैं। विभाग द्वारा जारी नोटिस के जवाब में भी कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण शिक्षक द्वारा नहीं दिया गया। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सहायक अध्यापक फसीह अख्तर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए कार्यालय बीइओ विकास खण्ड राया में सम्बद्ध किया है।

बाबूओं को देना होगा टाइपिंग टेस्ट : बीएसए

मथुरा। बेसिक शिक्षा विभाग में अपने स्थान पर दूसरे लोगों से टाइपिंग कार्य कराने वाले बाबू अब दिक्कत में आ सकते है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विभाग के सभी कनिष्ठ, वरिष्ठ सहायकों का टाइपिंग टेस्ट लेने का आदेश जारी किया है। बीएसए ने बताया कि ब्लॉक संसाधन केन्द्रों में किए गए निरीक्षणों के दौरान उनके संज्ञान में आया कि कार्यालयों में कार्यरत कनिष्ठ / वरिष्ठ सहायकों द्वारा अपने विभागीय कार्यों को स्वयं टाइप न कर किसी अन्य कर्मचारी/ सहायक/कम्प्यूटर ऑपरेटर की सहायता से कार्य किया जा रहा है।

संस्कृति विवि में छात्रों को बताया उद्यमी बनने का रास्ता

कार्यक्रम विवि के एंटरप्रेन्योरियल क्लब ने आयोजित किया

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय में स्कूल आफ मैनेजमेंट एंड कामर्स के सहयोग से राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के उपलक्ष्य में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के एंटरप्रेन्योरियल क्लब द्वारा आयोजित किया गया। सेमिनार के विशिष्ट वक्ता, प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार गोस्वामी ने छात्रों को उनकी उद्यमशीलता की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक प्रेरक उद्बोधन किया। डॉ. गोस्वामी ने छात्रों को अपने सपनों को सफल उद्यमों में बदलने के लिए सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि भारत में बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम में योगदान किया जा सके। उन्होंने स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला और सरकारी निकायों और कॉर्पोरेट क्षेत्र दोनों से वित्तीय सहायता के लिए इन अवसरों का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। डा. गोस्वामी ने विद्यार्थियों को बड़े सहज ढंग से और विस्तार से अपना स्वयं का उद्यम खड़ा करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। वक्ताओं ने बताया कि किस संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा किस तरह से विद्यार्थियों को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और विवि के मेंटर उनको किस तरह से सहयोग कर रहे हैं। स्कूल आफ मैनेजमेंट एंड कामर्स के सहायक प्रोफेसर डा. शांतम बब्बर ने बताया कि संस्कृति यूनिवर्सिटी में विशेषज्ञों की एक बड़ी टीम है जो विद्यार्थियों को उनके विचारों को सफल स्टार्टअप में बदलने के लिए उनका मार्गदर्शन और प्रोत्साहन करती है। विश्वविद्यालय की सोच के अनुरूप यह टीम विद्यार्थियों को खुद का सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में प्रो. मनीष अग्रवाल, डीन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स, प्रो. (डॉ.) धर्मेंद्र सिंह तोमर, डीन, छात्र कल्याण आदि उपस्थित रहे। लगभग 160 छात्रों ने सेमिनार में भाग लिया और संस्कृति यूनिवर्सिटी में उपलब्ध मार्गदर्शन और सलाह के साथ, अपनी आकांक्षाओं को कार्रवाई योग्य स्टार्टअप उपक्रमों में बदलने की प्रतिबद्धता जताई।

श्रीकृष्ण जन्म भूमि की मुक्ति के लिए अब याचना नहीं, रण होगा

मथुरा। करीब साढ़े तीन सौ साल पहले विधर्मी मुगल शासक औरंगजेब ने भगवान श्री कृष्ण के विशाल मंदिर को तोड़ कर मूल गर्भ गृह के स्थान पर जिस मस्जिद का निर्माण कराया, उसको कब्जा मुक्त कराने की, अब याचना नहीं रण होगा। महाकुंभ नगर के मुक्ति मार्ग स्थित सेक्टर- 16 में माऊली सरकार के पंडाल में एक फरवरी इसका बिगुल बज जाएगा। संत समाज के होने वाले महासंवाद में भगवान श्री कृष्ण के मंदिर निर्माण को रणभूमि सजाने की योजना को अंतिम रूप भी दे दिया जाएगा।

प्रयागराज में जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राजेश्वरी माऊली सरकार पीठाधीश्वर श्रीरूक्मणी विदर्भ पीठ के मुक्तिमार्ग स्थित पंडाल में शुक्रवार को यह जानकारी श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और श्री कृष्ण जन्म भूमि विवाद के वादी महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने दी। उनका कहना है कि हिंदू समाज अपने पूर्वजों की जन्म भूमि के उस भाग को सैकड़ों वर्षों से मांग रहा है, जिस पर 1670 में विधर्मी शासक औरंगजेब ने मस्जिद का निर्माण कराया था। यह वही स्थान है, जहां भगवान का जन्म हुआ था। यही मूल गर्भ गृह स्थान है। ये भूमि दो एकड़ से अधिक है। इसके पास ही वह कूप है, जिससे देवकीनंदन जी के अभिषेक करने लिए जल जाया करता था। इस भूमि पर निर्मित मस्जिद को हटाकर मंदिर निर्माण की मांग को लेकर के हाईकोर्ट में केस विचाराधीन है। एक अन्य विवाद यह भी है कि विधर्मी औरंगजेब ने भगवान श्री कृष्ण के मंदिर का ध्वस्त करने के बाद भगवान के विग्रहों को मथुरा से ले गया और आगरा स्थित जामा मस्जिद की सीढ़ियों में लगा दिए। उनको वापस मथुरा लाने का मुकदमा के वादी भी वह (महेंद्र प्रताप सिंह) है। उन्होंने कहा कि, मूल गर्भ गृह को अतिक्रमण मुक्त करवा कर मंदिर निर्माण कराने के लिए अब याचना तो हो बहुत चुकी, जो सैकड़ों सालों से की जा रही है। अब रण होगा। रणभूमि सजाने की योजना को कल दोपहर एक बजे से होने वाले महासंवाद में बनाई जाएगी। इस की संपूर्ण तैयारी की जा चुकी है। जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राजेश्वरी माऊली सरकार पीठाधीश्वर श्रीरूक्मणी विदर्भ पीठ ने कहा कि भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण की लड़ाई कोई एक दो साल नहीं लड़ी है, सैकड़ों वर्ष के संघर्ष और तमाम कुर्बानियों के बाद अयोध्या में भगवान राम मंदिर का निर्माण हो सका। इसलिए तो श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास ने आ गए हैं अवध बिहारी, अब आएंगे कृष्ण मुरारी का नारा दिया है। इस नारे की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देने लगी है और एक दिन ऐसा आएगा, जब हार एक हिंदू की जुबां पर यही नारा होगा।

चैम्बर व राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड की कार्यशाला आयोजित

आगरा। चैम्बर अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सायं 4.00 बजे चैम्बर भवन सभागार, न्यू मार्केट, जीवनी मंडी, आगरा में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम) की आगरा शाखा के साथ व्यापार सक्षमता और विपणन पहल (एमएसएमई टीम इनिशिएटिव) पर एक कार्यशाला आयोजित की गई है। एनएसआईसी के वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक समीर अग्रवाल द्वारा इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एनएसआईसी के पवन कुमार एवं पुश्पेन्द्र सूर्यवंशी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। चैम्बर अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता ने उपस्थित अधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों से निवेदन किया कि वह एनएसआईसी द्वारा उपयोगी एवं लाभकारी योजनाओं से चैम्बर के सदस्यों को अवगत कराये। प्रकोश्ठ चेयरमैन संजय गोयल द्वारा एनएसआईसी, एमएसएमई एवं एसबीआई के अधिकारियों से अन्य योजनाओं पर एक विस्तृत चर्चा करने का भी आवाहन किया। वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक एनएसआईसी समीर अग्रवाल द्वारा इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ओएनडीसी के एसएनपी ईजीपे से अधिकारी विजय यादव ने ओएनडीसी में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को ओएनडीसी प्लेटफार्म पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया एवं होने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में एमएसएमई डीएफओ एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में भाग लिया और चैम्बर के सदस्यों के साथ अपने विस्तृत चर्चा की। धन्यवाद ज्ञापन प्रकोष्ठ कार्डिनेटर मनीष अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यशाला में अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अम्बा प्रसाद गर्ग, एमएसएमई प्रकोष्ठ चेयरमैन संजय गोयल, प्रकोष्ठ कोऑर्डिनेटर मनीष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष श्रीकिशन गोयल, सदस्यों में अशोक कुमार गोयल, नीरज अग्रवाल, सचिन सारस्वत, मयंक मित्तल, योगेन्द्र जिन्दल, गिरीश चन्द गोयल, जय किशन अग्रवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

श्रीकृष्ण-जन्मभूमि पर सप्त दिवसीय एकादश श्रीमद्भागवत महायज्ञ आयोजित

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान स्थित भागवत भवन में एकादश श्रीमद्भागवत का विश्राम शुक्रवार को शास्त्रीय मयार्दाओं एवं विधि-विधान से हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि माघ शुक्ल द्वितीया तद्नुसार 31 जनवरी को श्रीकृष्ण जन्मस्थान प्रांगण में स्थित श्रीभागवत भवन में स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी की स्थापना के उपलक्ष्य में एकादश भागवतजी के मूलपाठ का आयोजन किया गया था, जिसकी (शुक्रवार) आज पूर्ण आहूति थी। स्वर्ण-मण्डित श्रीमद्भागवत जी की स्थापना कराने के लिए दानदाता एवं एकादश श्रीमद्भागवत मूलपाठ के यजमान एस० लक्ष्मीनारायण- एवं श्रीमती सरस्वती लक्ष्मीनारायण- ने सप्त दिवसीय एकादश श्रीमद्भागवत महायज्ञ में सम्मलित होकर सभी शास्त्रीय विधानों एवं वैदिक मयार्दाओं का पालन किया। श्रीमद्भागवत जी के विश्राम के उपरान्त भगवान श्रीकृष्ण सहस्त्रार्चन व प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। एस. लक्ष्मीनारायणन ने बताया श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर श्रीमद्भागवतजी महापुराण की स्थापना निश्चित ही श्रीहरि की कृपा है एवं जन्म-जन्मान्तर के सद्कर्मो का उदय है। श्रीमद्भागवतजी का मूलपाठ आचार्य हर्षवर्धन शास्त्री एवं अन्य आचार्यों के द्वारा पूर्ण हुआ।

फिरोजाबाद महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ

- सांस्कृतिक कार्यक्रम मा.शिक्षा व बेसिक शिक्षा विभाग के तत्त्वाधान में आयोजित किये जा रहे हैं

फिरोजाबाद। पी.डी. जैन इंटर कॉलेज मैदान परिसर में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित फिरोजाबाद महोत्सव में शुक्रवार को मध्यान्ह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार, एसडीएम शिव ध्यान पाण्डे, जिला विद्यालय निरीक्षक, फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार, शिव कान्त पलिया चेतेन्द्र प्रताप सिंह, सोनम सेठ विनीता एवं जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन ने किया। उप जिलाधिकारी शिव ध्यान पाण्डे ने सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों द्वारा की गई प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनका उत्साह वर्धन किया। धीरेन्द्र कुमार ने सभी प्रतिभागी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो एवं शिक्षकों और जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के कार्यों की प्रशंसा की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग के तत्त्वाधान में आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें प्रतिभागियों में राज कॉन्वेंट इंटर कॉलेज, शिकोहाबाद की सरस्वती वंदना, सुनो गौर से दुनियां वालो, लोक नृत्य होली खेले रघुवीरा, डी आर इंटर कॉलेज, माधौगंज का स्वागत गान, ओ देश मेरे मुस्कान गीत, रानी लक्ष्मीबाई नाटिका, ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल फिरोजाबाद की दिव्य कुम्भ आर्मी एक्ट, एजुकेशनल एक्ट, होली नृत्य, चंदा ने पूंछा तारों से तिलक इंटर कॉलेज, फिरोजाबाद के आयुष शर्मा का काव्य पाठ ललित कला विकास संस्थान की महारास नृत्य देखा एक ख्वाब, बंगाली नृत्य के साथ प्रवीन पाण्डेय द्वारा सिटी एंथम एन इवनिंग इन पेरिस, सोनम सेठ द्वारा ये राते ये मौसम और सुमित कुमार द्वारा गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुधीर गुप्ता शिव कान्त पलिया सोनम सेठ विनीता रीमा सिंह चेतेन्द्र प्रताप सिंह चेतन दीक्षित, अनिल परिहार दिनेश राजा गौरव कुमार, रंजीत सिंह शिवेन्द्र प्रताप सिंह, संजय यादव लालई जयवीर सिंह सौरभ वर्मा, सौरभ लहरी संकल्प शर्मा, सुमित कुमार सिंह, रामजीत, संजय कुमार एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, समाजसेवी, विद्यार्थी व अन्य प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

टोलकर्मी चीखता रहा और वह कार दौड़ाता रहा, बाल-बाल बचा

- खंदौली टोल प्लाजा पर कार चालक का अपराध सीसीटीवी कैमरों में कैद, मुकदमा दर्ज

आगरा। यमुना एक्सप्रेसवे के खंदौली टोल प्लाजा पर एक टोलकर्मी बाल-बाल बच गया। एक कार चालक ने इस कर्मचारी पर कार चढ़ा दी। बचने को बोनस पर चढ़े कर्मचारी समेत चालक ने कार दौड़ा दी और काफी दूर तक ले गया। कार चालक का अपराध टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। खंदौली पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। कार से गिरने पर टोलकर्मी संतोष को चोटें भी आई हैं। टोल प्लाजा पर रुकी इस कार के फास्टैग से टोल नहीं कटने पर कर्मचारी संतोष ने कार चालक से कहा कि वह टोल का कैश दे दे क्योंकि उनके फास्टैग से टोल नहीं कट रहा। इस पर कर्मचारी संतोष और कार चालक में बहस होने लगी। कार चालक बगैर टोल चुकाए ही आगे जाना चाहता था। इस पर टोलकर्मी कार के आगे खड़ा हो गया। चालक ने इसके बाद भी अपनी कार आगे बढ़ा दी तो संतोष उछलकर बोनट पर गिरा। चालक ने इसके बाद भी कार नहीं रोकी और बैरियर को तोड़ते हुए कार को स्पीड में दौड़ाने लगा। इसके बाद तो टोलकर्मी की हालत खराब हो गई। वह कार रोकने के लिए चीखता-चिल्लाता रहा, लेकिन चालक बहुत दूर तक कार को दौड़ाता रहा। इस बीच एक्सप्रेसवे पर चलते दूसरे वाहनों ने भी इस कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने गाड़ी नहीं रोकी। बाद में चालक ने एकदम से ब्रेक लगाए तो टोलकर्मी कार से नीचे आ गिरा। इस बीच मौका पाकर चालक कार को तेज स्पीड में दौड़ा ले गया। यह सारा घटनाक्रम खंदौली टोल प्लाजा पर लगे कैमरों में कैद हो गया है। कार का नंबर यूपी16सीएच 5160 बताया गया है। संतोष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर खंदौली पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करा दिए गए हैं।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

- विधायक ने एआरटीओ संग फ्री हेल्मेट किये वितरित

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। आज 31 जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह के उपलक्ष्य में दिल्ली-आगरा मार्ग पर स्थित राजीव अकेडमी टक्नोलॉजी एण्ड मेनेजमेन्ट मथुरा में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि बल्देव विधायक पूरन प्रकाश ने किया।

वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत ने अवगत कराया है कि सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिये गये निदेशों के अनुपालन में सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2023 की अपेक्षा 2024 में हुई वृद्धि के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु दिनांक 01.01.2025 से दिनांक 31.01.2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है, कलेन्डर वर्ष 2025 के लिए सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों एवं घायलों की संख्या में गतवर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत की कमी का लक्ष्य निर्धारण के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम में एआरटीओ प्रवर्तन राजेश राजपूत, एसपी ट्रैफिक मनोज यादव यात्रीकर अधिकारी संदीप चैधरी व सुश्री पूजा सिंह लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता संदीप तौमर, स्टेशन इंचार्ज रोडवेज एके शुक्ला, टीआई शौर्य कुमार अकेडेमी के डायरेक्टर डॉक्टर अभिषेक भदौरिया सहित जनपद के ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी, बस यूनियन के पदाधिकारी, टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी सहित जनपद के अन्य गणमान्य व्यक्तियों, पत्रकार एवं मीडिया बंधुओं सहित संस्थान के अध्यापकों सहित छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। समापन समारोह में एआरटीओ ने सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण नशे में नींद एवं थकान की स्थिति में, गलत दिशा में वाहन चलाना, मोबाइल फोन का प्रयोग करना बताया, एसपी ट्रैफिक द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता द्वारा जनपद के ब्लैक स्पॉट के बारे में जानकारी दी, तथा यात्रीकर अधिकारी संदीप चैधरी द्वारा गुड सेमेटेरियन योजना के बारे में जानकारी दी। विधायक पूरन प्रकाश द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को बिना हेल्मेट पहने एवं बिना वैध लाइसेंस के वाहन का संचालन न करने की सलाह दी। अंत में विधायक द्वारा अकेडेमी के समस्त छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की शपथ दिलायी। सभा का संचालन वेदप्रकाश शर्मा प्रधानाचार्य प्रेम महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा किया गया साथ ही आगरा-मथुरा हाइवे फरह टोल प्लाजा पर भी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें 50 फी हेल्मेट वितरित कराये गये।

बदमाशों की हुई मुठभेड़, चार बदमाश पैर में गोली लगने से घायल

मथुरा। थाना छाता क्षेत्र में दद्दीगढ़ी के समीप गुरुवार देर रात एसओजी और छाता पुलिस से बदमाशों की मुठभेड़ हो गयी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में चार बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस ने इनसे लूटा सामान, असलाह व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। चारों घायल बदमाशों को उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि गुरुवार रात प्रभारी निरीक्षक छाता संजय त्यागी, एसओजी प्रभारी राकेश यादव पुलिस टीम के साथ वांछित, शातिरों की तलाश में क्षेत्र में भ्रमण पर थे। तभी पुलिस टीम को सूचना मिली कि कुछ बदमाश दद्दी गढ़ी के समीप निमार्णाधीन कॉलोनी के नाले के पास लूट-डकैती की योजना बना रहे हैं। छाता पुलिस व एसओजी ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस को देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में चार बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये। मुठभेड़ की सूचना पर एसपी देहांत त्रिगुण बिसेन, सीओ छाता आशीष शर्मा ने पुलिस टीम के साथ घटना स्थल का मौका मुआयना किया। इस दौरान गोली लगने से घायल बदमाश वेनीत, भूपेन्द्र, नेहना निवासीगण आझई खुर्द, जैत और हेमंत निवासी गांव ऊमरी, मगोर्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये बदमाशों ने रेडियंट कैश मेनिजमेन्ट कम्पनी के कर्मचारी द्वारा कैश कलेक्शन करके वापस जाते समय सुनसान रास्ते पर कार अडाकर तमंचे के बल पर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। 28 जनवरी को रेडियंट कैश मेनिजमेन्ट कम्पनी के कर्मचारी की मोटर साईकिल के आगे आझई रेलवे स्टेशन के समीप वैन्यू कार अडाकर रेलवे स्टेशन से कैश कलेक्ट कर लाये गये करीब 23950 रुपये व बैग में पहले से मौजूद 2500 रुपये तथा 03 एटीएम कार्ड व पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राईवरी लाईसेन्स व मोटर साइकिल की चाभी आदि रखे बैग को लूट की घटना को कबूल किया है।

पेशकार को सेवानिवृत होने पर दी ससम्मान विदाई

टूंडला। तहसील सभागार में शुक्रवार को तहसीलदार कार्यालय में तैनात पेशकार भानु प्रताप सिंह के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित कर जोरदार तरीके से प्रशस्ति पत्र उपहार एवं माला पहनाकर ससम्मान विदाई दी गयी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉ.गजेंद्र पाल सिंह तहसीलदार राखी शर्मा एवं कानूनगो लेखपाल राजस्वकर्मी अधिवक्ताओं आदि सभी तहसीलकमीर्यो ने ससम्मान विदाई दी और उनकी सेवाओं की सराहना की।

मुठभेड़ में गौकशी करने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस व थाना रामगढ पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में गोकशी करने वाले 3 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 3 तमंचा 3 खोखा कारतूस 6 जिंदा कारतूस 3 धारदार छुरे, 1 रस्सी बरामद की हैं। वएसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में गोकशी करने वाले अपराधों की रोकथाम एंव वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर द्वार सूचना मिली की थाना रसूलपुर पर पंजीकृत गोवध अधिनियम के वांछित अभियुक्तगण आमिर शमसाद व फहीम तीनों पटेल कारखाने के पीछे लालपुर मंडी ग्राउंड मे अवैध हथियारों के साथ किसी जानवर को काटने की तैयारी कर रहे है, सूचना पर तत्काल थाना रामगढ़ व थाना रसूलपुर की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची तो अभियुक्त आमिर, शमसाद फहीम ने पुलिस टीम को अपनी ओर आते देखा तो पुलिस टीम पर फायर कर दिया, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में तीनों अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गये है जिन्हे पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

आवास सर्वेयर कार्य में जल्द सुधार न आया तो की जायेगी कार्यवाही : डीएम

फिरोजाबाद। शासन और प्रशासन का उद्देश्य है हर व्यक्ति को आवास मिले, उसके सर के ऊपर छत हो जिससे उसका परिवार और उसके बच्चे सुरक्षित हो सके, इसलिये सम्पूर्ण पीएम आवास योजना ग्रामीण सर्वेयर 2024 का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है जिससे ऐसे परिवार जो आवास विहीन हो या एक और दो कमरों के घर पर जिनकी दीवार कच्ची हो उनको आवास मुहिया कराया जा सके, सरकार इस बात का प्रयास कर रही है कि कोई भी अपात्र व्यक्ति इस योजना से लाभ प्राप्त न कर सके केवल पात्र व्यक्तियों को ही लाभ मिले इसलिये सरकार द्वारा जिनके पास मोटर चालक तीन चार पहिया वाहन है, यन्द्रीकृत तीन चार पहिया कृषि उपकरण है, 50 हजार या उसके ऊपर का किसान क्रेडिट कार्ड धारक है, वह परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी है, सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषि उद्यम वाला परिवार है, वह परिवार जिनका कोई सदस्य 15 हजार प्रति माह कमाता है, आयकर देने वाला परिवार, व्यवसाय कर देने वाला परिवार, वह परिवार जिनके पास ढाई एकड़ या अधिक की सिंचित भूमि है, वह परिवार जिनके पास पॉच एकड़ या उनके अधिक की आसिंचित भूमि है, ऐसे परिवार इस योजना के दायरे में नहीं आयेंगे। डीएमके मार्गदर्शन में पीडीडीआरडीए सुभाष चन्द्र त्रिपाठी द्वारा इसका प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक पात्र लोग इस योजना से लाभान्वित हो इसलिये आवास सर्वेयर का कार्य लगातार किया जा रहा है अब तक जनपद में कुल 3919 आवास सर्वेयर का कार्य हो चुका है इसमे सर्वोच्च प्रर्दशन शिकोहाबाद और नारखी विकास खण्ड का रहा है जबकि अरांव विकास खण्ड का प्रर्दशन सबसे निराशाजनक रहा है। अरांव ग्राम पंचायत सचिव स्तर से इसमें सहयोग नहीं किया जा रहा है जिससे आवास सर्वेयर के उद्देश्य की पूर्ति इस विकास खण्ड में नहीं हो पा रही है।

आगरा में सूखी पड़ी यमुना पर भी बोलो सरकार

बृज खंडेलवाल

आगरा। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना नदी में जहर मिलाने का आरोप लगाया है, जिससे आक्रोश का तूफान खड़ा हो गया है। एजेंसियों ने उनके दावों को निराधार बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, लेकिन इस विवाद ने एक दर्दनाक सच्चाई को फिर से उजागर कर दिया है। यमुना, जो कभी आगरा के लिए पवित्र जीवनरेखा थी, अब एक मरती हुई नदी है, जो अस्तित्व के लिए हांफ रही है।

भव्य ताजमहल के पास से बहती हुई यमुना कभी जीवन, संस्कृति और समृद्धि का प्रतीक थी। पर्यावरणविद डॉ देवाशीष भट्टाचार्य कहते हैं ₹आज, यह एक जहरीला नाला है - दशकों की उपेक्षा और दुर्व्यवहार का एक दिल दहला देने वाला प्रमाण। जिस नदी ने लाखों लोगों को जीवन दिया, वह अब अनुपचारित सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट और उन लोगों की उदासीनता का भार उठा रही है, जिन्हें इसकी रक्षा करनी चाहिए थी। आगरा, एक ऐसा शहर जिसकी पहचान यमुना से है, इस पारिस्थितिक त्रासदी का मूक गवाह है। आंकड़े एक भयावह तस्वीर पेश करते हैं।



केंद्रीय भूजल बोर्ड के अनुसार, हाल के दशकों में आगरा में नदी का आधार प्रवाह 70% से अधिक गिर गया है। हरियाणा और दिल्ली में सिंचाई और पीने के पानी के लिए अपस्ट्रीम डायवर्सन ने यमुना को अपने पूर्व स्वरूप की छाया बना दिया है। नदी का तल साल के अधिकांश समय सूखा रहता है, एक बंजर भूमि जो प्रदूषण और पारिस्थितिक पतन को बढ़ाती है। प्रदूषण चौंका देने वाला है।

उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिदिन लाखों लीटर अनुपचारित सीवेज यमुना में डाला जाता है। क्रोमियम और आर्सेनिक जैसी भारी धातुओं से भरे औद्योगिक अपशिष्ट इसके पानी को जहरीला कर देते हैं, जलीय जीवन को मार देते हैं और नदी के तल को मृत मछलियों से भर देते हैं, रिवर कनेक्ट कैंपेन की कार्यकर्ता पद्मिनी अय्यर बताती हैं। यमुना की एक बार समृद्ध जैव विविधता अब एक दूर की याद बन गई है। परिणाम विनाशकारी हैं। दूषित पानी आगरा के निवासियों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है, जिसमें टाइफाइड, हैजा और डायरिया जैसी जलजनित बीमारियाँ आम होती जा रही हैं। आगरा की आत्मा ही दांव पर लगी है। रिवर एक्टिविस्ट चतुर्भुज तिवारी कहते हैं, दशकों से पर्यावरण कार्यकर्ता यमुना को बचाने के लिए अथक संघर्ष कर रहे हैं। उनके विरोध, सफाई और जागरूकता अभियानों ने नदी के विनाश की हताशा भरी पुकार को प्रतिध्वनित किया है। यमुना बचाओ, प्रदूषण भगाओ जैसे नारे गूंजे हैं, लेकिन अधिकारियों की प्रतिक्रिया बेहद अपर्याप्त रही है।

एक शाम शहीदों के नाम कवि सम्मेलन संपन्न

टूडला। नगर के रॉयल गार्डन में एक शाम शहीदों के नाम अखिल भारतीय कविसम्मेलन में दूरदराज के कवियों ने अपनी कविताओं से उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कविसम्मेलन का उ ?द्घाटन समाजसेवी हरिओम शर्मा आचार्य ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और साहित्यकार ही समाज में अपनी कविताओं व लेखों से बदलाव ला सकते हैं। आज भी साहित्यकारों की उपयोगिता पूरी तरह से प्राशगिक है इसलिये साहित्यक कार्यक्रम होना आवश्यक है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता पवन चक, प्रधान सौरभ प्रताप सिंह व रिंकू लवानियां ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर के कई समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कविसम्मेलन में शाहजहांपुर के डॉ इन्दु ?पांडेय अजनवी, बरेली के कमलकात तिवारी, बहराइच से देशराज मधुसूदन, हाथरस से सबरस मुड़सानी, आगरा से डॉ अंगद धारिया, मैनपुरी से मनोज चौहान, एटा से राजेश यादव, टूडला के कवि राम राहुल ने काव्यपाठ किया। आरपी शर्मा, मुकेश धामा, डॉ बृजपालज सिंह पोनिया, रूस्तम सिंह, रवि प्रताप सिंह चौहान, आशीष चौधरी, धरवेन्द्र प्रताप सिंह, स्पर्श चौधरी, विश्व प्रताप सिंह, सुरजीत सिसौदिया, यश वैश, ललित सोलकी उपस्थि रहे।

संक्षेप

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने किया प्रोजेक्ट रिवाइव के तहत बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली का अनावरण

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एप्लिलॉन ग्रुप की इकाई एलआईसीओ मैटेरियल्स के सहयोग से प्रोजेक्ट रिवाइव के तहत बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली का अनावरण किया। इस उन्नत बीईएसएस में पुनः उपयोग की गई एमजी जेडएस ईवी बैटरियों का समावेश किया गया है जो सर्कुलर ईवी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नवाचार अपनाने की कार निर्माता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पारंपरिक समाधानों की तुलना में इस उत्पाद की आयु चार गुना अधिक है और यह परिचालन लागत को 60प्रतिशत तक कम कर सकता है। प्रोजेक्ट रिवाइव हमारे लिए एक महत्वपूर्ण पहल है क्योंकि यह हमारी ईवी बैटरियों को दूसरा जीवन देकर ईवी इकोसिस्टम को अधिक टिकाऊ बनाने में मदद करता है सार्थक साझेदारियों के माध्यम से हम विविध अनुप्रयोगों के लिए स्थायी ऊर्जा भंडारण समाधानों की एक श्रृंखला बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सैमसंग गैलेक्सी एस25 सीरीज प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध

गुड़गांव। सैमसंग ने अपनी बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी एस25 सीरीज, जिसमें गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 स्मार्टफोन शामिल हैं, भारत में लॉन्च कर दी है। इस नई सीरीज में यूजर्स को बेहतर अनुभव देने के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला आर्मर 2 ग्लास का इस्तेमाल किया गया है, जो इंडस्ट्री का पहला एंटी-रिफ्लेक्टिव ग्लास सिरैमिक है। यह विशेष ग्लास स्मार्टफोन की स्क्रीन को खरोंच से बचाता है और डिस्प्ले की स्पष्टता को बेहतर बनाता है। गैलेक्सी एस425 सीरीज अब भारत में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है, जिसमें गैलेक्सी एस25 की कीमत 80,999 रुपये, गैलेक्सी एस25+ की कीमत 99,999 रुपये और गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा की कीमत 1,29,999 रुपये से शुरू होती है। गोरिल्ला आर्मर 2 ग्लास टेक्नोलॉजी एक महत्वपूर्ण कदम है, जो स्मार्टफोन डिस्प्ले को मजबूती और स्पष्टता दोनों प्रदान करता है।

कैंपेन 'माइंड चार्ज्ड, बॉडी चार्ज्ड' में नजर आयेंगे आमिर

नई दिल्ली। कोका-कोला इंडिया का एनर्जी ड्रिंक चार्ज्ड एक बार फिर से बाजार में धूम मचाने के लिए तैयार है। इसके नए सीजन माइंड चार्ज्ड, बॉडी चार्ज्ड में बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता आमिर खान केव मैन (आदिमानव) के रूप में नजर आएंगे। इस सीजन के लिए कोका-कोला ने अपना नया कैंपेन लॉन्च किया है, जिसमें चार्ज्ड का नया मस्कट वुल्फ (भेड़िया) भी सामने आया है। यह भेड़िया साहस और फुर्ती का प्रतीक है। चार्ज्ड ने खुद को एक ऐसा एनर्जी ड्रिंक बताया है, जो मुश्किल कामों को भी आसान बना देता है। यह शरीर को फुतीर्ला और दिमाग को तेज रखता है। आमिर खान ने इसमें एक गुफावासी (आदिमानव) का किरदार निभाया है, जो अपनी फुर्ती और तेज दिमाग से असंभव से लगने वाले कामों को अंजाम देता है। इस कैंपेन का क्रिएटिव विजन ओगिल्वी इंडिया ने तैयार किया है। चार्ज्ड ड्रिंक को उपभोक्ताओं से शानदार प्रतिक्रिया मिली है, खासकर इसके अनोखे स्वाद के लिए।

अमेजन एमएक्स प्लेअर ने 100 से ज्यादा नये शो की सूची पेश की

मुंबई। अमेजन एमएक्स प्लेअर के स्ट्रीमनेक्स्ट इवेंट के पहले संस्करण में वैश्विक मार्केटिंग लीडर, सर मार्टिन सोरेल, बेनेडिक्ट इवांस और प्रमुख मनोरंजन उद्योग की हस्तियों ने भाग लिया। बॉबी देओल (आश्रम 3), सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ (हंटर 2), रेमो डिसूजा और मलाइका अरोड़ा (हिप हॉप इंडिया 2), अशनीर ग्रोवर (राइज एंड फॉल) जैसी प्रमुख हस्तियों की शानदार उपस्थिति के बीच, अमेजन एमएक्स प्लेअर ने 2025 के लिए अपनी 100 से अधिक नई शोज की सूची पेश की। आज की बैठक का उद्देश्य अमेजन एमएक्स प्लेअर की विशाल पहुंच को एक साथ लाना है। यह सभी ब्रांडों को सक्षम बनाने के बारे में है, न कि सिर्फ उन ब्रांडों को जो अमेजन पर बिकते हैं। ताकि वे भारत में 250 मिलियन से अधिक विशिष्ट उपयोगकताओं तक पहुंच सकें। यह सीधे परिणाम मापने के बारे में है, जो किसी उत्पाद या ब्रांड के बारे में प्रारंभिक जागरूकता से लेकर अंतिम खरीद निर्णय तक होता है। फुल फनल विज्ञापन अब यहाँ पर है।

सेंसेक्स में 741 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 741 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,500 अंक का स्तर पार कर गया। लार्सन एंड टुब्रो के तीसरी तिमाही के अनुकूल नतीजों और आर्थिक समीक्षा से वृद्धि तेज करने वाले बजट की उम्मीद से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 740.76 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,500.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.15 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 258.90 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,508.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 297.3 अंक तक चढ़ गया था। शुक्रवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 में अनुमान जताया गया है कि मजबूत बुनियाद, सूझ-बूझ वाली राजकोषीय मजबूती की रूपरेखा और निजी खपत बने रहने के साथ देश की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत रह सकती है। आर्थिक समीक्षा से यह संकेत मिलता है कि बजट आर्थिक वृद्धि को गति देने वाला होगा। इससे बाजार में तेजी आई। सकारात्मक वैश्विक संकेतों और प्रमुख कंपनियों के उम्मीद से बेहतर वित्तीय नतीजों से भी तेजी को समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि बाजार को उम्मीद है कि खपत को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत कर में कटौती के साथ रोजगार सृजन के लिए कदम उठाये जाएंगे। राजकोषीय घाटे में कटौती करके लेकिन बुनियादी ढांचे के खर्च को बढ़ावा देकर सरकार बाजार में संभावित सुधार के लिए रास्ता तैयार कर सकती है। सेंसेक्स की कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो का शेयर 4.31 प्रतिशत मजबूत हुआ। बुनियादी ढांचे और इंजीनियरिंग कंपनी का एकीकृत लाभ 14 प्रतिशत बढ़कर 3,359 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। नेस्ले के शेयर में भी 4.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 4.94 प्रतिशत बढ़कर 688.01 करोड़ रुपये रहने की सूचना से इसका शेयर चढ़ा। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.83 प्रतिशत उछला जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 1.76 प्रतिशत मजबूत हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार के दौरान तेजी रही। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त में रहे थे।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.57 अरब डॉलर बढ़कर 629.56 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 5.57 अरब डॉलर बढ़कर 629.56 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.89 अरब डॉलर घटकर 623.98 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

पिछले कुछ सप्ताह से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख रहा है। इस गिरावट का कारण पुनर्मूल्यांकन के साथ-साथ रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप को माना जा रहा है। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 24 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.75 अरब डॉलर बढ़कर 537.89 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 70.4 लाख डॉलर बढ़कर 69.65 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.86 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 3.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.15 अरब डॉलर हो गया।

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि दिसंबर में सुस्त पड़कर चार प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि दिसंबर, 2024 में सुस्त पड़कर चार प्रतिशत पर रह गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। एक साल पहले समान महीने में आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 5.1 प्रतिशत बढ़ा था।

मासिक आधार पर बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार सुस्त पड़ी है। नवंबर, 2024 में इन क्षेत्रों का उत्पादन 4.4 प्रतिशत रहा था। दिसंबर में प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक और इस्पात की उत्पादन वृद्धि क्रमशः 5.3 प्रतिशत, 2.8 प्रतिशत, 1.7 प्रतिशत और 5.1 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वर्ष दिसंबर में यह क्रमशः 10.8 प्रतिशत, 4.1 प्रतिशत, 5.9 प्रतिशत और 8.3 प्रतिशत थी। समीक्षाधीन महीने में सीमेंट और बिजली क्षेत्र का उत्पादन क्रमशः चार प्रतिशत और 5.1 प्रतिशत बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में आठ बुनियादी क्षेत्रों-कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में इन क्षेत्रों का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में भारांश 40.27 प्रतिशत है।

रुपया तीन पैसे बढ़कर 86.59 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपने शुरुआती नुकसान से उबरकर कारोबार के अंत में तीन पैसे की तेजी के साथ 86.59 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में तेजी से रुपये को जो समर्थन मिला, वह विदेशी कोषों की निकासी की वजह से जाता रहा। इसके अलावा मासांत अंत की डॉलर मांग की वजह से भी रुपये का लाभ सीमित रहा।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की सतत निकासी तथा तेल आयातकों की डॉलर मांग और कमजोर जोखिम क्षमता के कारण विदेशी बाजारों में डॉलर की व्यापक मजबूती के कारण रुपये पर दबाव जारी रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 86.63 पर खुला और सत्र के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले86.59 के उच्चतम स्तर तक गया और 86.65 के निचले स्तर तक आया। रुपया अंत में 86.59 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की तेजी है। बृहस्पतिवार को रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 86.62 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। आयातकों की ओर से मासांत की डॉलर मांग और एफआईआई की निकासी के कारण आज भारतीय रुपये दबाव में रहा। डॉलर में मजबूती के रुख ने भी रुपये पर दबाव डाला। हालांकि, सकारात्मक घरेलू बाजारों की वजह से रुपया मामूली लाभ के साथ बंद हुआ। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 108.29 हो गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.53 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। हमें उम्मीद है कि डॉलर की मजबूती और लगातार एफआईआई निकासी के कारण रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। आयातकों की ओर से मासांत की डॉलर मांग भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। अमेरिकी प्रशासन द्वारा शुल्कों को लेकर अनिश्चितता भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। हालांकि, केंद्रीय बैंक के किसी भी हस्तक्षेप से रुपये को समर्थन मिल सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक और विवेकपूर्ण नीति प्रबंधन और घरेलू बुनियादी बातों को मजबूत करने की आवश्यकता होगी।

सोना 84,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये रिकॉर्ड पर, चांदी भी उछली

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों और जोरदार घरेलू मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 84,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ यह जानकारी दी।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे सत्र में तेजी जारी रही और यह 1,100 रुपये की तेजी के साथ 84,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। एक जनवरी को स्थानीय बाजार में सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जिसके बाद से इसमें 5,510 रुपये या सात प्रतिशत की तेजी आई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह अबतक के सर्वोच्च स्तर 84,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछली बंद भाव 83,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था। शुक्रवार को चांदी 850 रुपये की तेजी के साथ 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को चांदी 94,150 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कीमती धातुओं में तेजी जारी है, शुक्रवार को दिन के कारोबार के दौरान हाजिर सोना नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया और 2,800 डॉलर प्रति औंस के स्तर को लांघ गया, जबकि दिल्ली बाजार में हाजिर सोने की कीमत 84,000 रुपये के स्तर को पार कर गई।

पूंजी बाजार में निवेशकों की भागीदारी बढ़ी

नयी दिल्ली। पूंजी बाजार में निवेशकों की भागीदारी को बेहतर कॉरपोरेट आय, स्थिर वृहद आर्थिक बुनियाद और ऑनलाइन डिजिटल निवेश मंचों ने बढ़ावा दिया है और विशिष्ट निवेशकों की संख्या बढ़कर 11 करोड़ हो गयी है।

आर्थिक समीक्षा 2024-25 में कहा गया है कि निवेशकों की बढ़ी हुई भागीदारी और इक्विटी द्वारा अर्जित मजबूत लाभ ने पिछले कुछ वर्षों में परिवारों संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि की है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के अनुमान के अनुसार, पिछले पांच वर्षों (2020-2024अ सितंबर2024 तक) में भारतीय शेयरों में परिवारों की संपत्ति में 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर, पूंजी बाजार में निवेशकों की भागीदारी प्रत्यक्ष (अपने खातों के माध्यम से बाजारों में व्यापार) और अप्रत्यक्ष (म्यूचुअल फंड के माध्यम से) तरीकों से बढ़ी है। एनएसई में निवेशक आधार अगस्त, 2024 में 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया, जो पिछले चार वर्षों में तीन गुना हो गया है। वर्तमान में यह 10.9 करोड़ (26 दिसंबर 2024 तक) है। एनएसई में निवेशक खातों की संख्या को दर्शाने वाले क्लाइंट कोड की संख्या 2019 के अंत में छह करोड़ से बढ़कर दिसंबर, 2024 तक लगभग 21 करोड़ हो गई है। समीक्षा में कहा गया, बेहतर कॉरपोरेट आय, स्थिर वृहद आर्थिक बुनियाद, सुगम लेनदेन (ट्रेडिंग), क्लियरिंग एंड डिपॉजिटरी सिस्टम की सुविधा प्रदान करने वाली कुशल व मजबूत प्रौद्योगिकी तथा म्यूचुअल फंड परिवेश और ऑनलाइन डिजिटल निवेश मंचों द्वारा अर्जित विश्वास ने पूंजी बाजारों में अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया है। डीमैट खातों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दिसंबर, 2024 के अंत तक डीमैट खातों की संख्या सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 18.5 करोड़ हो गई है। म्यूचुअल फंड उद्योग (जो वित्तीय बचत को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है) में निवेशकों की संख्या वित्त वर्ष 2020-21 के 2.9 करोड़ से दोगुना होकर दिसंबर, 2024 तक 5.6 करोड़ हो गई है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में फोलियो की कुल संख्या 17.8 करोड़ से बढ़कर दिसंबर, 2024 के अंत में 22.5 करोड़ हो गई और खुदरा निवेशकों के पास 18.6 लाख करोड़ रुपये की म्यूचुअल फंड यूनिट थे। भागीदारी में इस उछाल के साथ-साथ मजबूत बाजार प्रदर्शन के कारण म्यूचुअल फंड कंपनियों की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो दिसंबर 2024 तक बढ़कर 66.9 लाख करोड़ रुपये हो गई।

मनरेगा के तहत अबतक 220.11 करोड़ रोजगार सृजित

नयी दिल्ली। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत 2024-25 में 10 जनवरी तक लगभग 220.11 करोड़ मानव दिवस का रोजगार सृजित किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संसद में आर्थिक समीक्षा पेश की, जिसमें यह जानकारी दी गई।

समीक्षा के मुताबिक 2023-24 में 308.9 करोड़ मानव दिवस का रोजगार सृजित किया गया था, जबकि यह आंकड़ा 2022-23 में 293.8 करोड़ और 2021-22 में 363.3 करोड़ था। कोविड-19 महामारी के प्रकोप वाले साल 2020-21 में 389.1 करोड़ मानव दिवस का रोजगार सृजित किया गया था। समीक्षा में कहा गया कि योजना का पूरा उपयोग करने के लिए कई दक्षता सुधार पेश किए गए हैं, जिसमें काम पूरा होने से पहले, काम के दौरान और काम पूरा होने के बाद जियोटैगिंग शामिल है। इसके मुताबिक, 99.98 प्रतिशत भुगतान राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक फंड प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से किए गए। मजदूरी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये जारी की गई और कुल सक्रिय श्रमिकों में 96.3 प्रतिशत के लिए आधार आधारित भुगतान किया गया।

समीक्षा में कहा गया कि दिसंबर, 2024 में कुल सफल लेनदेन का लगभग 99.23 प्रतिशत आधार भुगतान ब्रिज प्रणाली (एपीबीएस) के माध्यम से संसाधित किया गया। इसमें कहा गया कि मनरेगा स्थायी रूप से आजीविका विविधीकरण के लिए एक टिकाऊग्रामीण संपत्ति निर्माण कार्यक्रम के रूप में विकसित हुई है। इस योजना को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी), कृषि मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की विभिन्न पहल के साथ जोड़ा गया है।

पेज एक का शेष

भाजपा के

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है तथा संबंधित विधेयक इस बजट सत्र के लिए सूचीबद्ध किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का फैसला हुआ है। उन्होंने इस बात का उल्लेख भी किया कि जनजातीय समाज के पांच करोड़ लोगों के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ हुआ है।उनके मुताबिक, सरकार के प्रयासों के कारण देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।उन्होंने कहा, सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोज़गार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष जोर दिया है। राष्ट्रपति ने आठवें वेतन आयोग के गठन के प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन में बड़ी वृद्धि का आधार बनेगा।

मुर्मू ने सरकार द्वारा महिल सशक्तीकरण की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा, सरकार महिलाओं के नेतृत्व में देश को सशक्त बनाने में, यानी वूमेन लेड डेवलपमेंट (महिलाओं नीत विकास) में विश्वास करती है। नारीशक्ति वंदन अधिनियम द्वारा लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रपति के अनुसार, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है।मुर्मू ने कहा, हमारी बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियां दूर दराज के इलाक़ों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोज़गार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है।

गरीब, मध्यम

विशेष कृपा रहे। नवोन्मेष, समावेशिता और निवेश को देश की आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार करार देते हुए मोदी ने कहा कि इस सत्र में हमेशा की तरह कई ऐतिहासिक विधेयकों पर चर्चा होगी और व्यापक मंथन के साथ वे राष्ट्र की ताकत बढ़ाने वाले कानून बनेंगे।

उन्होंने कहा विशेषकर नारी शक्ति के गौरव को पुनः प्रस्थापित करना, पंथ संप्रदाय के भेद से मुक्त होकर के हर नारी को सम्मानपूर्ण जीवन मिले, उसको भी समान अधिकार मिले, उस दिशा में इस सत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र पर जोर देते हुए मोदी ने कहा कि तेज गति से विकास हासिल करने के लिए सबसे ज्यादा बल सुधार पर रहता है, राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर प्रदर्शन करना होता है और जन भागीदारी से बदलाव लाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जो 20-25 साल की आयु के नौजवान हैं, वे विकसित भारत के सबसे बड़े लाभार्थी होने वाले हैं। उन्होंने कहा वे नीति निर्धारण की व्यवस्था में बैठे होंगे और गर्व के साथ आजादी के बाद जो शताब्दी शुरू होगी, उसमें एक विकसित भारत के साथ वे आगे बढ़ेंगे। आज जो हमारे किशोर हैं, हमारी युवा पीढ़ी है, उनके लिए ये बहुत बड़ा तोहफा बनने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग 1930-1942 में आजादी की जंग में जुट गए थे उसका फल उन्हें 25 साल के बाद नसीब हुआ। उन्होंने कहा आजादी के पूर्व के वे 25 साल, आजादी का जश्न मनाने का अवसर बने। वैसे ही इन 25 वर्ष में समृद्ध भारत, विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि और सिद्धि से शिखर तक पहुंचाने का देशवासियों का इरादा है। मोदी ने भरोसा जताया कि सत्र के दौरान हर सांसद, विशेषकर युवा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा विशेषकर जो युवा सांसद हैं, उनके लिए तो सुनहरा अवसर है। क्योंकि वे आज सदन में जितनी जागरुकता, जितनी भागीदारी बढ़ाएंगे और विकसित भारत के जो फल हैं, वे तो उनकी नजर के सामने देखने को मिलने वाले हैं। और इसलिए युवा सांसदों के लिए एक अनमोल अवसर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार से शुरू हो रहे बजट सत्र की शुरुआत में लोकसभा में एक साथ संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को लगातार आठवीं बार आम बजट पेश करेंगी।

जेल में बंद

माध्यम से पेश होने की अनुमति दें। आजकल जेल से अदालत के रास्ते में बहुत सी चीजें होती हैं। जेल से अदालत ले जाते समय लोगों की हत्या कर दी जाती है। शीर्ष अदालत राज्य के चित्रकूट जिले में कथित तौर पर एक गिरोह चलाने के मामले में अब्बास की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही है। न्यायालय ने अब्बास की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा और सिब्बल से कहा कि उनकी याचिका में वर्चुअल सुनवाई से संबंधित कोई दलील नहीं दी गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सिब्बल से याचिका के साथ उच्च न्यायालय जाने को कहा। सिब्बल ने कहा कि उच्च न्यायालय में जाने का मतलब यह होगा कि जब तक मामले की सुनवाई होगी, अब्बास को अदालत में ले जाया जाएगा। पीठ ने अपने आदेश में निर्देश दिया कि यदि वह वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सुनवाई के लिए अपनी याचिका के साथ उच्च न्यायालय का रुख करते हैं, तो इस पर तत्काल सुनवाई की जानी चाहिए। सिब्बल ने कहा कि अब्बास पर चित्रकूट में आपराधिक गिरोह चलाने का आरोप है, जो कासगंज से 450 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां वह वर्तमान में जेल में बंद हैं।

प्रयागराज पहुंचा

जारी बयान के मुताबिक, आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने शुक्रवार को प्रयागराज में अधिकारियों के साथ पहली बैठक की। बैठक के बाद आयोग ने संगम नोज के निकट घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। बयान के मुताबिक, आयोग ने अधिकारियों से हादसे की परिस्थितियों और इलाके की भौगोलिक स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली। न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने बताया कि यह आकस्मिक दुर्घटना थी लेकिन इसके पीछे के कारणों को सिलसिलेवार तरीके से समझने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर निरीक्षण पूरा कर लिया गया है, लेकिन अगर दोबारा जांच की जरूरत पड़ी तो टीम फिर आएगी। आयोग के सदस्य, सेवानिवृत्त आईएएस डी के सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस वी के गुप्ता ने भी जांच में तेजी लाने की बात कही है।आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति कुमार ने कहा, हमारे पास केवल एक महीने का समय है, लेकिन जांच को प्राथमिकता के साथ तेजी से पूरा करेंगे। जांच प्रक्रिया से महाकुंभ में कोई व्यवधान ना हो, इसका ध्यान रखा जाएगा। आयोग सभी तथ्यों का गहन विश्लेषण करके किसी ठोस निष्कर्ष पर पहुंचेगा। आयोग ने अस्पताल जाकर घायलों से बातचीत भी की। न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने कहा कि घायलों से मिली जानकारी, जांच को सही दिशा देने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि किसी एक पहलू पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय सभी संभावित कारणों पर विचार किया जाएगा। घटनास्थल पर आयोग के साथ मौजूद मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, डीआईजी वैभव कृष्ण, एसएसपी राजेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारियों ने आयोग के सदस्यों को जानकारी दी। आयोग ने भारी सुरक्षा के बीच उस क्षेत्र का भ्रमण किया। महाकुंभ हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने अपने गठन के अगले ही दिन से काम शुरू कर दिया। आयोग को जांच करने के लिए एक महीने का समय मिला है, लेकिन आयोग तेजी से जांच करेगा।

घुसपैठ की

रहे आतंकवादियों के खिलाफ तुरंत कार्वाई की, जिसके बाद भारी गोलीबारी शुरू हो गई। सेना ने बताया कि अभियान रात भर जारी रहा, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए।सेना के अनुसार, तलाशी के दौरान क्षेत्र से अब तक बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारुद बरामद हुए हैं। उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सचिंद्र कुमार ने पुंछ में दो आतंकवादियों को मार गिराने तथा भारी मात्रा में हथियार एवं गोलाबारूद बरामद करने को लेकर व्हाइट नाइट कोर की सराहना की। सैन्य कमांडर ने एक्स पर लिखा, भारतीय सेना जम्मू कश्मीर को आतंकवाद मुक्त रखने के अपने संकल्प पर अडिग है।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों आतंकवादियों के शव मुठभेड़ स्थल से बरामद कर लिए गए हैं और प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वे प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े थे। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों के पास से तीन एके राइफलें और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों आतंकवादियों की तत्काल पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन माना जा रहा है कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे।

विदेशों में भी

प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की पसंद पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड की झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त होने से राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति एवं धार्मिक विरासत को देश-विदेश में विशिष्ट पहचान मिल रही है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री के निर्णयों से साहसिक खेलों के लिए अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। बता दें कि नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य की झांकी के कलाकारों को द्वितीय पुरस्कार मिला और कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल पर आधारित उत्तराखण्ड झांकी को भी लोगों की पसंद के आधार पर देश में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर झांकी के कलाकार सुरेश राजन, तरुण कुमार, राजेश कुमार, रवीन्द्र कुमार, अभिषेक पाण्डेय, अमन विश्वकर्मा, शुभम बेरी, रेखा पूना, कमला पंत, चंद्रदीप राजन, प्रियंका आर्या साही, अंजलि आर्या, रश्मि पंत, निकिता आर्या, साक्षी बोहरा उपस्थित रहे।

कृषि क्षेत्र

पूरा करने के लिए कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निजी निवेश बढ़ाने की जरूरत है क्योंकि सिर्फ सरकारी वित्तपोषण से जरूरी बुनियादी ढांचा नहीं तैयार किया जा सकता है। आर्थिक समीक्षा 2024-25 में यह बात कही गई है। संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा के मुताबिक, देश के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने की मांग को अकेले सार्वजनिक पूंजी ही पूरा नहीं कर सकती है।

आम आदमी पार्टी

ने कहा, मैं आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं, क्योंकि मेरा आप (केजरीवाल) और पार्टी पर से भरोसा उठ गया है। इस्तीफा देने वाले विधायकों की आलोचना करते हुए आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा कि पार्टी द्वारा कराए गए सर्वेक्षण से पता चला है कि ये सभी अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में जनता के लिए उपलब्ध नहीं थे और इसीलिए उन्हें चुनाव में टिकट नहीं दिया गया। गुप्ता ने कहा हमने सर्वेक्षण के प्रतिकूल परिणामों के कारण उन्हें टिकट नहीं दिया। टिकट नहीं मिलने के बाद अब वे दूसरी पार्टी में शामिल हो रहे हैं, यह कोई बड़ी बात नहीं है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

टी-20 : भारत ने किया सीरीज पर कब्जा

पुणेभारत ने इंग्लैंड को 15 रन से चौथा टी-20 हराया, हर्षित-बिश्नोई को 3-3 विकेट; हार्दिक-दुबे की फिफ्टी

एजेंसी

पुणे। हर्षित राणा कन्कशन सब्स्टीट्यूट बनकर बॉलिंग करने आए। उन्होंने 3 विकेट लिए। भारत ने इंग्लैंड को चौथे टी-20 में 15 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त भी ले ली। पुणे के टउअ स्टेडियम में इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 9 विकेट खोकर 181 रन बनाए। इंग्लिश टीम 166 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए शिवम दुबे के कन्कशन सब्स्टीट्यूट हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए। रवि बिश्नोई को भी 3 विकेट मिले। वरुण चक्रवर्ती ने 2 विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला। बैटिंग में हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे ने 53-53 रन की पारी खेली। आखिरी टी-20 मैच 2 फरवरी को मुंबई में खेला जाएगा। 20वें ओवर में अर्शदीप सिंह भारत के लिए बॉलिंग करने उतरे। उन्हें 19 रन डिफेंड करने थे। शुरूआती 3 गेंदों पर 3 रन देने के बाद चौथी गेंद पर अर्शदीप ने साकिब महमूद को कैच आउट करा दिया। साकिब के विकेट के साथ इंग्लैंड की टीम ऑलआउट भी हो गई। टीम ने 19.4 ओवर में 166 रन बनाए। 19वें ओवर की आखिरी बॉल पर हर्षित राणा ने अपना तीसरा विकेट लिया। उन्होंने जैमी ओवर्टन को बोल्ड किया। ओवर्टन ने 15 गेंद पर 19 रन बनाए। हर्षित ने लियम लिविंगस्टन और जैकब बेथेल को भी पवेलियन भेजा था। 17वें ओवर में रवि बिश्नोई ने पांचवां विकेट लिया। उन्होंने ओवर की पांचवीं गेंद पर जोफ्रा आर्चर को बोल्ड किया। आर्चर खाता भी नहीं खोल सके। बिश्नोई ने जोस बटलर और बेन डकेट को भी पवेलियन भेजा था। हर्षित राणा ने 17वें ओवर की 5वीं बॉल पर जैकब बेथेल को कैच कराया। बेथेल ने 9 गेंद पर 6 रन बनाए। हर्षित बतौर कन्कशन सब्स्टीट्यूट बनकर मैदान में उतरे हैं। उन्होंने लियम लिविंगस्टन को भी कैच कराया था। वरुण चक्रवर्ती 15वें ओवर में अपने स्पेल का आखिरी ओवर लेकर आए। उन्होंने तीसरी गेंद पर हैरी ब्रूक और पांचवीं गेंद पर ब्रायडन कार्स को कैच आउट कराया। कार्स ने 2 गेंद पर 4 रन बनाए। चक्रवर्ती सीरीज में 12 विकेट ले चुके हैं। 15वें ओवर की दूसरी बॉल पर हैरी ब्रूक ने वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ चौका लगाया। इसी के साथ उन्होंने 25 गेंद पर फिफ्टी भी पूरी कर ली। हालांकि, वरुण ने अगली ही गेंद पर उन्हें कैच आउट भी करा दिया। ब्रूक ने 51 रन की पारी में 5 चौके और 2 छक्के लगाए। भारत के लिए बैट से 53 रन बनाने वाले शिवम दुबे फील्डिंग करने नहीं उतरे। उन्हें 20वें ओवर में सिर पर गेंद लगी थी, जिसके बाद उन्हें हर्षित राणा के साथ कन्कशन सब्स्टिट्यूट कर दिया गया। हर्षित पारी के 12वें ओवर में बॉलिंग करने उतरे, उन्होंने दूसरी ही गेंद पर विकेट भी ले लिया। हर्षित ने लियम लिविंगस्टन को कैच कराया। 8वें ओवर में रवि बिश्नोई ने इंग्लिश कप्तान जोस बटलर को पवेलियन भेज दिया।

आशी किरण बालिका अंडर-16 में चैंपियन

लखनऊ। लखनऊ की उभरती हुई टेनिस स्टार आशी किरण ने चंद्र प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल यूपी राज्य रैंकिंग टेनिस टूनार्मेंट में शानदार सर्विस का नजारा पेश करते हुए बालिका अंडर-16 एकल खिताब जीत लिया। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा एसडीएस लामार्टिनियर टेनिस फैसिलिटी पर आयोजित इस टूनार्मेंट में बालिका अंडर-16 फाइनल में आशी किरण ने जुफीशा खान को दो घंटे चले मुकाबले में 6-4, 7-5 से हराया।

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष श्रीवास्तव
राजस्वनिरीक्षक
तहसील-महोलीसीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
श्री राम निवास वर्मा
विधायक
नानपारा विधानसभा
नानपारा अपना दल यश

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
अनुप्रिया पटेल
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री
भारत सरकार

38वा राष्ट्रीय खेल : यूपी को पहला पदक पुरुष बीच हैंडबॉल टीम ने जीता कांस्य

लखनऊ। उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश की पुरुष बीच हैंडबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ यूपी ने इन खेलों में अपना पहला पदक हासिल किया। शिवपुरी ऋषिकेश में 27 से 31 जनवरी तक आयोजित बीच हैंडबॉल की स्पर्धा में कांस्य पदक के मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को हराया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि यूपी की टीम ने रोमांचक मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट में 18-22, 25-16 (5-1) से जीत दर्ज की। मैच में पहले सेट में राजस्थान ने तेज शुरूआत की, लेकिन यूपी के खिलाड़ियों ने कड़ा मुकाबला किया। हालांकि यह सेट राजस्थान ने 22-18 से जीत लिया। दूसरे सेट में मोहित यादव और शुभम सिंह ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया, जिससे यूपी ने 25-16 की जीत से मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। फिर पेनाल्टी शूटआउट में यूपी ने 5 गोल दागे, जबकि राजस्थान की टीम केवल 1 गोल ही कर सकी। वहीं गोलकीपर सौरभ ने कई बेहतरीन बचाव किए, जिससे यूपी की जीत सुनिश्चित हुई। डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने यूपी बीच हैंडबॉल टीम को पदक जीतने पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी अन्य स्पधाओं में भी पदक के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश करेंगे।

मैनचेस्टर यूनाइटेड व टोटेनहम यूरोपा लीग के अगले दौर में

लंदन। मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहम ने घरेलू स्तर पर अपने उतार चढ़ाव वाले अभियान को दरकिनार कर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के राउंड 16 में प्रवेश किया। डिओगो दलोट ने 60वें मिनट में कोबी मैनू के सटीक क्रॉस पर गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बढ़त दिलाई। मैनू ने इसके आठ मिनट बाद टीम की तरफ से दूसरा गोल किया जिससे मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बुखारेस्ट में खेले गए मैच में रोमानियाई चैंपियन एफसीएसबी पर 2-0 से जीत हासिल की। लंदन में टोटेनहम ने अपने युवा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर स्वीडिश क्लब एल्फ्सबोर्ग को 3-0 से हराया। उसकी तरफ से पहला गोल स्थानापन्न डेन स्कारलेट के लिए 70वें मिनट में किया। इसके बाद स्थानापन्न दामोला अजयी और 17 वर्षीय मिकी मूर ने भी टीम की तरफ से गोल किए।

अंकिता रैना सहित चार भारतीयों को डब्ल्यूटीए 125 मुंबई ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

मुंबई। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना उन चार भारतीयों में शामिल हैं जिन्हें शनिवार से यहां क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में होने वाले चौथे डब्ल्यूटीए 125 मुंबई ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्डकार्ड मिला है। मुख्य ड्रॉ में भाग लेने वाली अन्य तीन भारतीय, देश की शीर्ष एकल खिलाड़ी सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदिपति और वैष्णवी अडकर हैं। महाराष्ट्र की माया राजेश्वरन और आकांक्षा नितुरे को क्वालीफाइंग दौर के लिए वाइल्डकार्ड दिया गया है। कुल।,25,000 डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट का क्वालीफाइंग दौर शनिवार से शुरू होगा जिसके बाद तीन फरवरी से मुख्य ड्रॉ शुरू होगा।

रणजी ट्रॉफी में 13 साल बाद कोहली की वापसी

नयी दिल्ली। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की रणजी ट्रॉफी में 13 साल बाद वापसी पर खेली गई पारी केवल 15 गेंद तक चली जिससे रन बनाने के लिए उनका संघर्ष भी जारी रहा और उनकी फॉर्म को लेकर बहस फिर से शुरू हो गई। कोहली को खेलते हुए देखने के लिए यहां अरुण जेटली स्टेडियम में लगभग 5000 दर्शक पहुंचे हुए थे ।

कार्यालय-नगर पंचायत उसका बाजार-सिद्धार्थनगर



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ सर्वेक्षण 2025



नगर पंचायत उसका बाजार की ओर से समस्त नगर वासियों को गणतंत्र दिवस 2025 एवं महाकुम्भ की हार्दिक शुभकामनायें
नगर पंचायत उसका बाजार को 01 पर लाने के लिये नगर वासियों से विनम्र अपील
1. खुले में शौच कदापि न करें। शौचालय का प्रयोग करें। खुले में शौच या मूत्र विसर्जन करते हुये पकड़े जाने पर जुर्मानें से दण्डित किये जायेगें। 2. वार्ड की स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति में सक्रिय सहयोग कर वार्ड में पूर्ण स्वच्छता लायें। 3. डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में अपना सहयोग अवश्य करें एवं सूखा कूड़ा व गीला कूड़ा अलग करके कचरा संग्राहक को सौपें। 4. पर्यावरण को प्लास्टिक के प्रदूषण से मुक्त बनायें। पालीथीन का प्रयोग करते हुये पकड़े जाने पर जुर्माने से दण्डित किये जायेगें। 5. कूड़ा-करकट आदि नालियों, सड़कों, खुले स्थानों में न फेकें, सफाई में सहयोग करें। 6. स्वच्छता एप प्रयोग करें। 7. बिना भवन का नक्शा पास कराये, भवन निर्माण न करायें। 8. जल ही जीवन है इसकी बचत करें और भूगर्भ जलस्तर को बनाये रखने में अपना सहयोग करें। 9. नगर पंचायत की भूमि, सार्वजनिक स्थलों, सड़क की पटरी, नाली/नालों आदि पर अवैध अतिक्रमण ना करें। 10. पथ प्रकाश बिन्दुओं को क्षति ना पहुंचायें। 11. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग करें।

अभिनव श्रीवास्तव
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत उसका बाजार
सिद्धार्थनगर

हेमन्त कुमार जायसवाल
अध्यक्ष प्रतिनिधि
नगर पंचायत उसका बाजार
सिद्धार्थनगर

मंजू जायसवाल
अध्यक्ष
नगर पंचायत उसका बाजार
सिद्धार्थनगर

सम्मानित सदस्य का नाम
श्रीमती प्रमिला देवी, श्री कल्लू प्रसाद, श्री कासिम, श्रीमती कांती देवी, श्रीमती गुड़िया देवी, श्रीमती सूर्यमती देवी, श्री विभूति प्रसाद अग्रहरि, श्री राजेश कुमार, श्री अंगद सहानी, श्री मयँक पाण्डेय, श्री उपेन्द्रनाथ दूबे, श्रीमती पूनम त्रिपाठी, श्री अयोध्या साहू, श्रीमती प्रेमा देवी, श्री सूरज कुमार

राष्ट्रपति पर सोनिया की टिप्पणी अपमानजनक : नड्डा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए की गई एक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को उनकी कड़ी निंदा की और मांग की कि वह राष्ट्रपति तथा भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगें। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को कहा कि वह अपने संबोधन के आखिर तक थक गई थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं।

उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं...वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी। नड्डा ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति को संदर्भित करने के लिए घटिया बात जैसे शब्द का उपयोग किया जाना बेहद अपमानजनक है।

आप-दा वालों ने दिल्ली को एटीएम में तब्दील किया: प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर दिल्ली के विकास को रोकने और अन्य राज्यों में अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी को राजनीतिक एटीएम में तब्दील करने का आरोप लगाया। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर द्वारका में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी के मतदाताओं से कहा कि वे डबल इंजन सरकार बनाकर मोदी को दिल्ली की भी सेवा करने का मौका दें। उन्होंने आधुनिक दिल्ली के लिए भाजपा के दृष्टिकोण के प्रमाण के रूप में यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर पर प्रकाश डाला जिसका हाल ही में उद्घाटन किया गया था। मोदी ने कहा कि भाजपा दिल्ली को जितना आधुनिक बनाना चाहती है, उसकी एक झलक केंद्र सरकार द्वारा द्वारका में निर्मित यशोभूमि में दिखती है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, मैं गारंटी देता हूं कि भाजपा सरकार दिल्ली की प्रगति में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। केंद्र ने दिल्ली के बुनियादी ढांचे के लिए हजारों करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, फिर भी जमीन पर कुछ भी नहीं बदला है। आप की एकमात्र उपलब्धि खोखली बयानबाजी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो दिल्ली के निकाय संबंधी मुद्दों का तेजी से समाधान किया जाएगा।

कार्यालय नगर पंचायत, डाला बाजार-सोनभद्र

आज़ादी का अमृत महोत्सव

76वां गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2025 के शुभ अवसर पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त नगरवासियों से नगर पंचायत डाला बाजार निम्न अपेक्षायें करती

1. यह नगर आपका है, हमे साफ-सुथरा स्वच्छ बनाएं रखने में नगर पंचायत को अपना सहयोग प्रदान करें।
2. प्रतिबन्धित पॉलीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करे।
3. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुचायें। ये निशाकाल में आपके सहयोगी पथ प्रदर्शक है।
4. अपने नगर को प्रदूषण रहित रखें। खुले में शौच न करें। अपने घरों में शौचालय बनवायें। शौचालय की पाईप लाईन सीधे नालियोंमें न जोड़े। कूड़ा उठाने के बाद सड़कों पर कूड़ा न फेके।
5. सार्वजनिक भूमि, सड़कों, पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें।
6. जल ही जीवन है, व्यर्थ में इसे बर्बाद न करें।
7. नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता हेतु किये जा रहे प्रयासों में सहयोग कर नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनायें।
8. अपने पालतु (गाय, बैल, भैस व अन्य) जानवरों को सड़क पर खुला ना छोड़े।
9. खुले मे पेशाब व शौच कदापि न करें।
10. निकाय के सफाई मित्र कर्मियो द्वारा कुड़ा उठाने के उपरान्त अपने दुकान/प्रतिष्ठान से निकाला कुड़ा बाहर न फेके, डोर-टू-डोर कुड़ा कलेक्शन हेतु सफाई कर्मियों द्वारा घरों से गीले व सूखे कूड़े को अलग करके देने में अपना सहयोग प्रदान करें।

यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ, सुन्दर, कूड़ा मुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना सहयोग करें।

(फूलवन्ती कुमारी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र

पत्रांक:- 250/न0पं0डा0बा0/2024-25 दिनांक- 25/01/2025

कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र, जनपद सोनभद्र

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 | आज़ादी का अमृत महोत्सव | स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र की तरफ से समस्त नगरवासियों को 26 जनवरी 2025 गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र नगरवासियों से निम्न अपेक्षायें करता है-

1 यह नगर आपका है, इसे साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
2 प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें और न ही किसी को करने दें। दैनिक प्रयोग से पॉलिथीन को दूर हटायें।
3 सफाई मित्र कर्मियों द्वारा कूड़ा उठाने के उपरान्त अपने मकान /दुकान/प्रतिष्ठान से निकला कूड़ा बाहर न फेकें।
4 घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करके डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन में ही दें।
5 खुले में पेशाब व शौच कदापि न करें।
6 सार्वजनिक भूमि, सड़को, पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें।
7 अपने पालतू जानवरों (गाय व अन्य) को सड़क पर खुला न छोड़े।
8 मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचाये।
9 नगरवासी वृक्षारोपण कर नगर को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग करें।
10 जन्म-मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अन्दर नि:शुल्क करायें।
11 नगरवासी अपना गृहकर/जलमूल्य बकाया का भुगतान करके नगर के विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।
12 स्वच्छ सर्वेक्षण में अपना सक्रिय योगदान स्वच्छता एप का प्रयोग करके इस निकाय को प्रथम स्थान दिलाने में अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें।
13 दिनांक 25 जनवरी, 2025 राष्ट्रीय मतदाता दिवस "लोकतन्त्र का पर्व महान-पहले चलो करें मतदान "वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे, खुद जागरूक बने और दूसरों को भी जागरूक करें।
14 प्रयागराज में दिनांक 13 जनवरी, 2025 से 26 फरवरी 2025 तक चलने वाले दिव्य महाकुम्भ में अपनी सहभागिता कर पुण्य के भागी बने।
15 सीवर सेप्टिंग टैंक की सफाई हेतु हेल्प लाइन नम्बर-14420 (टोल फ्री) पर कॉल करे।
16 नगर पालिका परिषद सोनभद्र से सम्बन्धित शिकायतों हेतु हेल्प लाइन नम्बर-1533 (टोल फ्री) पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करायें।

यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ, सुन्दर, कूड़ा मुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना सहयोग करें।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र | समस्त सभासदगण, नगर पालिका परिषद सोनभद्र | रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र

पत्रांक-मेमो/2025 दिनांक . 25.01.2025

कार्यालय नगर पंचायत अनपरा, सोनभद्र

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 | स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.12.2024 को नगर पंचायत अनपरा की स्थापना हुए 05 वर्ष पूर्ण हो चुके है जिसमें निकाय की तरफ से यहाँ के नगर वासियों को विभिन्न प्रकार के मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया गया है आप नगर वासियों के सहयोग से नगर पंचायत अनपरा द्वारा सीमाक्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य रूप से साफ-सफाई, मार्ग प्रकाश व्यवस्था व जल निकासी, पेयजल इत्यादि का कार्य कराया गया है एवं समुचित विकास के लक्ष्य को मूर्त रूप देने हेतु अनपरा नगर पंचायत प्रत्येक छोर तक विकास की बयार पहुँचाने में अभूतपूर्व सहयोग किया है तथा भविष्य में भी आप सभी से नगर पंचायत अनपरा सहायोग की अपेक्षा करती है।

1 पर्यावरण को बचायें।
2 अपने आस-पास साफ-सफाई रखें एवं कूड़े को कूड़ेदान में ही डाले तथा नगर पंचायत अनपरा को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना सहयोग करें।
3 स्वच्छ जल का सेवन करें।
4 मार्ग प्रकाश के किसी भी बिन्दुओं को क्षति ना पहुचायें।
5 खुले में शौच ना करें।
6 स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अपना सक्रिय योगदान कर नगर पंचायत अनपरा को प्रथम वरियता प्राप्त करने में अपना सहयोग करें।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत अनपरा, सोनभद्र | समस्त सभासद, नगर पंचायत अनपरा, सोनभद्र | अध्यक्ष, नगर पंचायत अनपरा, सोनभद्र

पत्रांक: 605/न.प.अ./2024-25/दिनांक:- 25/01/2025